CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 20 अगस्त 2023

वर्ष - 33 | अंक - 112 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :- bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

मड़ई
- कलकल लोक जग पावनि गंगा पृष्ठ 4

- आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी दौरे ने कुवैत और बहरीन को रोशन किया
- दो स्वर्ण और तीन कांस्य के साथ भारत ने किया विश्व कप अभियान का समापन पृष्ठ 10

देश विदेश
- बुशरा बीबीने जताई आशंका-इमरान को जेल में जहर दिया जा सकता है
- अमेरिका, द. कोरिया, जापान साझा खतरे की स्थिति में एक दूसरे से करेंगे बात
- भारत में बना जी-20 बैठकों का कीर्तिमान : हरदीप पुरी पृष्ठ 9

## सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात हाईकोर्ट को लगाई फटकार

# दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की याचिका टालने पर जताई नाराजगी

**न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना व न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने की 'विशेष सुनवाई**

- हाई कोर्ट ने 12 दिनों तक टाल दी थी याचिका
- 23 अगस्त को 28 सप्ताह की हो जाएगी गर्भावस्था

**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता की गर्भपात कराने की उसकी याचिका को 12 दिनों तक टालने पर गुजरात उच्च न्यायालय की शनिवार को कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए। गुजरात उच्च न्यायालय में सुनवाई टालने का आदेश 17 अगस्त को पारित किया गया था।

**नवीनतम स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा**

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने गुजरात के एक मामले में 'विशेष सुनवाई' करते हुए भ्रूण को हटाने की संभावना का पता लगाने के लिए भ्रूच के एक मेडिकल बोर्ड से एक नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। पीठ ने



> ऐसे मामले में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं, बल्कि तत्परतापूर्वक निपटा जाना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

कहा कि वह इस मामले में सोमवार को अगली सुनवाई कर इस मसले पर विचार करेगी। पीड़िता के अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष कहा कि उच्च न्यायालय ने मामले की तारीख 23 अगस्त तय की है, जिससे उसकी गर्भावस्था 28 सप्ताह की हो जाएगी। अधिवक्ता ने हालांकि कहा कि, याचिका सात अगस्त को दायर कई और 11 अगस्त को सुनवाई हुई थी। उन्होंने शीर्ष अदालत के समक्ष यह भी कहा कि याचिकाकर्ता महिला को चार अगस्त को अपनी गर्भावस्था के बारे में ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## आरटीआई के तहत सूचनाएं प्रदान करने को कहा केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को जारी किया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सूचना आयोगों को निर्देश जारी कर कहा है कि वे यह तय करें कि सार्वजनिक अधिकारी आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाओं को प्रदान करें। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जे.बी. पारदीवाला की पीठ ने केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को आरटीआई अधिनियम की धारा 4 के अधिदेश के कार्यान्वयन की निरंतर निगरानी करने का निर्देश दिया। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक प्राधिकरण स्वत: संज्ञान लेकर सूचना का खुलासा करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। जनता नियमित अंतराल पर इंटरनेट और ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे : भूपेश

**करकाभाट में आयोजित संकल्प शिविर में पहुंचे मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं को दिलाया संकल्प**



**बालोद**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को बालोद जिले के संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करकाभाट पहुंचे यहां वे विधानसभा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किए। बालोद पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया जिसके बाद हजारों कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री ने संकल्प दिलाया संकल्प में उन्होंने कहा की हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे पार्टी से जिसे भी प्रत्याशी बनाया जाएगा उसको विजयी बनाने के लिए हमेशा कार्य करेंगे इस दौरान संगीता सिन्हा ने कविता सुनाई तो मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए बनारस के किसानों की तुलना में छत्तीसगढ़ के किसानों को 2100 रुपए क्विंटल के साथ खुशहाल बताया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मतदान के अधिकार से लेकर महिलाओं का अधिकार, महिलाओं को संपत्ति रखने का अधिकार नहीं था धान का समर्थन मूल्य इंदिरा के समय आया। बैंक में आम जनता को ले जाने का काम इंदिरा जी ने किया जब भी कांग्रेस को मौका मिला आम जनता को मजबूत बनाने का काम किया। केन्द्र ने चांवल खरीदने से मना किया तो हमने चांवल की नीलामी की प्रति क्विंटल 600 से लेकर 700 तक का नुकसान हुआ उन्होने कहा हमने समय समय पर बोनस दिया और उन्होंने कहा कल 20 अगस्त को 12 बजे बटन दबाऊंगा फिर पैसा जाएगा किसानों की मांग पर हमने 20क्विंटल धान खरीदने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यहां पर हम 2100 रुपए क्विंटल में धान खरीद रहे हैं और एक तरफमोदी जी बनारस से चुनाव लड़ते हैं वहां तो किसान 1200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान बेचते हैं अब बताइए मोदी के क्षेत्र की जनता खुश है या हमारे छत्तीसगढ़ की। वो तो प्रधानमंत्री हैं हमने उनसे बेहतर काम किया उन्होंने केवल अफ्वाह फैलाने का ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## मुख्यमंत्री को काला झंडा दिखवाने जा रहे भाजयुमो कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कांग्रेस की किसान संकल्प शिविर के विधानसभा संजारी बालोद में आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भाजयुमो जिलाध्यक्ष आदित्य सिंह पीपरे के मार्गदर्शन में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन और काला झंडा दिखाते हुए भूपेश बघेल वापस जाओ के नारे लगाए। पुलिस प्रशासन ने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल से पहले ही रोककर बलपूर्वक हिरासत में ले लिया। विरोध प्रदर्शन मे प्रीतम साहू पूर्व विधायक, नरेश साहू जिला मंत्री भाजपा, कौशल साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा, तेजराम साहू कोषाध्यक्ष गुरूर, भुवन साहू महामंत्री, प्रह्लाद साहू, सुरेंद्र तिवारी, आदित्य सिंह पीपरे जिलाध्यक्ष भाजयुमो बालोद, खेमलाल देवांगन महामंत्री भाजयुमो, तुकेश्वर पांडे मंत्री भाजपा किसान मोर्चा, ढंगू हिरवानी पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष, संजय साहू एवम घनेंद्र ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### रतन टाटा को महाराष्ट्र सरकार से 'उद्योग रत्न' पुरस्कार मिला

**मुंबई**। भारत के दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को शनिवार को 'उद्योग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने दिया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में टाटा के अहम योगदान पर प्रकाश डाला गया।

### मानवाधिकार आयोग ने कश्मीर के मुख्य सचिव को किया तलब

**श्रीनगर**। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद से पीड़ित की याचिका पर अगले महीने आयोग के समक्ष पेश होने के लिए जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव को समन जारी किया है। आयोग की ओर से एनएचआरसी के सहायक रजिस्ट्रार (कानून) देबिंद्र कुंद्रा ने नोटिस जारी किया। वर्ष 2020 में प्रसिद्ध कश्मीरी पंडित लेखक और कवि सर्वानंद कौल प्रेमी के पुत्र राजिंदर प्रेमी ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी अप्रैल 1990 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। शिकायत प्रथम जम्मू-कश्मीर राज्य मानवाधिकार आयोग की डिवीजन बेंच के फैसले के कार्यान्वयन में देरी को लेकर, जम्मू-और कश्मीर राज्य में आतंकवाद प्रभावित परिवारों की दुर्दशा के प्रति सरकार की उदासीनता के संबंध में थी। आयोग ने पाया कि निर्देश के बावजूद प्रदेश के मुख्य सचिव अभी तक अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहे।

### ईडी ने 24 अगस्त को हेमंत सोरेन को बुलाया

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन हड़पने के एक मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 24 अगस्त को पेश होने के लिए बुलाया है। इससे पहले, सोरेन को 14 अगस्त को जांच में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्?होंने एजेंसी से और समय मांगा। इससे पहले अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री से ईडी के रांची कार्यालय में उनकी पत्नी समेत करीब 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। जमीन कब्जा मामले में ईडी ने एक आईएएस अधिकारी समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### एनएलएफटी के पांच उग्रवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**अगरतला**। बांग्लादेश में अपने ठिकानों से भागने के बाद प्रतिबंधित संगठन नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के पांच उग्रवादियों ने धलाई जिले में राज्य पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

# कर्मचारियों का नियमितीकरण, 300 यूनिट बिजली फ्री, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार समेत 10 गारंटी

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बिगुल फूंक दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 गारंटियों का ऐलान किया। दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर 300 यूनिट बिजली फ्री देने के अलावा बच्चों की अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य , बेरोजगारों को रोजगार की गारंटी का ऐलान किया। उन्होंने लोगों से अपील की एक बार आप पार्टी को मौका दो।

अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रायपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से जनता तक अपना संदेश पहुंचाने पहुंचे थे। अरविंद केजरीवाल 10 गारंटी देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को 24 घंटे बिजली और 300 यूनिट बिजली फ्री देने का वादा दिया। उन्होंने



**विस चुनाव के लिए आप का गारंटी कार्ड**

कहा कि महंगाई बढ़ गयी हैं आम आदमियों को घर चलाना मुश्किल हो रहा। लोग कहते हैं हम रेवड़ी बांट रहे हैं, पर हम जनता को राहत दे रहे। हमारी सरकार आ गई तो छत्तीसगढ़ में नवंबर तक बकाया बिजली बिल भी माफ होगा।

केजरीवाल ने कहा कि शिक्षा की गारंटी है। बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की गारंटी मेरी, परिवार का सदस्य बनकर अच्छी शिक्षा दिलवाऊंग। सरकारी स्कूल शानदार बनवा देंगे. प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को भी बंद करेंगे। स्वास्थ्य की गारंटी देते हुए केजरीवाल ने कहा कि 10 रुपये की क्रोशिन की दवाई भी मुफ्त मिलेगी। 20 लाख का ऑपरेशन भी हैं वो भी मुफ्त। चौथी गारंटी के तौर पर रोजगार की गारंटी दी। हर बेरोजगार के लिए नौकरी का भी इंतेजाम हम करेंगे। बेरोजगारी भत्ता 3000 रुपए महीना देंगे। बिना सिफारिश, बिना ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**कांग्रेस अध्यक्ष ने हवाई सफर पर मोदी सरकार को घेरा**

# उड़ान योजना का वादा भी निकला हवा-हवाई



**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की उड़ान योजना की हवा निकाल दी है। उन्होंने कैग (ऑडिटर एंड कंट्रोलर जनरल) की रिपोर्ट का हवाला दे दावा किया कि 93 फीसदी रूट पर उड़ान योजना काम ही नहीं कर रही है। बतादें कि केंद्र सरकार ने 21 अक्टूबर 2016 को उड़ान योजना शुरू की थी। इसमें टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में जनता को किफायती दरों पर हवाई सेवा उपलब्ध कराने की बता कही गई थी। खड़गे ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई यात्रा करने में सक्षम बनाने का वादा उनके अन्य सभी वादों की तरह पूरा नहीं हुआ है। यह कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि कैग ने खुलासा किया है। उडान योजना 93 फीसदी मार्गों पर काम नहीं कर पाई। यहां तक कि एयरलाइंस का स्वतंत्र ऑडिट भी नहीं कराया गया। बहुप्रचारित हेलीकॉप्टर सेवाएं भी ठप रहीं। उन्होंने तंज करते हुए कहाकि उड़ान नहीं मिली,बस झूंठ और जुमलों की बात है। अब ऐसी अक्षम सरकार को भारत माफ नहीं करेगा। इससे पहले कांग्रेस ने कैग की रिपोर्ट के हवाले से ही केद्र सरकार की बुनियादा ढांचा परियोजनाओं में घोटाले का आरोप लगाया था और इसकी जांच कराने के साथ ही जवाबदेही तय करने की मांग की गई थी।

# कांग्रेस की 27 उम्मीदवारों की पहली सूची छह सितंबर को होगी जारी

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस की पालिटिकल अफेयर कमेटी और पर्यवेक्षकों की बैठक में मिशन 2013 के लिए 75 पार का लक्ष्य तय किया गया। राजीव भवन में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल, पालिटिकल अफेयर कमेटी की अध्यक्ष कुमारी सैलजा, स्क्रिनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की मौजूदगी में हुई बैठक में चुनावी रणनीति पर मंथन किया गया।

बैठक में तय किया गया कि पहली सूची में 27 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा छह सितंबर को होगी। इसमें उन सीटों पर प्रत्याशी बनाया जाएगा, जिनकी जीतने की गारंटी है। कांग्रेस के उच्च पदस्थ सूत्रों



की मानें तो वेणुगोपाल ने साफ-साफ कहा है कि हमें किसी भी कीमत पर 75 सीट पर जीत दर्ज करनी है। पार्टी के नेता आत्म विश्वास में रहें, लेकिन अति आत्मविश्वास में न रहें।

- पहली सूची में होंगे जीतने वाले उम्मीदवार

किसी गुट या नेता के करीबी होने की जगह सिर्फ जीतने वालों को ही उम्मीदवार बनाया जाएगा। वर्तमान विधायकों के सीट बदलने पर भी रोक लगा दी गई है। वेणुगोपाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो विधायक सीट बदलने की बात करते हैं, उसकी टिकट काट दी जाए। किसी भी हाल में वर्तमान विधायकों की सीट नहीं बदली जाएगी। प्रदेश में करीब आठ विधायक और दो मंत्री अपनी सीट बदलने के लिए प्रयासरत हैं। ऐसे में वेणुगोपाल की सख्ती के बाद उनकी उम्मीद धाराशाही ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## राहुल गांधी 2 सितंबर को आएंगे रायपुर, युवाओं से करेंगे संवाद

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया, कांग्रेस नेता राहुल गांधी 2 सितंबर को रायपुर आएंगे। वे कांग्रेस के युवा मितान सम्मेलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम में राहुल गांधी छत्तीसगढ़ के युवाओं से संवाद करेंगे। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया, 8 सितम्बर को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी छत्तीसगढ़ दौरा तय हुआ है।

# सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड लेकर जाएगा 'आदित्य-एल1'

**चेन्नई**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। अगले कुछ दिनों में अंतरिक्ष की उड़ान भरने वाला भारत का पहला सौर अन्वेषण मिशन 'आदित्य-एल1 उपग्रह' सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड ले जाएगा। खास बात यह है कि यह सभी पेलोड देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में विकसित किए गए हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) ने कहा कि आदित्य-एल1 मिशन सूर्य का व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए सात वैज्ञानिक पेलोड का एक सूट ले जायेगा। इनमें सौर कोरोना और कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता का अध्ययन करने के लिए विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



- देश की ही विभिन्न प्रयोगशालाओं में किए गए विकसित
- सूर्य मिशन के लिए अगले कुछ दिनों में भरेगा उड़ान

**प्याज की कीमतों को लेकर सतर्क हुई सरकार**

## निर्यात पर लगा दी पाबंदियां

**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने देश से प्याज के निर्यात पर पाबंदियां लगा दी है। सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की उपलब्धता सुनिश्चित करने और इसकी कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए यह कदम उठाया है। इसके तहत प्याज के निर्यात पर 40 फीसदी का भारी-भरकम शुल्क लगा दिया गया है, जो इस साल के अंत तक प्रभावी रहने वाला है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लगाए गए शुल्क को लेकर शनिवार की शाम अधिसूचना जारी की। अधिसूचना में कहा गया कि सरकार ने प्याज के निर्यात पर 31 दिसंबर तक के लिए 40 फीसदी का शुल्क लगाने का निर्णय लिया है। सरकार ने प्याज के निर्यात पर यह पाबंदी ऐसे समय लगाई है, जब टमाटर के बाद प्याज के भाव आसमान छूने की आशंकाएं जताई जा रही थी। ऐसा कहा जा रहा था कि सितंबर से प्याज की कीमतें चढ़ने लगेंगी और आम लोगों को महंगाई के नए झटके देगी।

## राहुल ने लेह से पैंगोंग झील तक बाइक दौड़ाई



**लेह**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लद्दाख की यात्रा पर हैं। कांग्रेस नेता की बाइक राइड करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को लेह शहर से सुरम्य पैंगोंग झील तक अपनी केटीएम 390 ड्यूक बाइक दौड़ाई। इस दौरान राहुल गांधी का अंदाज एकदम अलग नजर आया। राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी किया। राहुल गांधी ने लिखा कि पैंगोंग झील जा रहा हूं। मेरे पिता कहा करते थे कि ये दुनिया की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। राहुल ने लेह, लद्दाख और पैंगोंगत्सो के हैशटैग का भी इस्तेमाल किया।

## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने 21वीं सदी के आधुनिक भारत की रखी आधारशिला : भूपेश

**रायपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 20 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। राजीव गांधी को याद करते हुए बघेल ने कहा है कि राजीव जी ने 21 वीं सदी के आधुनिक भारत की नींव रखी। देश में कम्प्यूटर क्रांति और सूचना क्रांति लाने का श्रेय राजीव जी को जाता है। कम्प्यूटर के जरिए शासकीय काम-काज में पारदर्शिता आई और ई-प्रशासन के माध्यम से आमजन तक शासकीय योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित हुई। वास्तव में राजीव जी आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभाली। उन्होंने देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए युवाओं को 18 साल में मतदान का अधिकार दिलाया। उन्होंने देश में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों को अधिकार संपन्न बनाने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया। राज्य सरकार द्वारा ''राजीव युवा मितान क्लब'' के जरिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में युवाओं को रचनात्मक सांस्कृतिक गतिविधियों खेल-कूद आदि से जोड़ा जा रहा है।

**सीमा विवाद** — *भारत व चीन में मेजर जनरल स्तर की हुई वार्ता*

# लद्दाख में गतिरोध दूर करने की हो रही कोशिश

- 14 अगस्त को हुई थी कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में गतिरोध दूर करने को दौलत बेग ओल्डी (डीबीओ) और चेसुल क्षेत्रों में मेजर जनरल स्तर की वार्ता की। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने किया। यहां लद्दाख के देपसांग स्थित मैदान और डेमचोक क्षेत्र में जारी गतिरोध को हल करने के लिए यह वार्ता आयोजित की गई थी।**

*सेना का कहना है कि बातचीत स्पष्ट और व्यावहारिक माहौल में हुई। दोनों पक्षों ने पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी के साथ शेष मुद्दों के समाधान पर सकारात्मक, रचनात्मक और गहन चर्चा की। नेतृत्व द्वारा प्रदान किए गए मार्गदर्शन के अनुरूप, उन्होंने खुले और दूरदर्शी तरीके से विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे पहले 14 अगस्त को भारतीय सेना और चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच कोर कमांडर-स्तरीय वार्ता हुई थी। सोमवार 14 अगस्त को दोनों देशों की बीच हुई कोर कमांडर स्तर की बातचीत का यह 19वां दौर था। इस वार्ता में पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले क्षेत्र में सैनिकों की वापसी और तनाव को कम करने पर चर्चा की गई। भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक क्षेत्र को लेकर चर्चा की। भारत व चीन के बीच हुई यह बैठक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के भारतीय हिस्से में चुशूल-मोल्डो सीमा बिंदु पर हुई। मई 2020 में गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों सेनाएं पैंगोंग त्सो, गोगरा और हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र के उत्तरी और दक्षिणी किनारों से विस्थापित हो गई हैं, लेकिन देपसांग के मैदानी क्षेत्र और डेमचोक में तनाव बना हुआ है। देपसांग और डेमचोक के संबंध में दोनों पक्ष कोई खास प्रगति करने में विफल रहे थे।*

***लगभग तीन साल से टकराव की स्थिति***

*लगभग तीन साल से यहां भारत और चीन की सेनाओं के बीच टकराव की स्थिति हैं। हालांकि इस दौरान दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों वापसी सुनिश्चित की है। इकसे बावजूद देपसांग और डेमचोक में अभी भी तनाव कायम है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) द्वारा पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर समझौतों का उल्लंघन करने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का उल्लंघन करने के बाद पूर्वी लद्दाख में तनाव पैदा होने के बाद कोर कमांडर स्तर की वार्ता 2020 में शुरू की गई थी। भारत ने डी-एस्केलेशन की मांग की है, इसमें सभी अतिरिक्त सैनिकों और उपकरणों को एलएसी के अग्रिम क्षेत्रों में अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति में वापस ले जाना शामिल है। लेकिन चीन की ओर से अभी तक इसके लिए कोई झुकाव नहीं दिखा है। वह मौजूदा होल्डिंग पोजीशन को नई यथास्थिति के रूप में मानना चाहता है।*

# कांग्रेस विधायक डॉ. ध्रुव सहित सरपंच संघ मरवाही के अध्यक्ष गजरूप सिंह सलाम ने जमा किया आवेदन





## 17 अगस्त से 23 अगस्त तक विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक कांग्रेसी दावेदारों को करना है आवेदन

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। आदिवासी सुरक्षित विधानसभा मरवाही क्षेत्र क्रमांक 24 के लिए कांग्रेसी दावेदारों ने टिकट हेतु अपनी दावेदारी आवेदन फॉर्म जमा करना शुरू कर दिया है इसी के तहत मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव तथा मरवाही सरपंच संघ के अध्यक्ष गजरूप सिंह सलाम सरपंच बगड़ी ने अपने अपने समर्थकों के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मरवाही पहुंचकर आवेदन जमा किया है।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों के लिए कांग्रेस पार्टी ने जो दिशा निर्देश जारी किए हैं उसके अनुसार चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पार्टी गाइडलाइन अनुसार 17 अगस्त से 23 अगस्त तक दावे द्वारों द्वारा पार्टी के निर्धारित प्रपत्र में अपनी दावेदारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करना है। इसी के तहत आज मरवाही विधायक डॉ के के धुव्र ने कांग्रेस ब्लॉक कार्यालय पहुचकर विधानसभा टिकट के लिए फार्म जमाकर की अपनी दावेदारी सुनिश्चित की। कांग्रेस विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर नरेंद्र राय कांग्रेस केविधायक अपने समर्थकों के प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बघेल हरीश राय सहित अनेक कांग्रेसी उनके साथ पहुंचे थे परंतु विधायक के खास समर्थक माने जाने वाले वे चेहरे नदारत थे जो कल तक उनके साथ साया की तरह साथ चलते थे। यहां पर उल्लेखनीय है कि बीते विधानसभा उपचुनाव में शासकीय डॉक्टर की नौकरी छोड़ कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले डॉक्टर के के ध्रुव छत्तीसगढ़ में रिकार्ड मतों से चुनाव जीत कर विधानसभा में पहुंचे है और अब आम चुनाव में पुन: दावेदारी की है। विधायक डॉक्टर के के ध्रुव ने मरवाही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बेचू अहिरेश को फार्म भरकर किया वही आज कांग्रेस की टिकट से मरवाही का विधायक बनने के इच्छुक दावेदारों में से एक प्रमुख नाम मरवाही सरपंच संघ अध्यक्ष गजरूप सिंह सलाम का है जो वर्तमान में ग्राम पंचायतबगड़ी के सरपंच है। गजरूप सिंह की पृष्ठभूमि कांग्रेसी है। कांग्रेस नेता गजरूप सिंग सलाम ने आज मरवाही विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष मरवाही श बेचू सिंग अहिरेश ,के पास मरवाही क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अपनी दावेदारी का फार्म जमा कर दिया है इस दौरान उनके साथ मरवाही विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता विशाल उरेती , सर्व आदिवासी समाज गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला अध्यक्ष दया वाकरे,चैन सिंग सरोता ,कुसाल सिंग उरेती ,जवाहर सिंग ,सुदर्सन सिंग ,अश्वनी सिंग ,अमृत ओट्टी ,जोहन सिंग ,कल्याण सिंग , सहित बड़ी संख्या में सरपंच गण उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस संगठन में हुए फेरबदल का दिखा असर

बीते 18 अगस्त को जिस तरह से जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेंड्रा मरवाही के अध्यक्ष मनोज गुप्ता को हटाया गया है इसका असर आज मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के आवेदन फॉर्म जमा करने के दौरान स्पष्ट दिखा। निमृत मान जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता सहित उनके साथ रहने वाले खास चेहरे आज मरवाही विधायक डॉक्टर के के ध्रुव के साथ कांग्रेस कमेटी मरवाही कार्यालय में नहीं दिखे। उल्लेखनीय है कि बीते 18 अगस्त को कोरबा में कांग्रेस कि छत्तीसगढ़ प्रभारी शैलजा के आगमन पर जो कुछ दिखा उसकी भी चर्चा मरवाही के राजनीतिक गलियारों में आम हो चुकी है वहीं तेजी से बदले राजनीतिक घटनाक्रम में कल 18 अगस्त को ही प्रदेश कांग्रेस संगठन से जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता को हटाकर युवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव को जिला कांग्रेस कमेटी गौरेला पेंड्रा मरवाही का अध्यक्ष बनाया गया है उसके बाद स्वभाविक रूप से संगठनात्मक फेरबदल का असर दिख रहा है। हालांकि यह बात उल्लेखनीय की की जिला कांग्रेस कमेटी के लंबे समय तक अध्यक्ष रहे मनोज गुप्ता को हटाया जाना अप्रत्याशित नहीं है। उनको हटाए जाने की चर्चा मरवाही विधानसभा उपचुनाव के दौरान ही होने लगी थी तथा एक बार तो दानी कुंडी में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम में स्वयं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उनके प्रति अपना रुख सार्वजनिक कर दिया था इसके बावजूद वे जिला कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बन रहे इसके बाद रायपुर में आयोजित एक कांग्रेस की हाई प्रोफाइल मीटिंग में भी मुख्यमंत्री ने तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम तथा अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारी की उपस्थिति में अपनी नाराजगी जताई थी इसके बाद मनोज गुप्ता का जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटना निश्चित हो गया था जो 18 अगस्त को फाइनल हुआ। बताया जाता है कि मनोज गुप्ता को एन विधानसभा चुनाव के 4 महीने पूर्व हटाए जाने का एक प्रमुख कारण कांग्रेस के आदिवासी नेताओं की नाराजगी भी रही है इसी के साथ पेंड्रा ब्लॉक के इंदिरा उद्यान के सामने बन रहे जिला कांग्रेस कमेटी का भवन का प्लिंथ लेवल से ऊपर ना जा पाना भी एक बड़ी वजह रही है।

बताया जाता है कि प्लिंथ लेवल तक बना हुआ आधा अधूरा जिला कांग्रेस कमेटी के भवन में हुई चंदा खोरी तथा उसके बावजूद भी भवन का इस तरह आधा अधूरा पड़ा रहने को कांग्रेस संगठन ने संज्ञान में लिया था। सूत्र तो यहां तक बताते हैं कि बीते 19 जून को पंडित माधव राव सप्रे की जयंती के दिन जब मुख्यमंत्री इंदिरा उद्यान पेंड्रा में प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करने आए थे तब कांग्रेस के एक बड़े नेता ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को वह आधा अधूरा भवन राह चलते दिखाया था जिसे मुख्यमंत्री काफी खिन्न दिखे थे इस जिला कांग्रेस कमेटी भवन का शिलान्यास स्वयं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने करते हुए आशा व्यक्त किया था कि यह भवन आम विधानसभा चुनाव के पूर्व बनकर खड़ा हो जाएगा परंतु ऐसा नहीं हो सका जबकि कांग्रेसका विधायक मरवाही से रिकॉर्ड मतों से चुनकर आया ।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**दुष्कर्म पीड़िता के गर्भपात की ...**

पता चला और उसने सात अगस्त को उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत की पीठ के समक्ष यह भी कहा कि इस मामले में उच्च न्यायालय का आदेश रिकॉर्ड पर भी उपलब्ध नहीं था। शीर्ष अदालत की पीठ ने उच्च न्यायालय का आदेश उपलब्ध नहीं होने की याचिकाकर्ता के वकील की बात पर कहा, अगर विवादित आदेश मौजूद ही नहीं है तो हम कोई आदेश कैसे पारित कर सकते हैं। इस मामले को स्थगित करने में मूल्यवान दिन बर्बाद हो गए हैं। देखिए, ऐसे मामलों में तात्कालिकता की भावना होनी चाहिए न कि उदासीन रवैया। हमें ऐसी टिप्पणियाँ करने के लिए खेद है।

**सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे**

हम इसे सोमवार को पहले मामले के रूप में सूचीबद्ध करेंगे। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि चूंकि कीमती समय पहले ही बर्बाद हो चुका है, इसलिए भ्रूच के मेडिकल बोर्ड से नई रिपोर्ट मांगी जा सकती है। न्यायमूर्ति नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को एक बार फिर से पूछताछ के लिए केएमसीआरआई के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश देते हैं और नवीनतम स्थिति रिपोर्ट कल रविवार शाम छह बजे तक इस अदालत में प्रस्तुत की जा सकती है।

**आरटीआई के तहत सूचनाएं ...**

अन्य माध्यमों का उपयोग कर रही है। इस तरह के प्रावधान को लागू करने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जानकारी उपलब्ध हो। आरटीआई कार्यकर्ता व वकील केसी जैन ने जनहित याचिका को शीर्ष अदालत के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले चार वर्षों में किए गए पारदर्शिता ऑडिट से पता चलता है कि खुलासे कानून के अनुसार नहीं किए गए।

**नफरत के बाजार में ...**

काम किया भाजपा कहती है गाय और राम पर दोनो केवल दिखावा है वो सेवा करना नहीं चाहते 35 किलो चांवल केवल छत्तीसगढ़ में मिल रहा है पहले छत्तीसगढ़ की चर्चा देश दुनिया में नक्सली हमले की होती थी अब चर्चा नरवा गरवा घुरवा बाड़ी कर्जमाफी की होती है। राजेश तिवारी ने कहा कि असली जो जिम्मेदारी होती है वो हमारे कार्यकर्ताओं की होती है उन्होंने पूरे प्रदेश में बालोद जिला का संगठन सबसे बेहतरीन रहा है यह अविभाजित दुर्ग जिले हिस्सा रहा इसका असर हमेशा देखने को मिला यहां पर इस बार हो दम देखने को मिला है उसका असर विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। हर बूथ में हम अभी से अगर काम शुरू कर दें तो चुनाव के समय 50 100 मतदाताओं को हम अपने साथ लेकर आ सकते हैं भाजपा की सरकार ने बिल्डिंग बनाए पर कांग्रेस सरेकार ने घर घर पैसे पहुंचाने का काम किया लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम किया है। ये चुनाव विधायक बनाने का नहीं है मुख्यमंत्री बनाने का नहीं है ये देश बचाने का काम है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि ये वो कार्यकर्ता हैं जिनके बदौलत हम विधायक बने हैं सरकार बनी है हमने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की एक टीम बनाई जो बेहद सक्रियता काम कर रहे हैं हम दौरा करते हैं पर हमारे बूथ के कार्यकर्ता गांव गांव गली गली हमारे सरकार की योजनाओं को जनता तक लेकर जाते हैं। विधायक संगीता ने इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सम्मान में एक कविता का गायन किया जिसमे सभी मौजूद कार्यकर्ताओं ने उनका साथ दिया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि इस बार पुन: कांग्रेस की सरकार बनानी है उन्होंने कहा इंसान को जब कोई नई जिम्मेदारी मिलती है उसके बाद एक अपने घर को जाते हैं पर मुख्यमंत्री ने सीधे कार्यालय पहुंचे और किसानों का कर्जा माफकिया। इस आयोजन में पीसीसी प्रदेश उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, तामेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री को काला झंडा...**

साहू उपाध्यक्ष भाजयुमो, चिंटू राजा साहू, धनंजय, मनीष साहू भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, मितेश साहू एवम अजेंद्र साहू मंडल महामंत्री, होमशंकर साहू मंडल ऊपाध्यक्ष, गजेंद्र महामल्ला मंत्री, पूरब देवांगन भाजयुमो, रूपेश रावते, अजय साहू, डा धर्मेंद्र साहू, कुबेर साहू, कुंदन साहू, प्रमोद सिन्हा, राजेंद्र साहू, रवि साहू, प्रभुल्ला दुबे, रेमन, अमन एवम अन्य भाजयुमो एवम भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

**कर्मचारियों का नियमितीकरण...**

रिश्वत दिए अब सरकारी नौकरी देंगे। पांचवी गारंटी के तौर पर महिलाओं के लिए गारंटी देते हुए कहा कि 18 साल से ऊपर की महिला को हर महीने 1000-1000 रुपये जेब में डालेंगे। पैसे रहेंगे तभी तो महिला सशक्तिकरण होगा।छठवीं गारंटी के तौर पर तीर्थयात्रा की गारंटी देते हुए कहा कि 12 स्थानों पर आना-जाना और रहना सब फ्री होगा।जेब से एक नया पैसा खर्च नही करना पड़ेगा, मौका मिला तो छत्तीसगढ़ के बुजुर्गों को भी तीर्थयात्रा कराएंगे। केजरीवाल ने भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसगढ़ की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे। ऐसा कानून बनाएंगे सरकारी कामकाज के लिए जाना ही नही पड़ेगा, अफसर घर आएंगे आपका काम करने।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का पुलिस, जवान कही भी शहीद होता हैं तो उसे करोड़ दिया जाएगा। अनियमित कर्मचारियों के नियमितिकरण का वायदा दिया। उन्होंने दसवी गारंटी किसानों और आदिवासियों के लिए की, लेकिन इसके लिए दोबारा आने तक इंतजार करने की बात कही।अगली सभा में इसी मुद्दे पर बात करेंगे. केजरीवाल के पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भारत की राजनीति में पहले मेनिफेस्टो जारी करते थे। जनता को पता ही नही होता था मेनिफेस्टो क्या हैं? पार्टियां मेनिफेस्टो में झूठ बोलती थीं। लेकिन आम आदमी पार्टी नई सोच लेकर आई।हम मेनिफेस्टो जारी नही करेंगे हम वादे नहीं करेंगे, हम गारंटी देंगे।

**कांग्रेस की 27 उम्मीदवारों की...**

होती नजर आ रही है।करीब साढ़े तीन घंटे चली बैठक में उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा में केसी वेणुगोपाल ने कहा कि हमारा एक ही लक्ष्य है 75 सीट पर जीत। छत्तीसगढ़ में हमारे इस टारगेट को लेकर हमने चिंतन किया, प्लान किया, हम जीतेंगे। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने भी कहा कि हर रिपोर्ट में हमें 75 प्लस सीटें मिल रही है। भले ही वह रिपोर्ट विपक्ष की हो और वह इस तथ्य को छिपा रहे हों।

**पहली सूची में होंगे जीतने वाले उम्मीदवार**

टिकट वितरण को लेकर कुमारी सैलजा ने कहा कि ब्लाक स्तर पर दावेदारों का आवेदन लिया जा रहा है। 31 अगस्त तक जिला कांग्रेस कमेटी नामों का पैनल पीसीसी को देगी। तीन सितंबर को प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होगी। चार सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग होगी, यहां से केंद्रीय चुनाव समिति को अनुशंसा भेजी जाएगी। छह सितंबर तक पहली सूची जारी कर दी जाएगी। सैलजा ने भाजपा की पहली सूची को लेकर तंज कसा कि उनकी सूची में हारने वालों को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस की पहली सूची में जीतने वालों का नाम शामिल होगा।

**सात तरह के वैज्ञानिक पेलोड...**

(वीईएलसी), अल्ट्रा-वायलेट (यूवी) के निकट सौर प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की तस्वीरें लेने तथा यूवी के निकट सौर विकिरण भिन्नता को भी मापने के लिए सौर अल्ट्रा-वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) पेलोड है। जबकि सौर पवन और उनका ऊर्जा वितरण का अध्ययन करने के लिए आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एएसपीईएक्स) और प्लाज़्मा एनालाइज़र पैकेज फॉर आदित्य (पीएपीए)पेलोड हैं। इसी तरह ऊर्जा रेंज में सूर्य से आने वाली एक्स-रे फ्लेयर्स का अध्ययन करने के लिए सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एसओएलइएक्सएस) और हाई एनर्जी एल-1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर विस्तृत एक्स-रे हैं। अंतरग्रहीय चुंबकीय क्षेत्र को मापने के लिए सक्षम मैग्नेटोमीटर पेलोड लगा है। आदित्य-एल1 के सभी वैज्ञानिक पेलोड देश में विभिन्न प्रयोगशालाओं द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किए गए हैं। वीईएलसी उपकरण भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान, बैंगलोर में विकसित किया गया है, एसयूआईटी उपकरण इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे में ,जबकि भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद ने एएसपीईएक्स उपकरण बनाया है जबकि अंतरिक्ष भौतिकी प्रयोगशाला, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने पीएपीए पेलोड विकसित किया है। सभी पेलोड इसरो के विभिन्न केंद्रों के निकट सहयोग से विकसित किए गए हैं।

**अन्य आकाशगंगाओं के बारे में मिलेगी जानकारी**

इसरो ने कहा कि सूर्य सबसे निकटतम तारा है और इसलिए अन्य तारों की तुलना में इसका अधिक विस्तार से अध्ययन किया जा सकता है। उसने कहा, सूर्य का अध्ययन करके हम अपनी आकाशगंगा के तारों के साथ-साथ विभिन्न अन्य आकाशगंगाओं के तारों के बारे में भी बहुत कुछ जान सकते हैं। इसरो ने कहा, सूर्य एक बहुत ही गतिशील तारा है और जितना हमें दिखाई देता है उससे कहीं अधिक फैला हुआ है।

### स्कूलों में ग्राउण्ड व संसाधन न होने से खेलकूद का आयोजन नहीं

**तखतपुर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शनिवार का दिन बच्चों के खेलकूद के लिए सुरक्षित रखा पर स्कूलों में ग्राउण्ड न होने और संसाधन न होने के कारण स्पोटर्स के आयोजन नही हो रहे है जिसके कारण स्कूलों में बच्चों में ओलम्पिक खेल के प्रति रूची नही है।

प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों में खेलकूद के प्रति जागरूकता हो इसके लिए शनिवार का दिन सुरक्षित किया हुआ है। और शनिवार के दिन स्कूल में सुबह कक्षाएं लगती है। जिसमें खेलकूद का आयोजन होना है सरकारी स्कूलों में खेल के लिए संसाधन न होने के कारण और स्कूलों में खेलकूद के लिए पर्याप्त खेल मैदान न होने के कारण शासन की इस योजना का भी पालन नही हो रहा है। शासन द्वारा स्कूलों में खेलकूद हो इसके लिए प्रदेश सरकार के द्वारा स्वयं खरीदी कर स्कूलों में कैमरबोर्ड, फुडबाल, बाली बाल, बैडमिंटन, लूड़ों, क्रिकेट कीट, रिंग सहित अन्य सामाग्री भी भेजी है पर ये सामाग्री स्कूलों के आलमारी में शोभा दे रही है ।

**NECC**

| 20.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.38 | 70 | 155 |
| चिल्हर | 5.50 | 85 | 180 |

डिलीवरी 4.53 सैकड़ा
दर्जन अंडा 66 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

प्रोफार्मा 10—01

**सार्वजनिक अधिसूचना**

एतेतद्वारा यह सूचित किया जाता है कि 25,000 वॉल्ट 50 Hz दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत परिसर में स्थापित सभी रेलवे लाईन उपयोगकर्ताओं को ए.सी. ओवरहेड कर्षण वायर का **25.08.2023** में क्रियाशीलन किया जाएगा और यह भी सूचित किया जाता है कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति इस परिसर में कार्य करने या आने-जाने के लिए वर्जित किया जाता है।

| अनुच्छेद | विभाग | क्रियाशीलन की तारीख |
|---|---|---|
| गतौरा रेलवे स्टेशन से टेक ऑफ होने वाली एनटीपीसी सीपत प्राइवेट साईडिंग | द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर | 25.08.2023 |

के पारंपरिक प्रकार के ओवर हेड कर्षण वायर को 25 केव्ही ए.सी. सिंगल फेज़ 50 हट्र्ज़ द्वारा ऊर्जाकरण किया जा रहा है। जो एनटीपीसी सीपत इन-प्लांट यार्ड लोकेशन संख्या SSTPP/8/13/1, चैनेज 8/816.00 से लोकेशन संख्या SSTPP/9/80, चैनेज 9/1495.30 (3.673 किमी) लाईन संख्या 2 एवं 3 के साथ फीडर लाईन जो गतौरा स्टेशन के पास से टेक ऑफ लोकेशन संख्या SSTPP/F-1 चैनेज संख्या **646.33** से लोकेशन SSTPP/F-6 चैनेज संख्या **898.33 (252 मीटर)** और नए सीपत एसएसपी लोकेशन संख्या 9/3 चैनेज़ 9/411.40 के साथ गतौरा एसएसपी का मॉडिफिकेशन 25 केव्ही सीबी, एक लाइटनिंग अरेस्टर एवं एक 25 केव्ही पोटेन्शियल ट्रांसफार्मर आदि को समर्पित करते हैं जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधीन है।

प्रोफार्मा 10—02

**ए.सी. 25 केव्ही कर्षण को चालू करना सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी**

रोड पर आवागमन करने वाले सभी लोगों को सूचित किया जाता है, कि बिलासपुर डिवीजन के 25 केव्ही विद्युतीकृत रेल लाईन के समपार फाटक में हाईट गेज़ की ऊँचाई 4.78 मीटर क्लीयरेन्स के साथ लगा हुआ है। क्योंकि इससे अधिक ऊँचाई होने से 25 केव्ही लाईव ओएचई के संपर्क में आ जायेगा जो कि सुरक्षा एवं संरक्षा दोनों के लिए खतरनाक है।

व्हीकल चालक एवं पब्लिक को सूचित किया जाता है, कि वाहनों की लोडिंग करते समय हाईट गेज़ की ऊँचाई 4.76 मीटर से कम रखें एवं ध्यान रखें कि किसी भी परिस्थिति में हाईट गेज से नहीं टकरायें।

अधिक ऊँचाई लोड होने से निम्नलिखित खतरा है :-

1. अधिक ऊँचाई से रोड व्हीकल एवं रेलवे लाईन दोनों के परिचालन में बाधा होगी।
2. रोड वाहन में रखे सामान एवं वाहन दोनों को क्षति पहुँच सकती है।
3. वाहन में रखे सामान 25 केव्ही संपर्क तार के समीप आ जाने से वाहन में आग लगने और जीवन का जोखिम है।

| अनुच्छेद | विभाग | क्रियाशीलन की तारीख |
|---|---|---|
| गतौरा रेलवे स्टेशन से टेक ऑफ होने वाली एनटीपीसी सीपत प्राइवेट साईडिंग | द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर | 25.08.2023 |

के पास लेवल क्रॉस्सिंग का ओएचई पारंपरिक प्रकार के ओवर हेड कर्षण वायर को 25 केव्ही ए.सी. सिंगल फेज़ 50 हट्र्ज़ द्वारा ऊर्जाकरण किया जा रहा है। जो एनटीपीसी सीपत इन-प्लांट यार्ड लोकेशन संख्या SSTPP/8/13/1, चैनेज 8/816.00 से लोकेशन संख्या SSTPP/9/80, चैनेज 9/1495.30 (3.673 किमी) लाईन संख्या 2 एवं 3 को समर्पित करते हैं जो दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधीन है।

| लेवल क्रॉसिंग गेट संख्या | अनुच्छेद | OHE खंभा संख्या से | OHE खंभा संख्या तक | चैनेज संख्या | राज्य |
|---|---|---|---|---|---|
| LC-1 (Janji Gate) | NTPC-SIPAT | SSTPP/9/22 | SSTPP/9/25 | 9/358 & 9/341 | CG |
| LC-2 (Deori Gate) | NTPC-SIPAT | SSTPP/8/14 | SSTPP/8/15 | 8/909 & 8/903 | CG |

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी)
सीपीआर/10/198 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail



**शुद्धि पत्र क्रमांक 03 एवं 04**

इस कार्यालय के निविदा क्रमांक 18 दिनांक 21.07.2023 में शुद्धि पत्र क्रमांक 03 एवं निविदा क्रमांक 19 दिनांक 21.07.2023 में शुद्धि पत्र क्रमांक 04 अपरिहार्य कारणों से समय सारिणी में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

समय सारिणी –

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 29.08.2023 समय सायं 5.30 बजे तक
2. कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि :- 05.09.2023 समय सायं 5.30 बजे तक
3. निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि/ समय :- (स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक) 12.09.2023 समय सायं 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/ समय :- 13.09.2023 समय सुबह 11:00 बजे से

निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

''हैण्डपंप संबंधी शिकायत टोल फ्री नं. 18002330008 पर दर्ज करावें''

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
जी- 04409/1 खण्ड- जांजगीर - चांपा (छ.ग.)



कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसी जनपद पंचायत नवागढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**आम सूचना**

कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसी जनपद पंचायत नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के शासकीय तालाबों को दस वर्षीय पट्टे पर देने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है। तालाब निम्न है – 1. गोपीसागर तालाब, 2. कन्हरी तालाब 3. बड़े तालाब।

आवेदक दिनांक 08.08.2023 से 22.08.2023 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कार्यालय ग्राम पंचायत, तुलसी में जमा कर सकते हैं।

दिनांक 07.08.2023

सचिव
ग्राम पंचायत तुलसी
जनपद पंचायत नवागढ़
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)



**संशोधन सूचना**

दैनिक देशबन्धु में छत्तीसगढ़ संवाद द्वारा जारी संवाद नं. 38045/1 (रूचि की अभिव्यक्ति संशोधित) सूचना दिनांक 12/08/2023 को प्रकाशित हुई है। जिसमें प्रस्ताव जमा करने की अंतिम संशोधित तिथि 24/08/2023 अपराह्न 05:00 बजे तक है। छपाई में दिनांक 24/08/2023 छप नहीं पाया है, जिसे सुधारकर पढ़ा जावे।



कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लो.नि.वि.संभाग पत्थलगांव, जिला- जशपुर (छ.ग.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक 2634/ NIT- 07/ 2023-2024 / व ले लि दिनांक: 17/08/2023

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – दिनांक 29/08/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 05/09/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- दिनांक 06/09/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750.00 रू.
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी ''द'' से ''अ'' तक

| NIT No. Tender No. | कार्य का नाम No.of Call |
|---|---|
| | कार्य का अनुमानित लागत (लाख में)/ अमानत राशि (रू. में) / बैंक साल्वेंसी (रू.में)/ कार्य की अवधि |
| 07 T0026 | लोनिवि उपसंभाग क्र. 01 पत्थलगांव अंतर्गत ज्यूडिशियल भवनों में साधारण मरम्मत का कार्य। 10.00 लाख/ 7500.00 रू./ 150000.00 रू./ 03 माह वर्षाऋतु सहित। |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in./pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
जी- 04408/1 लो.नि.वि.संभाग पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)



न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क/ तह./ वाचक / 2023
बिलासपुर, दिनांक 02/08/2023

ग्राम लिंगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 15/285 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि की नामांतरण फौती के आधार पर किये जाने के लिए श्री सरजम भोसले आ. गणेश भोसले निवासी नया सरकण्डा बिलासपुर द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.08.2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दिनांक 02/08/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)



न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/ क/ तह./ वाचक / 2023
बिलासपुर, दिनांक 02/08/2023

ग्राम चिल्हाटी के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम चिल्हाटी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 224/ 596 में से रकबा 1240 वर्गफुट भूमि की नामांतरण विक्रय विलेख / फौती/ वसीयतनामा/ दानपत्र के आधार पर किये जाने के लिए श्री मनोज कुमार आ. बाल्मिकी सिंह निवासी सुभाष चौक हर्रख द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21.08.2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दिनांक 02/08/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)



न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील व जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ 597/ ना.तह./ वाचक / 2023 बिलासपुर, दिनांक 17/08/2023
पक्षकार – पल्लवी श्री दास विरूद्ध संजय कुमार दास
मौजा – देवरीखुर्द प.ह.नं. 43

ग्राम / मौजा- देवरीखुर्द प.ह.नं. 43 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पल्लवी श्री दास पति प्रशांत कुमार दास निवासी- तोरवा बिलासपुर, तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा देवरीखुर्द प.ह.नं.- 43, तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 150/1/न रकबा 0.0120 हे. भूमि को अनावेदक संजय कुमार दास पिता सुनील कुमार दास निवासी- देवरीखुर्द बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय पत्र क्र. 1851 दिनांक 17.05.2023 को क्रय कर न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर से CT20222340010940026 दिनांक 31.07.2023 को आवेदक के नाम पर नामांतरण करा लिया गया था। उक्त आदेश का पालन नहीं होने से वर्तमान राजस्व अभिलेख में अनावेदक का नाम दर्ज चला आ आ रहा है।

आवेदक आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेख में अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु अंतर्गत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत् आवेदन पत्र पेश किया गया है, जो न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)बिलासपुर से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 31.08.2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।

आज दिनांक 17/08/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

सील नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)



कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण मण्डल, रायगढ़

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना आमंत्रण**

**Main portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सूचना क्र. एवं दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनु. लागत (रूपये लाखों में) | निविदा डाउन लोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 102/ सा. दिनांक 17.08.2023 | 144697 | जिला कोरबा में निर्मित सेतुओं के साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम-आमंत्रण) | 25.19 लाख | 31-08-2023 05:30 P.M. |
| 02. | 103/ सा. दिनांक 17.08.2023 | 144698 | जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती में निर्मित पुलों एवं पहुंच मार्गों के साधारण मरम्मत कार्य। (द्वितीय-आमंत्रण) | 28.40 लाख | 31-08-2023 05:30 P.M. |
| 03. | 104/ सा. दिनांक 17.08.2023 | 144699 | जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती में निर्मित पुलों के क्षतिग्रस्त एक्पांशन ज्वाइंट एवं वियरिंग मरम्मत का कार्य। (द्वितीय-आमंत्रण) | 66.25 लाख | 31-08-2023 05:30 P.M. |
| 04. | 105/ सा. दिनांक 17.08.2023 | 144705 | जिला जांजगीर-चांपा एवं सक्ती में निर्मित पुलों के क्षतिग्रस्त वियरिंग कोट के डामरीकरण द्वारा मरम्मत कार्य। (द्वितीय-आमंत्रण) | 47.90 लाख | 31-08-2023 05:30 P.M. |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता,
जी- 04371/2 लो.नि.वि.सेतु मण्डल, रायगढ़ छ.ग.

## हाना

दूध के जरे ह महि ल फूंक के पीथे।
कोनो काम म नुकसान होय ले मनखे ह दूसर काम ल नुकसान होय के डर में सावधानी ले करथे तेखर बर ये कहावत ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. चिपचिपहा- पसीना, धूल धुआं या आंखी के मैल के कारण दृष्टि के धुंधलाने जैसा, चिपचिपा युक्त, लसदार।
2. चिपचिपाना- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद आने के कारण चिपचिपा लगना
3. चिपचिपाल- पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि धुंधलाया हुआ। चिपचिपाहटपन लिया हुआ
4. चिपचिपासी- अधिक जागरण या थकावट के कारण नींद लगने की क्रिया या भाव। पसीना, धूल, धुआं या आंख के मैल के कारण दृष्टि मिचमिचाने की क्रिया या भाव।
5. चिपटइया- पुड़िया बनाने वाला, संचित करने वाला।
6. चिपटई- पुड़िया बनाने या संचित करने की क्रिया या भाव
7. चिपटउनी- पुड़िया बनाने यांचित करने अथवा करवाने का खर्च या पारिश्रमिक
8. चिपटना-पुड़िया बनाना, संचित करना।
9. चिपटल- पुड़िया बना हुआ, संचित किया हुआ
10. चिपटहा- चिपटल।

# नागपंचमी के दंगल गायब

आजकल नागपंचमी आथे अउ चल देथे पता भी नइ चलय के कुछु तिहार आये। पहिली नाग पंचमी के पहिली ले ही पहलवान मन तैयारी करंय। जगह तय राहय। देखने वाला मन के भीड़ सकला जावय। आज कोई जगह न पहलवान दिखय अउ न दंगल के जगह दिखय।

प्राथमिक स्कूल के लइकामन अपन स्लेट म पेंसिल ले नाग सांप के फोटो बना के लेगंय। स्कूल म ब्लेकबोर्ड म शिक्षक मन नाग सांप के चित्र बनावंय अउ ओखर बाद पूजा होवय। अगरबत्ती फूल, दूध, दूबी अउ नारियल रखे जाये। सब लइकामन देखंय अउ शिक्षक ह बोर्ड म पूजा करय। ओखर बाद नारियल फोड़े जाये। सब लइका ल नारियल के प्रसाद मिलय। ओखर बाद छुट्टी हो जावय।

पौराणिक कथा के अनुसार जनमेजय अर्जुन के पौत्र राजा परीक्षित के पुत्र रहिस हे। जब जनमेजय ह पिता के मृत्यु सांप के काटे के कारण होही ये बात ल जानिस त ओ ह बदला लेय बर सर्पसत्र नाव के यज्ञ करवाये बर सोचिस। नाग मन के रक्षा बर यज्ञ ल ऋषि आस्तिक मुनि ह रोक दिस। ये यज्ञ श्रावण महिना के शुक्ल पक्ष के पंचमी के दिन रखे गे रहिस हे। यज्ञ रोके के कारण नाग मन के रक्षा होगे। तक्षक नाग के बचे के कारण नाग वंश बच गे। आग के ताप ले नाग ल बचाये बर ऋषि ह ओखर ऊपर कच्चा दूध डाल दे रहिस हे।। तब ले नागपंचमी मनाये जाथे। तब ले नाग देवता ल दूध चढ़ाये के परंपरा शुरू होइस।

नाग पंचमी के दिन जेन नाग देवता के सुरता करके पूजा करे जाथे उंखर नाव हे अनंत, वासुकी, पद्म, महापद्म, तक्षक, कुलीर, कर्कट, शंख, कालिया और पिंगल प्रमुख हे। ये दिन घर के दरवाजे म सांप के 8 आकृति बनाये के परंपरा हे। हल्दी, रोली, अक्षत और फूल चढ़ा के सर्प देवता के पूजा करें जाथे। कच्चा दूध म घी और शक्कर मिला के नाग देवता के सुरता करके रखे जाथे।

सांप दूध नइ पियय फेर दूध काबर रखथे येखर कारण इही आये के यज्ञ के अग्नि ले ओखर शरीर.गर्म हो जथे तेन ल दूध डाल के ठंडा करे रहिन हें। सांप के पूजा के एक कारण अउ आये ये ह कृषि म मदद करथे। चूहा मन ल खा के खेत के फसल ल बचाथे।

काशी म नाग पंचमी के दिन अखाड़ा म कुश्ती लड़े के अउ जोड़ी-गदा फेरे के परंपरा हावय। इंहा हर बछर नागपंचमी के दिन कुश्ती दंगल होथे। अब महिला मन भी भाग लेथे। नाग पंचमी अउ अखाड़ा के सीधा सम्बंध के पता नइये। फेर येखर ले नागपंचमी के दिन रौनक रहिथे।

**सुधा वर्मा**

# सकल लोक जग पावनि गंगा

चले राम लछिमन मुनि संगा।
गए जहां जग पावनि गंगा।।

मोहो म परे खुरसी लोलुप देवराज इंद्र के इरखा जगजाहिर हे। गोठ त्रेताजुग के आय। राजा सगर हा पृथ्वी विजय के पाछू लोक मंगल के कामना करत जगा-जगा बड़े-बड़े यज्ञ करत रिहिस। एक महायज्ञ अश्वमेध के उदिम कर डरिस। इंद्र एला सुन के डर्रागे। ओकर मन म अपन कुर्सी जाय के आशंका हमागे। अश्वमेध यज्ञ के श्यामकरण घोड़ा ला चोरा के जंगल म तपस्या करत कपिल मुनि के आश्रम म कलेचुप लेग के बांध दिस।

राजा सगर के एक झन बाई केशी के बेटा असमंजस हा यज्ञ बेवस्था सम्हालत रिहिस त दूसर बाई सुमसि के साठ हजार बेटा मन अश्वरक्षा के भार सम्हालत रिहिस। घोड़ा के पीछू पीछू किंजरत महाराज सगर के बेटा मन यज्ञ के घोड़ा ला कपिल मुनि के आश्रम म बंधाये देख पारिन। अज्ञानता के सेती येमन कपिल मुनि ला उलटा सीधा कहत गारी गल्ला देवत ओकर बड़ अपमान करिन। सहत भर ले सहिस तहन कपिल मुनि हा श्राप दे दिस। राजा सगर के साठ हजार बेटा मन उही तिर जर के भस्म हो गिन। राजा सगर ला बहुत दुख होइस। शरणागत राजा अंशुमान हा सांख्य प्रणेता कपिल मुनि ला इंकर उद्धार के उपाय पूछिन। मुनि महराज बतइस- अनंत नाम रूप वाले भगवान विष्णु के चरणोदक गंगा ले ही भस्म होय तुंहर साठ हजार परिजन के उद्धार हो सकत हे। राजा सगर खुद अऊ ओकर पाछू के चार पीढ़ी असमंजस,अंशुमान, दिलीप अऊ भागीरथ हा भगवती गंगा ला कपिल मुनि के आश्रम तिर लाने बर घोर तप करिन। भगवान वामन के पांवतरी ले ब्रम्ह कमंडल म विश्राम करइया गंगा हा मानसरोवर म गनगन उतरिस... ओला सम्हाले के शक्ति अऊ काकरो म नइ रिहिस तब भगवान शिव ह अपन जटा म खुसेर लिस। शिव के जटा म गंगा अटकगे। जटा ले निकाले बर भागीरथ ह फेर घोर तपस्या म जुटगे। भगवान गंगाधर के आदेश मान के सकल लोक जग पावनि गंगा सर सर सर सर उतरे लगिस अऊ तीन धार म बंटा गिस। देवलोक म मंदाकिनी, पाताललोक म प्रभावती अऊ मृत्युलोक म सुरसरि गंगा नाव ले विख्यात होइस। विष्णुपदी गंगा के एक नाव भागीरथी गंगा घला हाबे। साठ हजार सगर पुत्र के उद्धार कर दिस भगवती गंगा हा। भारत के भुंइयां जेहा सुजलाम, सुफलाम शस्यश्यामला म हाबे तेहा माता गंगा के ही कृपा आय। भूख-प्यास, रोग-शोक आदि ब्याधि विनासिनी, पुण्य सलिला गंगाजी के शुभाशिर्वाद ओकर परछो पवइया ला जरूर मिलथे। अनगिनत जीव ला अपन धार के पवित्रता ले उद्धार कर दिस गंगा मइया हा।

विश्वामित्र जी के यज्ञ ला सम्पन्न कराये के पाछू यज्ञपुत्र लक्ष्मण के अग्रज राम हा जनक जी के धनुष यज्ञ देखे बर मिथिला के रद्दा म मुनि के आदेश ले चल परिस। राजकुमार मन के जिज्ञासा जान के विश्वामित्र जी हा सुरसरि गंगा के कथा बतावत किहिस के गंगा मइया हा भागीरथ के तपस्या ले धरती म उतरे हाबे-

चले राम लछिमन मुनि संगा
गए जहां जग पावनि गंगा
हिम गिरि गुहा एक अति पावनि
बह समीप सुरसरि सुहावनी
गाधिसून सब कथा सुनाई
जेहि प्रकार सुरसरि महि आई॥

महर्षि बाल्मिकी जी हा बनवासी राम ला गंगा अवतरण के कथा बतावत किहिस-अत्रि प्रिया अनुसुइया देवी हा अपन तपस्या के बल म सुरसरि के धार मंदाकिनी गंगा ला चित्रकूट तक ले आनिस। जेकर महिमा जम्मो गाथे-

नदी पुनीत पुरान बखानी
अत्रि प्रिया निज तप बल आनी
सुरसरि धार नाम मंदाकिनी
जो सब पातक पोतक डाकिनी
सब सर सिंधु नदी नद नाना
मंदाकिनी कर करहिं बखाना।

मंगलमूल जग पावनी गंगा ला धरती म अवतरण कराये बर अऊ प्रकटाये बर कतको साधक मन पुण्य स्पर्धा म लगे रिहिन। देवी गिरिजा के गंगावतरण के साधना उपक्रम इही तारतम्य म जाने लइक हे। महासती गिरिजा के विशेष आराधना ले जे गंगा प्रकट होइस तेकर नाव रामकथा जग पावनि गंगा हे। जेहा भगवान शंकर के मानस म रचे बसे रिहिस। श्रद्धा विश्वास संग तुलसीदास के उपासना सफल होइस अऊ राम कथा जग पावनि मानस गंगा के नाव ले धरती म आजो बोहावत हे। ये गंगा सबो के हितवा पिरितवा आय-

रचि महेश निज मानस राखा
पाइ सुखमय शिवा सम भाखा
पूछेउ रघुपति कथा प्रसंगा
सकल लोक जग पावनि गंगा
सोइ वसुधा तल सुधा तरंगिणी
साधु बिबुध कुल हित गिरिनंदिनी

तुलसीदास जी के विश्वास रिहिस। राम के कथा जेहा शिव मनमानस गंगा आय तेकर ले सबो के भला होही- सुरसरि सम सब कर हित होई। ये गंगा के बड़का मोटहा धार भक्ति आय - राम भक्ति जह सुरसरि धार। ये गंगा के लहर म साधक के मन हंस कस किलोल करत सुख पाथें-

कर्म ज्ञान भक्ति अऊ प्रेम के अनूठा उदाहरण ला राम कथा के संग लाने हे तुलसी दास जी हा। आज ओकरे सेती समाज म विद्वेष द्रोह ले मुक्त होय के सोंच काम करत हे। आध्यात्मिक ज्ञान अऊ भौतिक विज्ञान के उपयोग करइया समाज हमेशा सुखी अऊ समुन्नत रहिथे। विकासशील भारत ला इही ध्येय के तिर म अमराये के श्रेय मानस गंगा के भागीरथ तुलसीदास ला जाथे।

सेवक मन मानस मराल से,
पावन गंग तरंग माल से।

मनखे के मन के कलुष मेटा के ओकर हिरदे ला पवित्र करे के अद्भुत शक्ति हे महिमामयी लोकहितकारी श्रीराम कथा गंगा म। येहा जम्मो किसिम के आनंद मंगल देवइया घला आय। तुलसीदास जी कहिथे-मोर राम के कथा मंगल करनि कलिमल हरनि। आय संगे संग राम कथा हा कलुष निकंदिनी घला आय-

नदी पुनीत सुमानस नंदिनी
कलिमल तृन तरू मूल निकंदिनी
कथा सो सकल लोक हितकारी
जन मंगल गुन ग्राम राम के
सुनत सकल मुद मंगल देनी।।

विष्णु पदी भगीरथ गंगा तो मज्जन पान करे के पाछू पाप ला धोथे,लेकिन तुलसी के राम कथा गंगा हा कहे सुने अऊ मनन करे म मन के कसाय कलुष ला धो देथे। साधक ला उंकर अविवेक रूपी पाप ले मुक्त करा देथे-

देव दनुज किन्नर नर श्रेणी।
सादर मज्जहि सकल त्रिवेणी।।
मज्जन पान पाप हर एका कहत सुनत एक हर अविवेका।।

राजा सगर के भागीरथ के गंगा के दर्शन, मज्जन पान के पुण्य लाभ समय, धन शक्ति संग सामर्थ के योग बने म सम्भव होथे फेर हुलसी के भागीरथ तुलसी के मानस गंगा तो- सबहिं सुलभ सब दिन सब देसा आय। पुण्यभूमि भारत के एक निश्चित भुंइयां म बोहावत हे भागीरथ के गंगा हा फेर तुलसी के मानस गंगा हा दुनिया के चारों मुड़ा म प्रवाहित होवत हे।

भगवान शिव हा माता पार्वती ला देवभाखा म रामकथा ला सुनइन। संस्कृत वांगमय हा ज्ञानी अऊ परम विवेकी याज्ञवल्क अऊ भारद्वाज के बीच राम कथा कहे सुने के माध्यम रिहिस। महर्षि कागभुसुंड अऊ पक्षीराज गरूड़ के राम कथा गायन के अपन भाखा रिहिस। खग जाने खग की ही भाषा। मतलब ये के देवता मुनि चिरई चिरगुन के भाखा हा जनोपयोगी सुगम बोध नइ रिहिस। फेर तुलसी दास हा भारत भुंइया के गांव म प्रचलित व्यवहरित ग्राम्य गिरा माने गांव के बोली-भाखा म राम कथा लेखन अऊ गायन करिन। तेकर सेती तुलसी के राम कथा गंगा हा झोपड़ी ले महल तक अपढ़ ले पढ़े-लिखे तक गांव ले शहर तक जंगल ले मैदान तक सबो ला पावन करत हे।

तइहा तइहा ले चले आवत वर्ग, वर्ण, जात - पात सम्प्रदाय के बीच म सामंजस्य के अभाव आजो दिखथे। मतभेद के सेती सबो आपस म झगरत रहिथन। फेर वर्तमान जुग के दुरभि संधि म निर्विघ्न अऊ सकुशल निभे निभाये बर सरलतम संकेत दे हाबे तुलसी दास जी हा। कर्म ज्ञान भक्ति अऊ प्रेम के अनूठा उदाहरण ला राम कथा के संग लाने हे तुलसी दास जी हा। आज ओकरे सेती समाज म विद्वेष द्रोह ले मुक्त होय के सोंच काम करत हे। आध्यात्मिक ज्ञान अऊ भौतिक विज्ञान के उपयोग करइया समाज हमेशा सुखी अऊ समुन्नत रहिथे। विकासशील भारत ला इही ध्येय के तिर म अमराये के श्रेय मानस गंगा के भागीरथ तुलसीदास ला जाथे।

**गजानंद प्रसाद देवांगन , छुरा .**

# छत्तीसगढ़ म पत्रकारिता के पुरोधा स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी

पुरखा के सुरता

आज के नवा छत्तीसगढ़ म पत्रकारिता के भीष्म पितामह के रूप म चिन्हारी रखइया पं. स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी जब बाइस बछर के रहिन हे तभे बछर 1942 म केशव प्रसाद वर्मा जी संग मिल के समाचार पत्र के संपादन शुरू करे रिहिन हे।

मोर जिनगी म जे मन लेखन के रद्दा म अंजोर बगरावत डहर देखाय के बड़का उदिम करीन वोमा त्रिवेदी जी के घलो बड़का सहयोग हे। वइसे तो मैं अपन लेखक अउ शिक्षक सियान रामचंद्र वर्मा ल घर म लिखत-पढ़त देख के कागज-कलम डहार चेत करेंव, फेर एमा ठोसहा बुता एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यालय म जाए के बाद ही होइस।

एक दिन मैं एक लेख लिखेंव जेला आदरणीय स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी ल देखाएंव। वोला देख के उन खुश होगे, अउ वोमा कुछ काट-छांट कर के दैनिक समाचार के संपादकीय वाले पृष्ठ म छाप दे रिहिन हें. ए ह मोर जीवन के पहला प्रकाशन रिहिसे।

फेर मैं कविता कहानी तो पहिलीच के लिखत रेहेंव, भले वो मन कभू छपे नइ रिहिसे। आदरणीय त्रिवेदी के द्वारा मोर लेख ल छापे के बाद थोरिक हिम्मत बाढ़ीस, त फेर वो बखत दैनिक समाचार म साहित्य संपादक के रूप म काम करत हमर अंचल के प्रसिद्ध व्यंग्यकार रहे विनोद शंकर शुक्ल जी ल अपन कविता अउ कहानी मनला देखाय लगेंव। आदरणीय शुक्ल जी घलो वोमन ल सुधार-सुधार के दैनिक समाचार के साहित्यिक अंक मन म छाप देवत रिहिन हें।

तब तक मैं हिंदी म ही लिखत रेहेंव। ए ह संयोग के संगे-संग मोर बर सौभाग्य के बात आय के वो बखत अखबार म स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी अउ विनोद शंकर शुक्ल जी के संगे-संग टिकेन्द्रनाथ टिकरिहा जी घलो संपादकीय विभाग म रिहिन हें। पत्रकारिता के क्षेत्र म मोला त्रिवेदी जी प्रोत्साहित करीन अउ साहित्य लेखन डहार शुक्ल जी त छत्तीसगढ़ी लेखन खातिर टिकरिहा जी। एकरे मन के संगत ह मोर जीवन म गुरुकुल के बुता करीस।

स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी के जनम 1 जुलाई बछर 1920 म होए रिहिसे। उंकर सियान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. गया चरण त्रिवेदी जी रिहिन। त्रिवेदी जी के प्राथमिक शिक्षा रायपुर के नयापारा स्कूल म होए रिहिसे। जेला हमन सप्रे स्कूल के नॉव ले जानथन, वो ह तब लारी स्कूल के नाव ले जाने जाय, जिहां त्रिवेदी जी हाईस्कूल के शिक्षा पाइन।

त्रिवेदी जी अपन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सियान ले प्रभावित होके नान्हे उमर ले ही देश के आजादी खातिर रेंगइया मन के रद्दा धर लिए रिहिन हें। बछर 1935 ले उन साहित्य अउ पत्रकारिता म सक्रिय होगे रिहिन हें। हिन्दी साहित्य मंडल रायपुर के साहित्यिक पत्रिका 'आलोक' के उन संपादक बनीन। एकर आगू बछर उनला कांग्रेस के पत्रिका के संपादक चुन लेय गे रिहिस। बछर 1942 म केशव प्रसाद वर्मा जी के संग मिल के अग्रदूत के संपादन करे लगिन।

बछर 1954 ले त्रिवेदी जी मध्यप्रदेश शासन के जनसंपर्क विभाग म चल दिए रिहिन, जिहां 1978 तक उच्चाधिकारी के रूप म बुता करत रिहिन। 1987 म शासकीय सेवा ले सेवानिवृत्त होए के पाछू फेर दैनिक समाचार म संपादक बनगे रिहिन अउ फेर अइसे किसम देखे जाय त त्रिवेदी जी अपन पूरा जिनगी कलम के साधना म मगन रिहिन। ए बखत उन पत्रकारिता के संगे-संग साहित्य सृजन घलो करत रिहिन। मैं उंकर कतकों कहानी अउ कविता मनला म पढ़त रेहेंव।

आदरणीय त्रिवेदी जी मोला गजब मया करंय। वइसे तो अखबार के कार्यालय म अबड़ झन कर्मचारी रेहेन। फेर उन सब मा मैं अकेल्ला रेहेंव जेकर संग उन छत्तीसगढ़ी भाखा म गोठियावंय। अइसने जब कभू अपन घर ले कोनो पत्र-पत्रिका आदि मंगवाना या पहुंचाना होवय, त मुहिच ल जोंगय। उंकर घर तब प्रेस ले पांच मिनट के रद्दा म ही रिहिस। बाद म मैं जानेंव, के उंकर बेटा के घलो नॉव मोरे असन 'सुशील' हावय। त मोला समझ आइस उंकर अतेक दुलार के कारण ह। आदरणीय त्रिवेदी जी के बेटा आज हमर छत्तीसगढ़ म वरिष्ठ साहित्यकार के रूप म प्रतिष्ठित हावंय- डॉ. सुशील त्रिवेदी जी, जे मन छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद ले सेवानिवृत्त होए हावंय। डॉ. त्रिवेदी जी संग घलो मोर मयारुक संबंध हे। उंकर संग जब कभू भेंट होथे त उन मोला नॉव ले के संबोधित नइ करंय, भलुक हमर छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार 'सहिनॉव' कहिथें।

स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी बछर 1935 ले ही साहित्य अउ पत्रकारिता के रद्दा म रेंगे लगे रहिन हें। 1935 म उन हिंदी साहित्य मंडल के गठन करे रिहिन हें। 1940 के दशक म हिंदी साहित्य सम्मेलन के साहित्य मंत्री रिहिन। वोमन हमर मन असन नवा पीढ़ी ल सरलग आगू बढ़े खातिर प्रोत्साहित करत रिहिन। बछर 1951 म हिंदी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन जबलपुर म होए रिहिसे, तब पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी जी ल अध्यक्ष अउ स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी ल प्रधानमंत्री चुने गे रिहिस।

स्वराज्य प्रसाद त्रिवेदी जी सरलग लिखत तो रिहिन हें, संग म छपत घलो रिहिन हें। कविता संग्रह के भूख, बरसों बाद भाषण के पौधे हरियाये, स्वराज गान अउ आदमी रहे न रहे बात रह जाती है, तीसरा किनारा आदि साहित्यिक कृति मन के प्रकाशन होय रिहिसे।

साहित्य अउ पत्रकारिता दूनों के रद्दा म त्रिवेदी जी के कलम जिनगी के अंतिम बेरा तक सरलग चलत रिहिसे। उन 11 जुलाई 2009 के ए नश्वर दुनिया ले बिदागरी ले के परमधाम के रद्दा धर लिए रिहिन हें। उंकर सुरता ल पैलगी जोहार।

**-सुशील भोले**
**संजय नगर रायपुर**

# धनिया बोना मुहावरा

सामान्य अर्थ के बोध नइ करा के विशेष अथवा विलक्षण अर्थ के बोध कराने वाला पदबन्ध ला मुहावरा कहिथे। मुहावरा भाषा में चमत्कार उत्पन्न करथे। देश,काल अउ वातावरण के अनुसार मुहावरा बनत रहिथे। अभी एक नवा मुहावरा प्रचलन म हवय- 'धनिया बोना'। सामान्य अर्थ मा धनिया बोये के मतलब धनिया के खेती करे ले हवय फेर मुहावरा के रूप मे प्रयोग करे ले धनिया बोये के कई अर्थ निकलथे। मुहावरा के रुप म येकर प्रयोग देखव -

रा ह लेले आवत हवं वोकर धनिया बोहूं ना तब समझ म आही (ऐसी तैसी करना)। सत्ता म आके 5 बछर ले इन खूब इतराय हे। ये दारी इंकर 'धनिया बोना' हावय (सबक सिखाना) अतका सुग्घर क्यारी बनाय रहेंव टूरा मन पूरा धनिया बो के धर दिस (तहस नहस करना)।

फसल कटने वाला रहिस फेर पानी गिरगे, गय गा धनिया बोवागे (खराब होगे) रेलवे वाले मन तो ट्रेन के धनिया बो दे हे (ट्रेन के कोई समय नइ हे) तोर कहूं धनिया नइ बोहूं ना ता तैं मोर नाम बदल लेबे।

**अजय अमृतांशु, भाटापारा**

# राजनीतिज्ञ के आत्मकथा

बियंग

मेंहा कुछु भी करथंव या कुछु भी गोठियाथंव। जम्मो झन मोला राजनीति करत हस कहिथे। मैं ह राजनेता अंव राजनीति नइ करिहंव त काय करहूं। न मोला कुदारी धरे ला आय न रापा कलम ह मोर हाथ म फबय निही। पढ़े-लिखे हंव फेर नौकरी लाइक योग्यता नइहे। अतके पढ़े हंव के दादागिरि,चमचागिरि, बईमानी अऊ धोखाधड़ी बहुत आसानी से कर लेथंव। चाहे जनता रोज कतको गारी बखाना करय। उंकर ले लुकाय अऊ तोपे बर जे करथंव तिहि ला लोगन राजनीति के नाव दे देथे। जनता अऊ पुलुस ले बांचे बर अऊ काय करवं? इंकर चक्कर ले निजात पाय बर तो राजनीति म खुसरेच ला परथे। अब तुंही मन बतावव अइसन बुता के पाछू राजनीति म नि रइहूं त पुलुस मोला धांध नइ दिही का? जनता मोला जियन दिही? सरी दुनिया हा अपन पेट बिगारी बर कुछ न कुछ करथे। महू ओकरे बर करथंव। नइ करहूं त कोन फोकट म खाय बर दिही? एक बात अऊ ... ये जम्मो बुता काम कके के पाछू दूसर जगा म सुरक्षित रहि सकतेंव त एमा काबर आतेंव? गऊकिन! मोला समझ नइ आय लोगन काबर मोर आलोचना करत फिरत रहिथे? जनता के आलोचना समझ आथे फेर जे खुदे उही हमाम म बुड़े नंगरा खुसर के पगुरात हे तहूमन मोला राजनीति करत हे कहिके घेरी बेरी हुदेलत कोचकत बखानत रहिथे। राजनीति करना ह बुरा काम आय का तेमा अऊ यदि बुरा काम आय त मोला राजनीति करत हे कहवइया मन काबर खुदे उही म निंगे तऊरत डफोरत हे?

कोन्हो भूख म मरगे तभो हम कुछ कहि नइ सकन। कुछ भी कहिबो तहन राजनीति करत हे कहिके झंझेटथें। जे मरगे तेकर घर के मन ला न्याव देवाना हमर कर्तव्य नोहे का? जे मारिस तेला बचाना घला हमरे धरम आय। येमा कति मेर राजनीति हे तेमा? कोन्हो अपमान पाके जियत हे, कोन्हो सम्मान पाके मरत हे, येहू ला कहि देथन तहन त राजनीति करत हे कहिके हमर सातों पुरखा म पानी रितोय ला धरथे। काकरो समस्या उचा नइ सकन, कोन्हो ला का उचाबो? हम ननपन ले बबा-ददा ला राजनीति के सागर म डुबकी लगावत डफोरत देखे हन हमू ओकरे सेती राजनीति म आय रेहेन फेर ओमा बात बात म राजनीति करत हे कहिके हमर दिल ला अतका दुखा देथे के हम राजनीति म राजनीति करे बर मजबूर हो जाथन। हम जानत हन येमा कतका का हे। अपन जिनगी संवारे बर अऊ अपन लइका लोग के भविष्य बनाय बर हम राजनीति म खुसरे हन। त काबर राजनीति नइ करबोन? पांच बछर म पचास बछर बर सरग बनाय के ताकत केवल अऊ केवल इही धंधा म हे त हम काबर छोंड़बो? हम योग्य रहितेन त दूसर बुता नइ करतेन गो काबर येमा आतेन अऊ सुनतेन?

राजनीति ले जादा पबरित बुता काय आय तुंही मन बोलव भलुक? काकर घर काय होवइया हे, कोन कतका दुख म परे हे? कोन गांव शहर म काय समस्या हे? इही सबो के जानकारी राखना अऊ ओला उजागर करके ओकर समाधान बर पहल करना हा बने बुता नोहे का? कोन-कोन हमर रहत ले सुख म जियत हे, कति गांव काकर सेती समस्याविहीन बनिस ते बात मन ठीक थोरेन आय तेमा? सत्ताधारी हा लोगन ला मुसेट के अकेल्ला अपन थोंध ल भरत हे तिही ला जनता ला बताना मोर हिसाब ले बने बुता आय फेर यहू ला कहि दे मा राजनीति के महक बगर जथे। कोन कतका खाइस, कोन कतका लीलिस, काकर पेट म कतेक जगा म काय काय भराये हे, येला कहि देबे ते राजनीति करत हे कहिथे। नइ कहिबे त सबो इही समझथे येकरो पेट म कुछ भाग खुसरे होही तभे कलेचुप बइठे हे।

मैं ह राजनेता अंव राजनीति नइ करिहंव त काय करहूं। न मोला कुदारी धरे ला आय न रापा कलम ह मोर हाथ म फबय निही। पढ़े-लिखे हंव फेर नौकरी लाइक योग्यता हे। अतके पढ़े हंव के दादागिरि,चमचागिरि, बईमानी अऊ धोखाधड़ी बहुत आसानी से कर लेथंव। चाहे जनता रोज कतको गारी बखाना करय। उंकर ले लुकाय अऊ तोपे बर जे करथंव तिहि ला लोगन राजनीति के नाव दे देथे।

जम्मो मनखे मोला फोकट के खाथे समझथे मोर बारे म कतेक गलत खयाल रखथे । भगवान कसम फोकट म कभू नइ खाये हंव। एक नानुक उदाहरण बतावत हंव- गांव म सरकारी स्कूल बर भवन बनत रहय, इंजीनियर हा दिन भर खड़े होके अपन आगू म बनवावत रहय फेर ओहा अतका नइ बता सकय के - कतेक सीमेंट, रेती के मसाला डराय हाबे। मेहा बिगन देखे बता देथंव के ओमा अतका कमजोर या अतका सजोर मसाला डराय हाबे। अब तुमन ला लागत होही के येमा का मेहनत? यदि हम मेहनत नइ करतेन त कइसे जानतेन? हम जे तिर मेहनत करेन तेहा कोन्हो ला दिखिस निही, तेला हम का करबो?

बिहिनियां ले उचथन तहन इही सोंचथन के आज के दिन अच्छा बीतय। फेर जब मरे रोवइया हा हमर तिर म नइ आवय त हमर अच्छा दिन कतिहा ले आही। तब हमीं ला बाहिर निकले बर परथे। हम जइसे बाहिर निकलथन त सबो इही समझथे के काकरो टेंटवा ला मसके बर बाहिर निकले हे। जे गरीब ला राशन कार्ड नइ मिले हे तेला देवाये के उदिम करथन त ओमा काय गलत आय? अब बिहाने ले निकले हन त दू-चार पइसा तो पाबेच करबोन। नइ कमाबो त हमरो तो अबड़ अकन परिवार हे कइसे चलही? इंकर भरण-पोषण के जुम्मेवारी हमरे आय। अतका हकर-हकर के कमाथन तभो चारो मुड़ा ले बखानत फोकट म खावत हे कहिके हमर छाती म मूंग दरे ला धर लेथे।

कोन हिंसा बगराथे कोन अहिंसा? कोन लोगन ला रोजगार दे सकत हे कोन बेरोजगार बनावत हे? कोन लोगन ला बइठे-बइठे खवा सकत हे कोन बिगन मेहनत हाथ नी लगावन देवत हे? कोन अमीर तनि हे कोन गरीब तनि कोन कर्मचारी ला मुसेटत हे कोन सहलावत हे? कोन साव आय कोन चोर? कोन हमर बर उपयोगी हे अऊ कोन अनुपयोगी? समे देख हम सबो ला आजमा लेथन। आज जे हमर संग हे काली दूसर संग चल देथे। परन दिन फेर हमरे तिर म लुहुर-टुपुर करे ला धरलेथे। कोन कतका खावत हे? कोन पचोवत हे? कोन बिगन खाय हल्ला करत हे, कोन सरी चाट के खाय के पाछू। सब हिसाब लगाके कुर्सी म विराजमान होके जनता के सेवा करे बर हम जे बुता म हाथ अऊ मुंह लगाथन कुर्सी ले वंचित हमर संगवारी मन बर इही सब राजनीति बन जथे। हम कोन्हो ला नमस्ते घला नइ कर सकन। जब करथन त सबो ला इही लागथे के चुनाव आगे हे का? बीच म कर देथन त सबो ला राजनीति करे के भ्रम हो जथे।

हम राजनीति करे बर राजनीति म नइ आय रेहेन। हम खावव अऊ खावन दव म विश्वास करइया मनखे आन फेर कुछ समे ले न खांव न खावन दंव कहत-कहत कुछ मन घरोघर टायलेट ला खा डरिन। हम इही ला कहि पारेन। तहन हमू राजनीति करइया बन गेन। गांव के सेवा करबो, गांव के विकास करबो सोंच हम येमा उतरे रेहेन ...विकास करेन घला। गड्ढा म खचकेदार चिखला मतइया शानदार सड़क बना देन, कागज म तरिया मुंह म कुआं, स्कूल भवन के भीतर म पानी के भंडारन क्षमता बढ़वा देन, गरीब ला राशन बर लाइन झन लगे ला परय कहिके ओकर राशन ला हम अपन घर ले आनेन अऊ कतेक विकास करतेन गा तेमा? गऊकिन अतका के करत ले हमर कनिहा सोझियागे अऊ विकास हा हमर तिर ले झन भागय कहिके तोलगी म लुकाके राखेन। रोगही महंगाई कस हमू ला बढ़ो दिस। हमर हाथ हा सइकिल ले स्कूटर तक पहुंच गिस। अतेक ईमानदारी के पाछू पांच बछर म केवल बीस एकड़ भुंइयां बना पायेन। हमर मेहनत ले अइसन फसल हा केऊ गुना बाढ़ गिस। हमर मन हा अब उन्नत फसल कोति दऊंड़े लगिस। हम जनपद अध्यक्ष के कुर्सी तक पहुंच गेन। पांच बछर म उत्पादन क्षमता म बहुतेच बढ़ोतरी होइस ..हमर घर म एक ठिन कार जामगे। उपर डहर विराजित मनखे मन ला पता चलिस। ओमन हमला चिन्ह डरिन अऊ अपन संग संघेरे बर उपर लेगिन। हम विधायक बन गेन अऊ ओकरो ले जादा उन्नत फसल लगा डरेन। हमर मेहनत के फसल के एक-एक दाना बेंचाय लगिस हमर घर के बेड रूम म एक ठिन पइसा के पेंड़ धर लिस? हम मंत्री, सांसद बन गेन। फेर जब तक केवल खाय बर मुंह उलत रिहिस अऊ कलेचुप सबो के धोंध भरत रिहिस तब तक सब खुश रिहिन। कुछ कारण से मुंह खजवाय ला धर लिस अऊ लोगन के धोंध हा कोटना के रूप धरलिस तहन हमर खुशी ला गरहन तिरना शुरू कर दिस। हम सोज-सोज जीतत रेहेन तेकर सेती हमला अऊ दूसर बुता के आवसकता नइ परिस केवल खात रेहेन अऊ खवात रेहेन। फेर कुछ लोगन मन हमर से जनता ला नाखुश रेहे बर मजबूर करिन तहन हमला दूसर उदिम करे ला परिस। तब लोगन हमला राजनीति करत हे कहिके जगा जगा बदनाम करे ला धरिन। हम इंकर आरोप ला झेलत भर ले झेलेन तहन जवाब देना शुरू करेन। कोई जगा हाथ ले जवाब निकलिस कोई जगा मुंहु ले। हम अतेक दिन ले केवल नेता रेहेन अब राजनीति करइया राजनेता बनगेन।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

उल्टा पुल्टा

प्लेटफॉर्म पर टीटी ने पप्पू से टिकट मांगा
पप्पू- लेकिन मैं तो ट्रेन से आया ही नहीं
टीटी- अच्छा या सबूत है?
पप्पू-सबूत ये है की मेरे पास टिकिट नहीं है!!!

# सीयू का दसवां दीक्षांत समारोह 1 सितंबर को

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी मुख्य अतिथि



**बिलासपुर**,19 अगस्त ( देशबन्धु) । गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) का दसवां दीक्षांत समारोह 1 सितंबर को सुबह 10 बजे रजत जयंती सभागार में आयोजित होगा। दसवें दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि भारत गणराज्य की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू होंगी। राष्टपति के मुख्य आतिथ्य स्वीकार करने एवं विश्वविद्यालय में पधारने की सूचना से समूचे विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हो गया है। उल्लेखनीय है कि राष्टपति गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) की विजिटर भी हैं।

समारोह की भव्यता एवं गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने दसवें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में कुलसचिव सहित दसवें दीक्षांत समारोह के संयोजक प्रो. विशन सिंह राठौड़, सह-संयोजक प्रो. एम.एन. त्रिपाठी व परीक्षा नियंत्रक एच.एन. चौबे सहित विभिन्न समितियों के समन्वयक उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. चक्रवाल को विभिन्न समितियों के समन्वयकों ने कार्य योजना एवं अब तक की तैयारियों के विषय में जानकारी प्रदान की। उन्होंने तैयारियों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अपना सक्रिय एवं सकारात्मक सहयोग प्रदान करें। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने समारोह स्थल, विश्वविद्यालय परिसर में जारी निर्माण कार्य एवं अन्य कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए संयोजक, सह-संयोजकों एवं समन्वयकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। दसवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2021-22 की विभिन्न परीक्षाओं (स्नातक, स्नातकोत्तर व पत्रोपाधि) में मेरिट सूची में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी शामिल होंगे। साथ ही वह शोधार्थी जो 01 जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 के मध्य् पीएचडी उपाधि हेतु पात्र गये हैं, शामिल होंगे। दीक्षांत समारोह का रिहर्सल दिनांक 31 अगस्त, 2023 को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। दसवें दीक्षांत समारोह में 28 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि तथा 76 विद्यार्थियों को स्वर्ण मंडित पदक प्रदान किये जाएंगे। जिनमें विश्वविद्यालय पदक, चांसलर पदक एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय पदक तथा दानदाता पदक शामिल हैं।

# चीफ़ जस्टिस ने किया बाल संप्रेक्षण गृह व किशोर न्याय बोर्ड भवन का निरीक्षण

## भवनों की नियमित साफ सफाई व देखरेख करने दिए निर्देश

## सिन्हा ने जिला प्रशासन की ओर से बालिका को दिए लैपटॉप

**बिलासपुर,** 19 अगस्त ( देशबन्धु) । हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने आज शहर के नूतन चौक स्थित किशोर न्याय बोर्ड, ऑब्जरवेशन होम प्लेस ऑफ सेफ्टी एवम् बालिका गृह का औचक निरीक्षण किया गया। वहां पर उन्होंने प्रत्येक कक्ष का बारी-बारी से निरीक्षण किया एवं उचित साफ-सफाई नहीं होने से नाराजगी जाहिर की।

बिल्डिंग की दीवालों में सीपेज एवं छत से पानी टपकते हुए पाया गया। वहां उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि बिल्डिंग काफी पुरानी लगभग सन् 1985 में बनी हुई है। इसके संबंध में उचित सुधार कार्य करने हेतु उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। न्यायमूर्ति ने रसोई घर का निरीक्षण भी किया। वहां साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिए। कलेक्टर संजीव कुमार झा एवं निगम कमिश्नर कुनाल दुदावत ने मुख्य न्यायाधिपति को आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द उचित मरम्मत का कार्य उनके द्वारा करा लिया जायेगा।

मुख्य न्यायाधिपति श्री सिन्हा के द्वारा वहां उपस्थित बच्चों से चर्चा कर उनकी समस्या जानने का प्रयास भी किया गया एवं उनको मिलने



वाली चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली गई। वहां पर उपस्थित अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि कम्पाउण्डर की ड्यूटी प्रतिदिन की है। परंतु चिकित्सक सप्ताह में एक बार ही आते हैं। मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा चिकित्सक को प्रतिदिन 1 से 2 घंटे उपस्थित रहना सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

मुख्य न्यायाधिपति द्वारा चिल्ड्रन सेफ्टी होम एवं स्पेशल होम का भी निरीक्षण किया गया। वहां उपस्थित जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री उमाशंकर गुप्ता ने जानकारी दी कि ऑब्जरवेशन होम में 35 बच्चे, प्लेस ऑफ सेफ्टी में 9 बच्चे एवं स्पेशल होम में 6 बच्चे निवासरत हैं। निरीक्षण के दौरान चिल्ड्रन सेफ्टी होम एवं स्पेशल होम में अच्छी आधारभूत संरचना एवं समुचित साफ-सफाई पायी गई। उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी ही साफ-सफाई, ऑब्जरवेशन होम में भी होनी चाहिए।

इसके बाद मुख्य न्यायाधिपति ने शासकीय बालिका गृह का भी निरीक्षण किया। बालिका गृह के अधीक्षक श्रीमती ज्योति तिवारी के द्वारा बताया गया कि यहां वर्तमान में 34 बालिकाएं रहती हैं। उनके पढ़ाई-लिखाई के संबंध में मुख्य न्यायाधिपति के द्वारा उपस्थित बच्चों से पूछताछ की गई। इस अवसर पर कलेक्टर संजीव कुमार झा की पहल पर न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा के हाथों से वहां उपस्थित एक छोटी बालिका को लैपटॉप भी प्रदान किया गया।

जिस पर बच्चों ने तालियां बजाकर अपनी खुशी जाहिर की। मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा अधिकारियों को भवन को व्यवस्थित रखने के लिए भी निर्देशित किया।उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड का भी निरीक्षण किया, जिसमें उचित इन्फास्ट्रक्चर का अभाव पाया गया एवं संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र सुधार कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। चीफ़ जस्टिस के औचक निरीक्षण के समय कलेक्टर संजीव कुमार झा, निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, रजिस्ट्रार जनरल अरविंद कुमार वर्मा, जिला न्यायाधीश अशोक कुमार साह, एडीजे स्मिता रत्नावत, जुवेनाईल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट सुश्री राजेश्वरी सूर्यवंशी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी उमाशंकर गुप्ता एवं एडिशनल रजिस्ट्रार-कम- पी.पी.एस. एम. व्ही. एल. एन. सुब्रमन्यम उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप




### बरसते पानी में आप नेत्री ने किया प्रदर्शन

**बिलासपुर**,19 अगस्त ( देशबन्धु) । बिलासपुर में आम आदमी पार्टी ने खराब ड्रेनेज सिस्टम और स्मार्ट सिटी की दुर्गति को लेकर प्रदेश सयुक्त सचिव उज्जवला कराड़े के नेतृत्व में बरसते पानी में भीगते और नारेबाजी करते हुए जिला प्रशासन के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वही कार्यकर्ताओं पानी में भी उतर कर जोरदार नारेबाजी की। सड़क पर भरे पानी में उतर कर किया अनोखा प्रदर्शन आप पार्टी की उज्जवला कराड़े शुक्रवार को श्रीकांत वर्मा मार्ग पर भारी बारिश के चलते सड़क पर भरे पानी में पैदल चलकर विरोध करती नजर आई । इस दौरान उन्होंने स्मार्ट सिटी और निगम प्रशासन पर जमकर । प्रहार किया उन्होंने बताया कि उसके 5 साल में कांग्रेस सरकार स्मार्ट सिटी पर कोई काम कर पाई और ना पूर्ववर्ती सरकार ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया ।

### जनभावनाओं के अनुरूप हो रहा है बेलतरा का विकास-अंकित



**बिलासपुर** ,19 अगस्त ( देशबन्धु) । जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने ग्राम पंचायत भरारी में 6 लाख हजार रुपये से बनने वाले मुक्तिधाम शेड व प्रतीक्षालय का भूमिपूजन किया इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गोदवरी बाई कमलसेन ने उपस्थित लोगों के साथ विधि विधान से पूजा पाठ किया साथ ही निर्माण कार्य को हरी झण्डी दिखाया व ग्रामीणों ने निर्माणाधीन मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय के बहुत पुरानी मांग के पूर्ण होने पर सभापति का आभार भी व्यक्त किया। सभापति अंकित गौरहा ने शुक्रवार को बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के भरारी ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय के लिए भूमि पूजन कर अपने संबोधन में कहा कि भरारी में करीब 6 लाख की लागत से मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय बनाया जाएगा स्थानीय लोगों की सालों से मांग थी कि गांव में एक मुक्तिधाम की सख्त जरूरत है। शासन ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए रूपयों का एलान किया। आज लोगों के साथ भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही निर्माण कार्य भी प्रारंभ हुआ। जल्द ही निर्धारित समय में मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिला पंचायत क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत मूलभूत सुविधाओं से परिपूर्ण हैं और जन भावनाओं के अनुरूप बेलतरा विधानसभा व जिला पंचायत क्षेत्र का विकास हो रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गोदावरी कमलसेन ने गांव के विकास पर अपनी बात रखी व राज्य सरकार के जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपसरपंच जनकराम भारती,भारत यादव,नीरज पांडे,जमुना कश्यप,धनीराम यादव,दूजराम कौशिक,शत्रुघ्न कौशिक, संतोष यादव,श्रवण धीवर,अवधेश कमलसेन,उत्तरा साहू , सौरभ यादव,नरेश सूर्यवंशी,जतन साहू,सुनील गंधर्व, राहुल साहू,चंद्रिका बाई,मदन यादव,संतोष यादव व ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# अटल ने कोटा विधानसभा से अपनी दावेदारी प्रस्तुत की, ब्लाक अध्यक्ष को दिया अपना फार्म

**बिलासपुर**,19 अगस्त ( देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव ने आज कोटा विधानसभा क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए कोटा ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित को अपना दावेदारी फार्म जमा कर दिया है। इस दौरान अटल श्रीवास्तव के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, सुभाष अग्रवाल, आनंद जायसवाल, दामोदर सिंह क्षत्री , एल्डरमेन माया मिश्रा,मंडी अध्यक्ष संदीप शुक्ला, शीतल जायसवाल ,रमेश मरावी और संतोष गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कोटा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर विधान सभा चुनाव 23 के लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेताओं से आवेदन पत्र लिया जा रहा है , ब्लाक क्रमांक 01 ,02, 03 और 04 के अध्यक्ष कांग्रेस भवन में दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक बैठ रहे है , बिलासपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत 266 बूथ आते है ,जिसमे बेलतरा विधान सभा और बिल्हा विधान सभा के कुछ बूथ भी शामिल है । आज बिलासपुर विधान सभा के लिए महापौर रामशरण यादव और अरपा बेसिन प्राधिकरण के सदस्य महेश दुबे ने अपना फार्म जमा किया ,। बिलासपुर विधान सभा के लिए आज नगर निगम के सभापति शेख नजीरुद्दीन,शिवा मिश्रा,दीपक पांडेय,त्रिवेणी भोई,सत्येंद्र तिवारी,कमल गुप्ता ,विजय आहूजा,विनय शुक्ला ने आज फार्म लिया है । बेलतरा विधान सभा के लिए कृष्ण कुमार यादव,अरपा बेसिन प्राधिकरण की सदस्या श्रीमती आशा पांडेय,श्रीमती चित्रलेखा कंस्कार, श्रीमती किरण तिवारी,जगन्नाथ साव और संतोष कुमार साहू ने फार्म लिया है।

# मतदान केन्द्रों में लगे विशेष शिविरों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**बिलासपुर,** 19 अगस्त ( देशबन्धु) । कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शहर के कोनी वार्ड स्थित 4 मतदान केन्द्रों में आयोजित विशेष शिविरों का निरीक्षण किया। कोनी के हाई एवम् मिडिल स्कूल भवन में ये मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जिले की सभी मतदान केन्द्रों में 19 व 20 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित किए गए हैं। कलेक्टर श्री झा ने केन्द्र पर ही अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ की बैठक लेकर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इसे ऑनलाइन एंट्री करने की प्रक्रिया भी बताई। सूची में नाम जुड़वाने हेतु आवेदन करने पहुंचे कुछ युवाओं से कलेक्टर ने चर्चा भी की। पुनरीक्षण कार्य 2 अगस्त से शुरू हुआ है जो कि 31 अगस्त तक चलेगा। इस साल की पहली अक्टूबर को 18 साल की उम्र पूर्ण करने वाले युवा भी अपना नाम मतदाता सूची में नाम जोड़वा सकते हैं। उन्हें केन्द्रों पर निःशुल्क रूप से फॉर्म 6 उपलब्ध कराया जायेगा। इसके अलावा पुराने मतदाता भी अपना नाम जुड़वा, कटवा अथवा संशोधित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने पुनरीक्षण के अलावा मतदान केन्द्र भवन का भी अवलोकन किया। खासकर दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के अनुरूप व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुनरीक्षण कार्य की मॉनिटरिंग के लिए नियुक्त सेक्टर अफसरों को मतदान केंद्रों का भ्रमण कर आवश्यक मार्गदर्शन बीएलओ को देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सुभाष सिंह राज, अतिरिक्त तहसीलदार शशिभूषण सोनी भी साथ थे।



# स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

**बिलासपुर,** 19 अगस्त ( देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के अंतर्गत 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी बालक बालिकाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर श्री संजीव झा के निर्देशानुसार डीईओ श्री डीके कौशिक के मार्गदर्शन में आज जिले में संचालित 18 अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के साथ-साथ सभी 31




स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में मानव श्रृंखला एवं मानव आकृति का निर्माण कराया गया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय समूह के जिला प्रभारी श्री रामेश्वर जायसवाल ने बताया कि आज एवम् कल सभी मतदान केंद्रों में 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले छात्र छात्राओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है। प्राचार्यों के द्वारा 18 वर्ष पूर्ण करने वाले सभी बच्चों के नाम चिन्हित कर 2 दिनों में 100त्न मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज सभी स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में मानव श्रृंखला एवं मानव आकृति का निर्माण कराया गया। घुट्कु, पचपेड़ी सहित कई विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गईं।

# मितानिनों ने मांगा पैंशन तो कलाकारों ने मांगे भत्ते के साथ सुरक्षा

## भाजपा घोषणा पत्र समिति पहुंची बेलतरा, कई संगठनों ने दिए सुझाव

**बिलासपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु) । भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र सुझाव समिति के संयोजक दुर्ग सांसद विजय बघेल लोगो से सुझाव मांगने बेलतरा विधासभा क्षेत्र पहुंचे जहां विभिन्न समूह,संगठन के लोगो ने खुलकर अपने सुझाव दिए मितानिनों ने नियमिति कारण के साथ पैंशन दिए जाने के सुझाव दिए तो लोक कलाकारों ने दौरा भत्ते की मांग करते हुए महिला कलाकारों को सुरक्षा देने की मांग की , गुमटी ठेला व्यवसाईयों ने स्थाई व्यवस्थापन की इच्छा जताई इस तरह से अलग अलग संगठनों ने अपने जरूरत के हिसाब से भाजपा के सुझाव समिति को अपनें सुझाव दिए श्री बघेल के साथ पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने विधानसभा के बहतराई, शनिचरी बाजार, चाटीडीह, बेलतरा पंचायत सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का दौरा कर लोगो से राय ली घोषणा पत्र में अपने सुझाव शामिल कराने लोग काफ़ी उत्साहित दिखे वे आगे आ आकर अपने सुझाव समिति सदस्य नेताओं को दिए छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार , मितानीन संगठन,प्रेरक,प्रदेश कर्मचारी संगठन,खेल संघ,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, क्षेत्र के किसान, दिहाड़ी मजदूर ,सब्जी विक्रेता ,ठेला गुमटी व्यवसाई,व्यापारी संगठन पंचायत सचिव संघ ,रोजगार सहायक,सरपंच संघ सहित विभिन्न संगठनों ने खुल कर अपनी बात रखी।





## स्वतंत्रता दिवस के दर्जनों कार्यक्रम में शामिल हुए त्रिलोक

**बिलासपुर** ,19 अगस्त ( देशबन्धु) ।77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित दर्जनों कार्यक्रम में जिले के लोकप्रिय कांग्रेस नेता ,पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास अपने सहयोगियों सहित सम्मिलित हुए एवं आम जनता को संबोधित किया। त्रिलोक चंद्र श्रीवास बड़ी कोनी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय कोनी, महालक्ष्मी कंप्यूटर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, कोनी परीक्षेत्र व्यापारी संघ, गोल बाजार बर्तन व्यापारी संघ, एवं दयालबंद युवाओं द्वारा निकाले गए।

# साइंस कॉलेज ग्राउंड, सरकण्डा का फन वर्ल्ड फेयर-खुशी और आनंद का एक अद्वितीय संगम

**बिलासपुर,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। इस वर्ष की सबसे बड़ी मनोरंजक घटना के रूप में, सरकण्डा स्थित साइंस कॉलेज ग्राउंड में 'फन वर्ल्ड फेयर' आयोजित की गई है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों और बड़ों के लिए एक साथ एक अद्वितीय मनोरंजन अनुभव प्रदान करना है। यह मेला अपने विविध आकर्षक झूलों के लिए जाना जाता है, जहां बच्चे मस्ती कर सकते हैं, और बड़े अपनी दिनचर्या से कुछ पल चुरा कर एन्जॉय कर सकते हैं।

उपरोक्त जानकारी आयोजन के संचालक तमन्ना हुसैन ने दी. उन्होंने बताया कि फन वर्ल्ड फेयर में बच्चों के लिए एक से बढ़कर एक झूले हैं। यहाँ ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, सिलंबो झूला, चीली झूला, डेशिंग कार और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि है, पर प्रमुख रूप से जायंट व्हील काफी ऊँचाई पर उठकर लोगों को रोमांच का अहसास दिलाते हैं. इन रोमांचक झूलों के साथ, उनकी सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाता है जो उन्हें एक सुरक्षित और संतुष्ट



अनुभव प्रदान करते हैं।

इस मेले के घरेलू वस्तुओं के बहुत सारे स्टॉल हैं, जहां बड़े और छोटे दोनों लोग खरीदारी कर सकते हैं। यहाँ आप आपके घर की सजावट, आभूषण, प्रिंटेड फ़ैब्रिक, और अन्य अद्वितीय आइटम प्राप्त कर सकते हैं। विशेष रूप से यहाँ बच्चों के लिए एक से बढ़कर आकर्षक खिलौने उपलब्ध हैं, जो उन्हें मनोरंजन और शिक्षा देते हैं।

फन वर्ल्ड फेयर में मनोरंजन व खरीदारी के साथ स्वादिष्ट फूड्स की भी व्यवस्था है। यहाँ आप विभिन्न क्यूज़ीन का आनंद ले सकते हैं। यहां पर विभिन्न प्रकार के खाद्य विकल्प उपलब्ध हैं. जिनमें चाइनीज़, चाट, स्ट्रीट फूड, आइसक्रीम आदि शामिल है. इसमें लोग अपने मनपसंद व्यंजनों का आनंद ले रहे है.फन वर्ल्ड फेयर शाम को शुरू होते हैं और रात तक चलते हैं, जो लोगों को बाहरी मौसम का आनंद लेने का एक बढ़िया मौका देते हैं। उल्लेखनीय है कि संचालक ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी सुरक्षा और सार्वजनिक स्वच्छता के नियमों का पालन किया जाता है, ताकि सभी लोग सुरक्षित रह सकें। इस फन वर्ल्ड फेयर में लोगों ने अपने परिवार और दोस्तों के साथ खूब एन्जॉय किया है। उन्होंने इस आयोजन की सराहना की है । यह मेला एक साथ ख़ुशी और आनंद का एक अद्वितीय संगम है जो सभी उम्र के लोगों के लिए आकर्षक है।

## सार-संक्षेप

### गाज ने ली दर्जनों प्रवासी पक्षियों की जान, एक व्यवसायी भी झुलसा



**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर ग्राम कनकी में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्जनों प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई। एक व्यक्ति झुलस गया है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गौरतलब हो कि कोरबा सहित आसपास के इलाकों में शुक्रवार को तेज गर्जना के साथ बारिश हुई। बारिश के दौरान गाज गिरने से ग्राम कनकी के कनकेश्वर धाम परिसर में दर्जनों प्रवासी पक्षियों ओपन बिल स्टार्क की मौत हो गई। कनकेश्वर धाम परिसर में मेला में दुकान लगाया एक व्यापारी नीलकंठ कैवर्त झुलस गया है जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्राम कनकी के ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की ओर से इन प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने अपने प्रयास से पेड़ों के इर्द-गिर्द जाली लगाई थी लेकिन अधिकांश टूट चुकी है। तड़ित चालक लगाकर आकाशीय बिजली से होने वाले नुकसान से इनको बचाने का प्रयास पूर्व में किया गया था लेकिन यह भी अब टूट-फूट चुका है। वर्तमान में एक तड़ित चालक लगाया गया है परन्तु तड़ित चालक महामाया मंदिर के शिखर पर लगा दिया गया है जिसके चलते प्रवासी पक्षियों के साथ मंदिर परिसर में और खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि वन विभाग के अधिकारी प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और देख-रेख में लापरवाही बरत रहे हैं।

### गुरसिया चौक में मिनीमाता की प्रतिमा स्थापित कराने व सौंदर्यीकरण की मांग



**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा प्रवास पर आए जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया से अखिल भारतीय सतनामी युवा कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनीराम जांगड़े के नेतृत्व में समिति के लोगों ने मुलाकात किया। डॉ. डहरिया का महामाला से स्वागत किया गया। इस दौरान उन्हें समिति की ओर से ज्ञापन सौंप कर मांग किया गया कि शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्थापित मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा तथा ओपन थिएटर के प्रवेश द्वार पर स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सौंदर्यीकरण कराया जाए। इसी तरह अवगत कराया गया कि कटघोरा, अंबिकापुर नेशनल हाइवे निर्माण के दौरान गुरसिया चौक में स्थापित मिनीमाता की मूर्ति को जिला प्रशासन द्वारा हटवाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया है। नेशनल हाइवे निर्माण पूर्ण हो जाने पर उक्त मूर्ति को सम्मान स्थापित करने की बात कही गई थी जिसकी भी स्थापना कराए जाने हेतु निर्देश देने की मांग की गई है। इस अवसर पर सतनामी समाज के राज महंत जेपी कोसले, दादूलाल मनहर, भुनेश्वर कुर्रे, नारायण लाल कुर्रे, नरेन्द्र कुमार भारद्वाज, धरम कुमार साण्डे, विजय कुमार दिवाकर, सुरेश धारी, लक्ष्मीप्रसाद डहरिया, गोपाल कुर्रे, रामकुमार माथुर, सुनील पाटले आदि उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान, कोरबा में 15 अगस्त को 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि किस तरह से हमारे महापुरूषों और वीर जवानों ने अपनी शहादत देकर इस देश को गुलामी से आजाद कराया। श्री जैन ने कहा कि सैंकड़ों नहीं हजारों बलिदानियों ने इस देश को अपने रक्त से सींचा है। उन्होंने हितग्राहियों से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने की अपील कर कहा कि युवाओं में बदलाव की ऊर्जा और क्षमता होती है जिसका सही समय पर सदुपयोग करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि चेम्बर महासचिव विनोद अग्रवाल ने भी राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी। जेएसएस के निदेशक ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर सावित्री जेना, तृष्या मोहंती, लक्ष्मी चटर्जी, विजय लक्ष्मी महंत, सुनीता राठौर, ज्योति बरेठ, सतरूपा प्रजापति, नरेंद्र साहू, किशोर महंत, उमेश, संजय एवं अनिता चौहान सहित हितग्राही उपस्थित थे।

### सड़क से उतरकर घर पर पलटा ट्रक

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वारानी के पास निर्माणाधीन मार्ग से गुजर रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से उतर कर एक घर के ऊपर पलट गया। घर के छत से जाकर ट्रक अटक गया और पलटने से बच गया। हालांकि इस हादसे में घर का दो कमरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है वहीं 2 लोगों को चोट आने की खबर है। घर में रखे सामान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। संयोग से घर के सामने वाले कमरे में किसी के नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। हादसे की सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को निकाला।

# जिला अस्पताल से चोरी हुआ बालक बरामद, युवती गिरफ्तार

### 72 घंटे के भीतर कोरबी से बरामद किया गया, आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिला अस्पताल से अबोध बालक की चोरी के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। जिले के दूरस्थ कोरबी क्षेत्र से युवती सहित बच्चे को बरामद कर लिया गया। परिजनों सहित पुलिस ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसा श्रीमती धीरा बाई यादव पति जावा प्रसाद यादव 55 वर्ष निवासी कुरुडीह थाना उरगा ने सिविल लाईन थाना रामपुर में 17 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बेटी श्रीमती अंजू यादव की तबियत खराब होने पर बीते 4 दिनों से शासकीय जिला अस्पताल में 4 माह के बालक के साथ भर्ती किये थे। 17 अगस्त की दोपहर करीबन 2 बजे से 4 माह के बालक को कोई अज्ञात लड़की किसी को बिना बताये अपने साथ लेकर चली गई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर जांच शुरू की गई।



### गांव-गांव में फोटो दिखाकर की खोजबिन, सोशल मीडिया का सहारा

पुलिस की तीन टीमों के द्वारा कोरबी क्षेत्र के ग्राम रोदे, उसबोरा, बनिया, खड़फड़ीपारा, फुलसर, पोड़ी खुर्द, लाद, पंडोपारा, छिंदपारा, सड़कपारा, मातिन, सिटीपखना जाकर फोटो दिखाकर पूछताछ किया और गांवों के लड़कों के द्वारा संचालित अलग-अलग वाट्सअप ग्रुप में फोटो को वायरल किया गया। 19 अगस्त को वायरल फोटो के आधार पर स्थानीय लोगों से पोड़ी खुर्द में एक लोहार के घर में युवती को देखे जाने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर यहां से युवती और बालक को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा बालक का कोरबी स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक परीक्षण/उपचार कराया गया।

### पुलिस की तीन टीम ने दर्जनों सीसीटीवी कैमरों का खंगाला

*पुलिस अधीक्षक यू. उदय किरण के निर्देशन में पुलिस की तीन टीम गठित की गई। पहली टीम सिविल लाईन रामपुर, दूसरी टीम थाना बालकोनगर और तीसरी टीम सायबर सेल द्वारा जिला अस्पताल में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया गया। कैमरा में एक लड़की बच्चे को अपने साथ लेकर अस्पताल से बाहर जाते हुए मेन रोड तक दिखी। उसके पश्चात मेन रोड से बाहर विभिन्नि संस्थानों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे को खंगाला गया। लड़की अस्पताल बाहर एक आटो में बैठकर कोरबा की ओर जाते दिखी। गठित टीम के द्वारा जिले के सभी बस व ऑटो के चालकों को मामले की जानकारी दी गई तब सीएसईबी चौक के पास छोड़ना ज्ञात हुआ। सीएसईबी चौक में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में उक्त लड़की बच्चे के साथ ऑटो से उतरकर कटघोरा की ओर जाने वाली बस में चढ़ते दिखी। बस के चालक एवं कंडेक्टर से पूछताछ करने पर चोटिया बस स्टैंड में छोड़ना बताया। तत्काल टीम के द्वारा चोटिया जाकर फोटो दिखाकर पूछताछ में कोरबी रोड की ओर जाने का पता चला।*

### पानी पिला-पिलाकर रखा था बच्चे को

बच्चे एवं आरोपी हमीरा पण्डो पिता कुंवर सिंह पण्डो 23 वर्ष निवासी ग्राम सड़कपारा लाद चौकी कोरबी को सिविल लाइन थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि वह बच्चे को मोहवश बिना किसी को बताये अपने गोद में लेकर खेलाते हुए ग्राम रोदे (कोरबी) ले गई और वहां पर अपनी सहेली छोटी के घर में ठहरी थी। बच्चे को वह पानी पिला-पिला कर रखी हुई थी। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पांडेय, थाना प्रभारी बालकोनगर निरीक्षक मंजुषा पांडेय, सायबर सेल प्रभारी सनत सोनवानी, एएसआई राकेश गुप्ता, दुर्गेश राठौर, नीलम केरकेट्टा, सुकलाल सिदार, आरक्षक शत्रुहन बंजारे, जितेंद्र सोनी, राकेश कर्ष व अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## जनपद उपाध्यक्ष व सदस्य पुत्र में ठनी, एक-दूसरे के विरूद्ध रिपोर्ट

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष और एक जनपद सदस्य के पुत्र के बीच गाली गलौज, हाथापाई व जान से मार देने की धमकी की घटना हुई है। उपाध्यक्ष की रिपोर्ट पर सदस्य पुत्र के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है वहीं सदस्य पुत्र ने लिखित शिकायत दर्ज कराया है।





जानकारी के अनुसार घटना 16 अगस्त की रात 8.30 बजे सीएसईबी कालोनी जूनियर क्लब कोरबा पूर्व ओडी-24 में घटित हुई। नंद कुमार कंवर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ने बताया कि वह अपने व्यक्तिगत कारणों से उक्त कालोनी में निवासरत किशन कोशले के घर गया था। वहां पर आशीष गांगुली ग्राम गोढ़ी पहले से मौजूद था। उसके द्वारा नंद कुमार के साथ गाली-गलौच एवं हाथापाई किया गया। नंद कुमार के मुताबिक आशीष आदतन बदमाश है और घर में घुस के मारने व मर्डर कर देने की धमकी दिया है। नंद कुमार ने कहा है कि भविष्य में उसके साथ जो होगा, तो उसका संपूर्ण जिम्मेदार आशीष गांगुली रहेगा। नंद कुमार कंवर की रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने आशीष गांगुली के विरुद्ध धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है। दूसरी ओर आशीष कुमार गांगुली ने थाना प्रभारी को आज लिखित शिकायत देते हुए नंद कुमार कंवर के द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने की जानकारी दी है। 19 अगस्त को फिर स्कार्पियो में आकर ओडी-24 में पुनः नंद कुमार ने मारपीट किया व जान से मारने की कोशिश की। आशीष का कहना है कि उसे बाएं कान से सुनाई नहीं पड़ रहा है। शिकायत करने पर जान से मरवा देने की धमकी दी गई है। मारपीट के बाद वह स्कार्पियो से वापस लौट गया। नंद कुमार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया गया है।

## कुसमुंडा मार्ग पर ट्रेलर पलटा, लगा रहा लंबा जाम

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा-कुसमुंडा मार्ग पर भारी वाहनों चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। जिस वजह से इस मार्ग पर आए दिन जाम लग रहा है। जाम के बीच बीती रात सर्वमंगला चौक से महज कुछ दूरी पर कोयले से भरी एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे राहगीरों की परेशानी बढ़ी रही।

बरमपुर मोड़ से सर्वमंगला चौक तक भारी वाहन चालक एक नया ट्रांसपोर्ट नगर बसा चुके हैं। ऐसे में चार पहिया एवं दुपहिया वाहन चालक हर दिन यहां पर जाम में फंस रहे हैं। लोगों ने बताया कि बरमपुर से लेकर सर्वमंगला चौक तक एक ओर की सडक़ पर एकतरफा 3 लाइन लगा कर भारी वाहन 24 घंटे खड़े रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ भी ट्रेलर लाइन लगा कर खड़े हो रहे हैं। कुछ कोयला दलाल यहां ट्रकों को खड़ा करा कर बिल्टी, गेट पास बना रहे हैं। वहीं कुछ तिरपाल लगवा कर सील मोहर भी लगवा रहे हैं। ऐसे में कई घंटों तक ट्रक सडक़ों पर खड़े हो रहे हैं, जिससे आम लोगों को सडक़ से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है। शुक्रवार की देर रात लगभग 11 बजे कुसमुंडा से कोरबा जा रहे एक कार चालक ने एक वीडियो रिकॉर्ड किया जिसमें जाम की स्थिति साफ नजर आ रही है। वहीं एक ट्रेलर भी बीच सडक़ में पलटा हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में लोगों ने कहा कि अच्छा हुआ जो हुआ क्योंकि ट्रेलर चालक बहुत मनमानी करते हैं। प्रशासन को भी आम लोगों की चिंता नहीं है। इस सडक़ पर लगातार हादसे हो रहे हैं। प्रशासन भी अनजान बना हुआ है।



## लायंस क्लब का प्रथम जोन स्टाफ मीट आयोजित

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के जोन 2 रीजन डेजी के जोन चेयरमेन एसके अग्रवाल ने जोन स्टाफमीट लायंस स्कूल टीपी नगर में आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोन चेयरमेन एसके अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल पूर्व प्रांतपाल व पूर्व मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एवं प्रमुख वक्ता एमजेएफ एमडी माखीजा पूर्व प्रांतपाल उपस्थित रहे।

जोन मीट में लांयस क्लब ऑफ कोरबा, लायंस क्लब बालको एवं लांयस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी क्लबों से आये सदस्यों ने जोन चेयरमेन को अब तक किये गये सेवा एवं प्रशासनिक कार्यों से अवगत करवाया। जोन चेयरमेन एसके अग्रवाल ने सभी की रिपोर्टिंग पर समीक्षा करते हुए एमजेएफ नये क्लब विस्तार एवं सदस्य संख्या वृद्धी कर डिस्ट्रिक्ट के लक्ष्य पूर्ण करने के सहयोग पर आग्रह किया एवं आगामी योजनाओं पर उनको प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को जयप्रकाश अग्रवाल, एम.डी.माखीजा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा मीना सिंह, कामायनी दुबे, राजकुमार अग्रवाल (श्वेता), नन्दकिशोर अग्रवाल, रविशंकर सिंह, मधु पाण्डेय, शहनाज शेख, दीपक माखीजा साथ ही लायंस क्लब बालको व लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के सभी पदाधिकारी एवं अन्य लायन सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन संतोष खरे व आभार प्रदर्शन क्लब सचिव आशीष अग्रवाल ने किया।

## एनएसएस छात्राओं के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस में नवीन पंजीकृत छात्राओं के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं एनएसएस के संरक्षक डॉ. राजेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तारा शर्मा, विभागाध्यक्ष हिन्दी श्रीमती संध्या पाण्डेय, सहा.प्राध्यापक राजनीतिशास्त्र श्रीमती वर्षा सिंह तंवर, श्रीमती अनिमा तिर्की, क्रीड़ा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेजी कुजूर ने नवीन पंजीकृत एनएसएस के स्वयं सेवकों को एनएसएस के महत्व, लक्ष्य, उद्देश्य, गतिविधि, शिविर आदि के संबंध में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र सिंह ने कहा कि अपने बारे में सोचने से ज्यादा अच्छा है कि हम दूसरों के बारे में सोंचे और उनके लिए काम करें। समाज को आप जैसे सक्रिय स्वयं सेवकों की आवश्यकता है, जो अपनी सेवाओं से राष्ट्र को विकास की ओर अग्रसर कर सकते हैं और आपकी ही क्षमता से एक अच्छे समाज का निर्माण कर सकते है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. तारा शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिससे छात्रायें अपने व्यक्तित्व को समाज सेवा के माध्यम से विकसित कर सकती हैं। श्रीमती संध्या पाण्डेय ने एनएसएस के लक्ष्य मैं नहीं आप की व्याख्या करते हुए छात्राओं को परहित का संदेश दिया। श्रीमती वर्षा सिंह तंवर एवं श्रीमती अनिमा तिर्की ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने पंचप्रण की शपथ स्वयं सेवकों को दिलायी। कार्यक्रम का संचालन कु. देवंतिका साहू ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ स्वयं सेवक कु. आरती साहू, अमरावती, शबाना, प्रियंका साहू, नीतू चौहान एवं साक्षी पाण्डेय, काजल, गीतानिया महंत, दुर्गा आदि उपस्थित थे।

### घर के सामने से पिकअप की चोरी

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। शिवाजीनगर कालोनी में एक मकान के सामने खड़ी पिकअप वाहन की चोरी हो गई है। मूलतः जांजगीर-चाम्पा निवासी अविनाश देवांगन पिता लक्ष्मीधर 30 वर्ष वर्तमान में ईडब्ल्यूएस 26 शिवाजी नगर सब स्टेशन के पास रह रहा है। उसने 13 अगस्त को रात करीब 1 बजे अपनी महेन्द्रा बोलेरो पिकअप क्रमांक सीजी-07एपी-2363 को घर के सामने खड़ी किया था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे देखा तो वाहन मौके से गायब था। अपने स्तर पर तलाश के बाद 2 लाख रुपए कीमती पिकअप चोरी की रिपोर्ट अविनाश ने सिविल लाइन थाना रामपुर में दर्ज कराया है।

### शिक्षक के घर से 90 हजार की चोरी

**कोरबा-उरगा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। स्कूल में पढ़ाने के लिए गए एक शिक्षक के घर से 90 हजार रुपए के जेवरातों और नगदी की चोरी कर ली गई। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुखसागर साण्डे पिता स्व. कीर्तनलाल 42 वर्ष निवासी ग्राम पताढ़ी दशरथभाठा थाना उरगा का निवासी है। 11 अगस्त को सुबह 9 बजे पढ़ाने के लिए करतला थाना क्षेत्र के ग्राम केरवाद्वारी बोतलपारा गया था। शाम 5 बजे घर लौटकर देखा तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा था। बेडरूम और आलमारी का ताला तोड़कर 90 हजार रुपए नगद, सोने व चांदी के जेवरात कुल कीमत 90 हजार रुपए चोरी होना पाया। जेवरातों की खरीदी की रसीद, अंकसूची और अन्य कागजात को जला दिया गया। एक पुराना सिम लगा मोबाइल भी चोरी हुआ है।

## उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दुकानों में लगातार कार्यवाही से आया सुधार

**कोरबा,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। खेती-किसानी के दौर में उर्वरक एवं कीटनाशक दवाओं के विक्रेता द्वारा लगातार नकली/अमानक सामग्री का अधिक दाम पर विक्रय किये जाने की शिकायत लगातार प्राप्त होती है। गांव के हाट बाजारों में निम्न गुणवत्ता के बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय किये जाने की संभावनायें बनी रहती हैं।

इसके मद्देनजर कृषि विभाग द्वारा किसानों के हित में सही कीमत व उच्च गुणवत्तायुक्त खाद उपलब्ध कराने के लिए निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिले के उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा न केवल निजी विक्रताओं बल्कि जिले के सभी सहकारी समितियों में खाद-बीज की गुणवत्ता एवं रख-रखाव की जांच की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उर्वरक, बीज, एवं कीटनाशक विक्रय केन्द्रो में विक्रय स्टॉक पंजी संधारण नही करना, रेट लिस्ट चस्पा नही करना, बिल बुक संधारण नहीं करना, पीओएस स्टॉक एवं भौतिक स्कंध की मात्रा में अंतर आदि प्रकार की अनियमितता पाई गई है जो कि उर्वरक नियंत्रण (आदेश) 1985, कीटनाशी अधिनियम 1968 व 1971 के विभिन्न प्रावधनों का स्पष्ट उल्लंघन है। इस कड़ी में निरीक्षकों द्वारा की गई कार्यवाही में अब तक जिले के उर्वरक 105 बीज 55 एवं कीटनाशक 28 विक्रय केद्रों के निरीक्षण में 62 विक्रय केद्रों में अनियमिता पाई गई है जिसमें 54 विक्रय केन्द्रों पर कारण बताओ नोटिस एवं 8 विक्रय केंद्रों में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण किये जाने पर उर्वरक विक्रय केन्द्रों में अब नियमों को ध्यान में रखते हुए उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक विक्रय किये जा रहे हैं। जिले में अब तक अमानक या उच्च दर पर खाद, बीज बेचने की शिकायत सामने नहीं आई है।



## सार-संक्षेप

### मतदाताओं को जागरूक करने शहर में चला स्वीप कार्यक्रम




**रायगढ़,** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाताओ को जागरूकता एवं मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर अंतर्गत रायगढ़ में मतदान केंद्र क्रमांक 11 जतन केंद्र में आज मतदाता जागरूकता हेतु पारंपरिक वेशभूषा में सजकर स्कूली छात्राओं ने चुनई चिराई सुआ नृत्य कर मतदान हेतु अपील की। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेद औषधालय में गेड़ी नृत्य के थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरुक कर निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किया। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में नए मतदाताओं का स्वागत किया गया। इस दौरान नए मतदाताओं ने बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु फार्म-6 भरे, इसके साथ ही अन्य मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील एवं मतदान के लिए प्रेरित करने सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी भी लिए, जिससे अन्य मतदाता जागरुक हो सकें। इस दौरान नए मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेद औषधालय में स्वीप कार्यक्रम में रंग-बिरंगी रंगोली एवं चुनई चिराई के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया और मतदान हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में नव वधु भी शामिल हुए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम श्री गगन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती ऋतु हेमनानी, नगर निगम उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव, तहसीलदार श्री लोमस मिरी, नायब तहसीलदार श्रीमती तृप्ति चंद्राकर एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

जिला प्रशासन द्वारा आज स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक में एसडीएम श्री गगन शर्मा के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने डांस कर लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करते हुए %चला रईगढिया़ वोट देवईया% का नारा लगाकर शहर वासियों को वोटिंग करने हेतु अपील किए। इस दौरान युवाओं एवं राहगीरों को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई।

### छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम के तहत प्रत्येक ग्रामों में सभा का आयोजन

**अम्बिकापुर** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 (1) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में करते हुए कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के द्वारा जिले के प्रत्येक ग्रामों में 20 अगस्त 2023 को ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 129 (ख) के तहत ग्राम सभा का गणपूर्ति कराने का दायित्व पंच एवं सचिव का होगा।

ग्राम सभा में एजेण्डावार पूर्व बैठक में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा , पिछली छमाही में विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि स्वीकृत राशि व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गये रोजगार की स्थिति की समीक्षा, ग्राम गौठानों के प्रबंधन एवं संचालन, सुराजी ग्राम योजना के तहत नरवा, गरुवा, घुरुवा एवं बाड़ी से संबंधित कार्यों की प्रगति, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन, जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन, जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी, मौसमी बीमारियों के निदान एवं निवारण पर चर्चा, राज्य की समस्म सड़कों पर मवेशियों (आवारा एवं पालतू) के कारण हो रहे दुर्घटनाओं में जान-माल की क्षति को रोकने हेतु उस ग्राम पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली समस्त सड़कों (विशेषत: राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग तथा मुख्य जिला मार्गों) के संबंध में सभी संभव उपायों एवं प्रभावी व्यवस्था की चर्चा, आमजनों में जागरूकता बढ़ाना एवं अपने मवेशियों को सड़कों पर खुले नहीं छोड़ने का संकल्प, महात्मा गांधी नरेगा के श्रमिकों को श्रम विभाग के असंगठित कर्मकार श्रेणी में ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु चर्चा, छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम 2022 का प्रत्येक ग्राम सभा में वाचन, ग्राम सभा में ऐसा नियम 19 एवं 20 के तहत संसाधन योजना और प्रबंधन समिति (आरपीएमसी) तथा शांति एवं न्याय समिति पर चर्चा, ग्राम सभा में पेसा नियम 23 (12) के तहत प्रस्ताव पास कर सरपंच एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से ग्रामसभा कोष के नाम से निकटतम कोर बैंकिंग सुविधायुक्त राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाने पर चर्चा, पेसा नियम 2022 के कंडिका 24 एवं 25 के प्रावधानों के अंतर्गत मानव संसाधनों एवं स्थानीय संस्थाओं के समीक्षा के संबंध में चर्चा, पेसा नियम 2022 के अंतर्गत लघु जल निकायों के लीज एवं बाजारों के नीलामी के संबंध में चर्चा, छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 अंतर्गत साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय के संबंध में चर्चा की जाएगी।

### रोजगार कार्यालय के पास हथियार लहराते युवक गिरफ्तार

रायगढ़ 19 अगस्त (देशबन्धु)। कल दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक युवक पंजरी प्लांट रोजगार कार्यालय के पास हाथ में हथियार लिये आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने के पेट्रोलिंग स्टाफ को मौके पर जाकर तस्दीक और कार्यवाही करने का निर्देश दिये। चक्रधरनगर पेट्रोलिंग मौके पर पहुंची जहां युवक सूरज यादव पिता सुनील यादव उम्र 20 साल निवासी पंजरी प्लांट थाना चक्रधरनगर हाथ में एक चाकू लेकर लोगों को डराते धमकाते मिला जिसे सुरक्षा पूर्वक हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी सूरज यादव के कृत्य पर थाना चक्रधरनगर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक डिमांड पर भेजा गया है।

# केंद्र से तीन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मिली मंजूरी

## सांसद गोमती साय ने हरी झंडी दिखाकर रायगढ़ रेलवे स्टेशन में किया रवान

**रायगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। रेलवे स्टेशन पर हैदराबाद - रक्सौल एक्सप्रेस, सूरत - मालदा एक्सप्रेस और हावड़ा-साईं नगर एक्स्प्रेस का ठहराव हुआ। जहां रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती गोमती साय सहित तमाम नेताओं और रेंलवे मंडल ने कल शाम 5 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किए।

रेलवे स्टेशन में लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सांसद ने रायगढ़ वासियों और क्षेत्रवासियों को तीनों ट्रेनों के ठहराव के लिए शुभकामनाएं दी। तीनों एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव से क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। वहीं केंद्र सरकार और केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को



रायगढ़ जिले को मिली बड़ी सौगात के लिए रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के जनताओ की ओर से आभार व्यक्त किए। वहीं लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के कई स्टेशनों को अमृत रेलवे स्टेशन में जोड़ने और भारतीय जनता पार्टी केंद्र सरकार के नेतृत्व में भारतीय रेल की सुविधाओं में बढ़ोतरी की बात कही। बिलासपुर रेलवे मंडल के रायगढ़ रेलवे स्टेशन में तीन एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से रायगढ़ वासियों सहित क्षेत्र में काफी हर्ष का माहौल है। रायगढ़ रेलवे स्टेशन में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद गोमती साय के पहुंचने पर गर्मजोशी के साथ क्षेत्र की जनताओं और बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किए। जहां रेलवे मंडल के अधिकारी कर्मचारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### विधायक प्रकाश ने भी किया अपने दायित्व का निर्वहन

आम तौर पर यह देखा जाता है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के कार्यक्रमों से छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के जनप्रतिनिधि दूरी बनाये रखते हैं। मगर रायगढ़ रेलवे स्टेशन में टेऊन्रों के कार्यक्रम में भाजपा की सांसद गोमती साय के साथ पहुंचकर रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक ने न केवल यह संदेश किया की वे रायगढ़ शहर तथा जिले के जनहित के कामों में एक साथ हैं। बल्कि मंच पर अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने विपक्षी दल के प्रतिनिधि होनें का दायित्व निभाते हुए सांसद गोमती साय को पहले तो इस पहल के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही उन्होंने डीआरएन से टेऊन्रों की गति में सुधार लाने तथा गंतव्य तक समय पर पहुंचाने के लिये भी पहल करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने रेलवे स्टेशन के दूसरी तरफ रेल सुविधाएं नही होनें की बात कहते हुए रेलवे साईडिंग की ओर टिकट घर तथा अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही। ताकि जूटमिल क्षेत्रवासी इस सुविधा का लाभ उठा सकें।

#### चेंबर ने की संतराकाक्षी-नानदेर एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

रायगढ़ रेलवे स्टेशन में तीन टेऊन्रों के ठहराव के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंची रायगढ़ सांसद गोमती साय से मिलने के लिये शहर के सीख समुदाय के लोग भी आज बड़ी संख्या में रेलवे स्टेशन में पहुंचे थे और सीख समुदाय के लोगों ने चेंबर आफ कामर्स की ओर से संतराकाक्षी -नानदेर एक्सप्रेस के रायगढ़ में ठहराव की मांग करते हुए सांसद को इस आशय का ज्ञापन सौंपा।

### ट्रैक पर मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

**रायगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कल सुबह थाना कोतवाली में सोनिया नगर सब स्टेशन के पास रेल्वे ट्रैक के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव रेलवे पड़े हाने की सूचना प्राप्त हुआ। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा थाने से सहायक उपनिरीक्षक दिलीप बेहरा के हमराह स्टाफ मौके के लिये रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे स्टाफ को अप और डाउन रेलवे लाइन के बीच अज्ञात मृतक की उम्र करीब 50-55 साल का शव पड़ा मिला। कोतवाली स्टाफ द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही दौरान घटनास्थल एवं शव का निरीक्षण किया गया। मृतक आसमानी रंग का टी-शर्ट और कत्था रंग का पैंट पहने हुये है, जिसके पास किसी प्रकार का पहचान पत्र (आईडी) नहीं मिला है, आसपास के लोग से मृतक के संबंध में पूछताछ किये जाने पर किसी ने मृतक को नहीं पहचाना। पंचनामा कार्यवाही बाद कोतवाली पुलिस द्वारा शव को केजीएच के मच्युरी में रखवाया गया है।

### नहरपाली और भूपदेवपुर के स्कूलों में पुलिस ने जागरुकता अभियान

**रायगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर आज थाना भूदेवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नहरपाली के प्राथमिक शाला एवं हाईस्कूल तथा हाईस्कूल भूपदेवपुर में महिला सेल की टीम द्वारा भूपदेवपुर पुलिस के साथ महिलाओं एवं बच्चों पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राजेश जांगड़े तथा महिला सेल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा द्वारा छात्रों को गुड टच, बैड टच साइबर अपराध तथा यातायात के नियमों एवं इनकी पालना की जानकारी दिया गया। गुड टच, बैड टच का डेमो देकर बच्चों को बताया गया कि यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति ऐसा करता है। तो उससे डरें नहीं, इसके बारे में तत्काल अपने स्कूल के टीचर और माता-पिता को बताएं। बच्चों और स्कूल स्टाफ को साइबर अपराधों की जानकारी देकर उनसे बचाव के उपाय बताया गया।

कार्यक्रम में पुलिस सहायता के लिए डायल 112 का उपयोग एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया और उसके संचालन और उपयोगिता बताए गए। कार्यक्रम में थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक राजेश जांगड़े, महिला सेल प्रभारी एएसआई मंजू मिश्रा एवं भूपदेवपुर थाने का आरक्षक मनोज यादव महिला आरक्षक गौरी सिदार, महिला सेल की रोजमेरी, इंदु एक्का, प्रीति यादव शामिल रहे।

## खाद-बीज की दुकानों में राज्य स्तरीय टीम ने दी दबिश

### चार दुकानो को दिया गया नोटिस

**कोरिया** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के कृषकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने एवं अवैध व्यवसाय पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से राज्यस्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा जिले के विभिन्न खाद-बीज व कीटनाशक दवाओं के संस्थान व दुकानों का औचक निरिक्षण किया गया है। उल्लेखनीय रहे राज्य शासन व जिला प्रशासन द्वारा लगातार निजी कृषि केन्द्रों, खाद, बीज व कीटनाशक दुकानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसानों को उच्चगुणवत्ता युक्त सामग्री मिल सके। इसी कड़ी में राज्यस्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा बैकुण्ठपुर शहर, बैकुण्ठपुर तहसील, सोनहत तहसील एवं बचरा-पोंड़ी तहसील के खाद- बीज- कीटनाशक दुकानों पर औचक निरीक्षण कर कृषि आदान सामग्री एवं आवश्यक दस्तावेजों की जांच-पड़ताल की गई। उड़नदस्ता दल द्वारा निरीक्षण के दौरान 4 खाद-बीज विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा एक खाद विक्रता के यहाँ डीएपी खाद पर विक्रय प्रतिबंध लगाया गया है।कटगोडी स्थित मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स के यहाँ भण्डारित 18 बोरी डीएपी खाद की पैकिंग असन्तोषजनक होने के कारण खाद की सैम्पलिंग कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया तथा जांच परिणाम आने तक विक्रय प्रतिबंध लगाया गया। इसके अतिरिक्त मेसर्स गुप्ता कृषि सेवा केन्द्र को विक्रय पंजी संधारण नहीं कियेजाने पर नोटिस जारी किया गया है। साथ ही माँ कामाख्या कृषि खाद बीज भण्डार में खाद विक्रय हेतु आवश्यक पोस मशीन ख़राब पाया गया तथा इसे तत्काल ठीक करने हेतु निर्देशित किया गया है।



इसी प्रकार बचरा-पोड़ी क्षेत्र के मेसर्स सुरेश कुमार जायसवाल को भी अपूर्ण दस्तावेज के कारण नोटिस जारी किया गया है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर शहर में मेसर्स किसान घर एवं कृषक सहयोगी संसथान को विक्रय पंजी संधारण, बिल बुक में कीटनाशकों के बैच नंबर नहीं लिखने, स्टाक डिस्पले एवं मूल्यसूची नहीं होने कारण नोटिस जारी किया गया है। राज्यस्तरीय उड़नदस्ता दल के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की कई कृषि आदान सामग्री विक्रय दुकाने, बंद मिली। राज्यस्तरीय उड़नदस्ता दल में संचालनालय कृषि से उप संचालक उमेश सिंह तोमर, उप संचालक कृषि दृ एम.सी.बी. लाल सिंह आर्मो, सहायक संचालक कृषि शिवशंकर सिंह, बीज एवं उर्वरक निरीक्षकपुष्कर लाल तिवारी, सुरेश कुमार आर्य, श्रीमती मेहनाज अंसारी तथा अन्य सहायक कर्मचारी उपस्थित थे।

### दिव्यांग को कोतवाली पुलिस ने दी सिलाई मशीन

**रायगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली रायगढ़ पुलिस का एक और बार मानवीय चेहरा सामने आया है। कोतवाली टीआई शनिप रात्रे द्वारा आंशिक रूप से दिव्यांग दिनेश भट्ट (41 साल) की मदद के लिए आगे आकर उसे जीविकोपार्जन के लिए सिलाई मशीन प्रदान किया गया है।

शहर के एक समाजसेवी द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली के संज्ञान में लाया गया कि सोनूमुडा जूटमिल का दिनेश भट्ट हाथ और पैर से आंशिक रूप से दिव्यांग है जिसकी वर्तमान में आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। पूर्व में दिनेश टेलर का काम करता था। थाना प्रभारी द्वारा अपने स्टाफ के मार्फत दिनेश को थाने बुलाए और दिनेश की स्थिति देखकर स्वयं उसकी मदद की इच्छा जाहिर किये। दिनेश ने अपने और परिवार के जीविकोपार्जन के लिए सिलाई मशीन की मांग थाना प्रभारी से किया गया।

## एसएसपी सदानंद ने ओड़िसा बॉर्डर क्षेत्र के ग्रामों का किया भ्रमण

**रायगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत इंटरस्टेट बॉर्डर इलाकों पर सुरक्षा व चेकिंग व्यवस्थाओं का जायजा लेने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ सदानंद कुमार कल सीमावर्ती प्रांत उड़ीसा से लगने वाले लैलूंगा एवं थाना तमनार के बॉर्डर इलाकों के भ्रमण पर निकले जिस दौरान महत्त्वपूर्ण जंक्शन, महत्वपूर्ण ग्रामो में रुककर रूट्स का जायजा लिया स्थानीय ग्रामीणों से चर्चा की साथ ही पूर्व से बने बॉर्डर चेक पोस्ट जाकर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा तमनार थाना क्षेत्र के हमीरपुर, आमगांव चेक पोस्ट तथा थाना लैलूंगा क्षेत्र के जमुना, किलकिला और तोलमा पर बने स्थाई अस्थाई चेक पोस्ट की समीक्षा किया। उन्होंने चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों से उनके काम करने के तरीकों की जानकारी ली चर्चा कर उनसे ड्यूटी दौरान आ रही परेशानियों को पूछा गया तथा उन्हें चेक पोस्ट पर कड़ाई से चेकिंग को लेकर निर्देश दिए तथा बेहतर ड्यूटी करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। पूर्व से लगे सीसीटीवी कैमरा की स्थिति का जायजा लिया गया वहीं नए कैमरों के लिए स्थान चिन्हांकित किए गए।

अपने दौरे में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना लैलूंगा पहुंचकर पुलिसकर्मियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा भी दिलाए तथा थाना तमनार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौराभाठा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। स्कूली बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए वर्तमान में मोबाइल के जरिए बढ़ रहे साइबर क्राईम की जानकारी दी गई। छात्रों को मोबाइल गेम्स से दूरी बनाकर पढ़ाई पर ध्यान देने और सोशल मीडिया एप्स व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अंजान व्यक्तियों से दोस्ती करने और उनके फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने से बचने की सलाह दी गई। उन्होंने फेक कॉल और मोबाइल मैसेज के जरिए प्राप्त होने वाले ईनामी कूपन, लॉटरी से बचने की सलाह दी तथा थाना प्रभारी को स्थानीय ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में साइबर प्रहरी अभियान से जोड़ने प्रोत्साहित किया।

### कांग्रेस नेता विभाष ने रायगढ़ विधानसभा के लिये उम्मीदवारी के दिया आवेदन

**रायगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमत्री भूपेश बघेल के खासमखास माने जाने वाले कांग्रेस नेता विभाष सिंह ठाकुर ने रायगढ़ विधानसभा सीट से उम्मीदवारी के लिए दावा ठोक दिया है। उन्होंने आज ब्लॉक अध्यक्ष विकास ठेठवार को आवेदन सौंपा।

विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही पूरे प्रदेश में चुनावी महौल बनने लगा है। दो दिन पहले जहां भाजपा ने अपनी पहली सूची जारी करते हुए 21 लोगों को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है वहीं शनिवार की सुबह रायगढ़ जिले के फायर ब्रांड कांग्रेस नेता विभाष सिंह ठाकुर ने रायगढ़ विधानसभा सीट से उम्मीदवार के रूप ब्लॉक अध्यक्ष विकास ठेठवार को आवेदन सौंपते हुए हडकंप मचा दी है।

विदित रहे कि कांग्रेस नेता विभाष सिंह ठाकुर पिछले लंबे समय से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई अन्य मंत्रियों के बेहद करीब रहे हैं। रायगढ़ सहित अन्य जिलों के कार्यक्रमों में भी मंत्रियों के साथ विभाष दौरा कर चुके हैं। इतना ही नही रायगढ़ जिले में तीन दिवसीय आयोजित ऐतिहासिक रामायण महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पूरे कार्यक्रम के दौरान विभाष को अपने करीब ही रखा। यह नजारा देखते हुए शहर के आम नागरिक भी अंदाजा लगाना शुरू कर चुके थे कि इस बार के विधानसभा चुनाव में विभाष को टिकट मिलने के भरपूर आसार हैं। ऐसे में अब कांग्रेसी नेता विभाष सिंह ठाकुर के उम्मीदवार के आवेदन सौंपने से लगता है कि निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी इस बार के विधानसभा चुनाव में रायगढ़ विधानसभा सीट से विभाष पर मुहर लगा सकती है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**अम्बिकापुर** 19 अगस्त (देशबन्धु)। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार ने शनिवार को मतदान केंद्रों में आयोजित विशेष शिविरों का निरीक्षण किया। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के अंतर्गत 19 और 20 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ से फॉर्म 6, 7 और 8 भरवाए जाने की जानकारी ली। उन्होंने शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के अंतर्गत मतदान केंद्रों, शासकीय नगर पालिक निगम स्कूल के अंतर्गत मतदान केंद्रों और शासकीय राजमोहिनी देवी गर्ल्स कॉलेज अंतर्गत मतदान केंद्रों के विशेष शिविरों का निरीक्षण कर उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी से मतदाताओं की संख्या और पूर्व विधानसभा निर्वाचन में हुए मतदान प्रतिशत की जानकारी ली। उन्होंने प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी से उनके बूथ अंतर्गत नवीन मतदाता जो पहली बार वोट देंगे, नवविवाहिता महिलाएं, जो अन्य जगह से यहां आकर बसी, 80 प्लस आयु और 100 प्लस आयु के मतदाता, दिव्यांग मतदाता सहित उनके बूथ अंतर्गत वीआईपी और वीवीआईपी मतदाताओं की जानकारी ली और सावधानी पूर्वक त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। इसका ध्यान रखें। पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने मृत व्यक्ति के नाम हटाने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी सभी बीएलओ को दी और निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए फॉर्म 6, 7 और 8 को सावधानी पूर्वक मतदाताओं से भरवाए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन के मार्गदर्शन में आयोजित स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत शासकीय राजमोहिनी देवी गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित सुंदर रंगोली तैयार की। श्री कुन्दन ने छात्राओं द्वारा निर्मित रंगोली का अवलोकन का उनसे रंगोली की थीम से जुड़े उनके विचार भी जाने। श्री कुन्दन ने छात्राओं को बताया कि मतदान देश के भविष्य के लिए जरूरी है इसलिए मतदान अवश्य करें। यहां छात्राओं द्वारा चुनई चिरई की रंगोली भी बनाई गई थी जिसकी जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशंसा की। इसके बाद उन्होंने अंबेडकर चौक में मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित फ्लैश मॉब का अवलोकन किया। छात्राओं द्वारा गीत संगीत और नृत्य के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिन क्षेत्रों में पूर्व निर्वाचन में मतदान प्रतिशत कम रहा है, वहां अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं से आगामी निर्वाचन में मतदान अवश्य करने की अपील की और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत यदि मतदाता सूची में नाम न जुड़ा हो, या इससे संबंधित अन्य कोई बिंदु हो तो बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर समस्या का समाधान करने कहा।



## सार-संक्षेप

### अशोका पब्लिक स्कूल में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्र-छात्राओं को दी छात्रवृत्ति




**खरसिया**,19 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय अशोका पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सम्माननीय अतिथि मान. उमंग गोयल (संचालक गणेशा ग्लोबल गुलाल प्राइवेट लिमि0 कम्पनी रायपुर) के द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्र - छात्राओं को इक्कीस-इक्कीस हजार की धनराशि स्कॉलरशिप के रूप में प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया ।कक्षा दसवी से अमन अग्रवाल पिता श्री सुनील अग्रवाल (संचालक मित्तल मेडिकल) निवासी - सारंगढ़ तथा बारहवीं वाणिज्य संकाय से पुष्कर अग्रवाल पिता श्री महेन्द्र अग्रवाल, निवासी- देवगाव (बरमकेला) ने यह स्कॉलरशिप प्राप्त करने का सौभाग्य पाया। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा कक्षा दसवीं में द्वितीय व तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रा कु0 सुरुचि बंजारे पिता श्री राजेश कुमार बंजारे, निवासी- बाबाकुटी (सारंगढ़) एवं कुकवर्षा पटेल पिता श्री हेमंत पटेल, निवासी भेड़वन को पाँच-पाँच हजार की धनराशि प्रशस्ति पत्र व शील्ड भेंट करते हुए सम्मानित किया गया। गणेशा गुलाल कम्पनी के संचालक गोयल ने इस स्कॉलरशिप योजना को आजीवन चलाते रहने की घोषणा की। जिससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र - छात्राओं में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत हुई है। गोयल के इस घोषणा का एक सकारात्मक प्रभाव बच्चों के पढ़ाई में स्पष्ट नजर आ रहा है। बच्चे पहले से अधिक ऊर्जावान होकर अपने पढ़ाई के तैयारी में जुट गए हैं। जिससे विद्यालय के शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर वृद्धि साफ नजर आ रही है।

### जिले के मतदाता शपथ अभियान में शामिल होने लोगों में दिखा उत्साह और उमंग



**सारंगढ़** 19 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के नागरिकों के स्व-प्रेरणा से मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम में सहभागिता करने से भारत निर्वाचन आयोग का मतदान का उद्देश्य पूरा होते नजर आ रहा है। बरमकेला विकासखंड में मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान में युवा-बुजुर्गों का हस्ताक्षर करने की होड़ उनकी उत्सुकता और खुशियों को उजागर करती है। ग्रामीण और शहरी मतदाता द्वारा अपने गली, मोहल्लों, मतदान केन्द्रों में स्वमेव पहुंचकर और कहीं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के आव्हान पर मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सामूहिक मतदाता शपथ लिया गया। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों, पत्रकारगणों और सारबिला अकादमी सारंगढ़ के नये मतदाताओं के साथ मतदाता शपथ ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एडीएम निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बनर्जी, आयुर्वेद अधिकारी पटेल, एसीईओ संजू पटेल, पत्रकारगण उपस्थित थे। इसी प्रकार जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों, स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल के मतदान केन्द्रों, नगरपालिका सारंगढ़ सहित जिले के राजस्व, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, विद्युत कंपनी, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण आदि विभागों के तहसील एवं एसडीएम, परियोजना, बीईओ, डीईओ, रेंज, जिला, एसडीओ आदि कार्यालयों में मतदाता शपथ का सामूहिक आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं से मतदान शपथ का फार्म भी भरा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और निर्वाचन से जुड़े सभी रिटर्निंग अफसर आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### अटल बिहारी वाजपेयी शास महाविद्यालय के रासेयो इकाई द्वारा वृक्षारोपण

जांजगीर, 19 अगस्त (देशबन्धु)। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय नगरदा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं समस्त प्राध्यापक गणों के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव में मेरी माटी मेरा देश वसुधा के संवर्धन वीरो का अभिनंदन के लिए महाविद्यालय परिसर में वृहत पैमाने पर अशोक,गुलमोहर, अमरूद इत्यादि का वृक्षारोपण एवं पंच प्रण प्रतिज्ञा लिया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केपी कुर्रे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं को वृक्षों के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ.अमित कुमार तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और बेहतर बनाने के लिए पेड़ पौधे लगाना जरूरी है। जिस प्रकार भोजन के बिना इंसान दुर्बल हो जाता है। ठीक उसी प्रकार पेड़ पौधों के बिना हमारे यह वातावरण दुर्बल हो जाता है। जल स्तर को बढ़ाने में सहायता प्रदान करता हैं। प्रो.आशीष दुबे ने अपने शब्दों में कहा कि वातावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षों की अहम भूमिका होती है। डॉ.अरविंद जगदेव ने स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं को अधिक से अधिक संख्या मे पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहन किया एवं उनकी देख रेख करने सम्बंधित गतिविधि आयोजित की गई। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के समस्त अतिथिव्याख्याता मनोज शायर,रवि खूंटे, डिप्टी राठौर, कविता वर्मा ,हेमंत चंद्राकर एवं कार्यालयीन स्टाफ मनोज राठौर, विवेक अग्रवाल उपस्थित थे। राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मुन्ना लाल सिदार के मार्गदर्शन मे सम्पन्न करते हुए अपने संबोधन में कहा कि पेड़ पौधे दूसरो के हित में और आने वाले नए पीढी के लिए बहुत लाभदायक होते है। इस कार्यक्रम मे ज्योति प्रकाश यादव, शिव साहू,मंजीत सिंह, प्रमोद कुमार,अंजली,रुचि पांडे, खुशबू गबेल, महेश्वरी गबेल, हुलेश्वरी बरेट,अनामिका महिलांगे,लूमेश्वरी बरेट, तनुजा सिदार,शालिनी राठौर,ईश्वरी उराव, गनेशी बरेट, वंदना राठौर, मधु सिदार, अजय,प्रदीप कुमार,सूर्य प्रकाश, धनंजय राठौर, चलेश्वर राठौर,वर्षा,टिंकल,पूजा,साहिल,सहित अन्य स्वयंसेवकों एवं सेविकाओं ने भी बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाये।

# घाटों से रात में हो रहा रेत का अवैध उत्खनन



पामगढ में सडक किनारे डंप किया जा रहा रेत

**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने रेत की सभी खदानों से उत्खनन पर 30 अक्टूबर तक के लिए रोक लगा दी है, साथ ही रेत का उत्खनन व भंडारण भी प्रतिबंधित हो गया है। ऐसे में प्रशासन की आंख में धूल झोंकने के लिए रेत माफिया दिन में तो जो रेत डंप करके रखे हैं उसे बेच रहे हैं और रात में घाटों में मशीन उतारकर खनन किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी जिला प्रशासन और खनिज विभाग के अधिकारियों को नहीं है। जानकारी होने के बाद भी खनिज और जिला प्रशासन के अधिकारी रात में कार्रवाई करने नहीं निकलते हैं ।

महानदी, हसदेव नदी के रेत घाट से ठेकेदारों के द्वारा दिन रात उत्खनन कर डंप किया जा रहा है। रात में भी उत्खनन और परिवहन का कार्य चल रहा है। रातभर रेत से भरी हाइवा शहर और गांवों से होकर गुजर रही है। रातों रात ठेकेदार के द्वारा मशीन से खनन कर रेत डंप करने के साथ ही परिवहन भी किया जा रहा है। रेत ठेकेदारों के द्वारा शिवरीनारायण, उदयबंद, गाड़ापाली, नवापारा, भादा, केराकछार और बम्हनीडीह में बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया गया है। वर्षा का मौसम आने और प्रतिबंध लगने के बाद रेत उत्खनन और परिवहन का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बम्हनीडीह में भी हसदेव के रेत घाट से देर रात उत्खनन व परिवहन जारी है। जिले के हसदेव, महानदी सहित अन्य सहायक नदियों के रेत घाटों को रेत खनन के लिए ठेका में दिया गया था । इसके अलावा दर्जन भर अवैध खदानों से भी रेत उत्खनन किया जा रहा था। प्रतिबंध के दौरान रेत की भारी किल्लत होती है इसे देखते हुए रेत माफियाओं ने बरसात के पहले ही नदियों से रेत निकालकर रेत का पहाड़ बना चुके थे। चार महीने तक डंप रेत को दो से तीन गुना अधिक कीमत में बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन का कार्य जोरों से चल रहा है। नदियों का सीना चीरकर रेत माफिया बिना रायल्टी के रेत बेचकर सरकार को करोड़ों रूपए का चूना लगा रहे हैं। नदियों का सीना छलनी कर फिर रेत डंप किए जा रहे हैं। बरसात के दौरान एनजीटी द्वारा नदियों से रेत के उत्खनन पर रोक लगा दी जाती है। वर्षाकाल 10 जून से 30 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर रोक लगाती है। इस बार 9 जून की रात 12 बजे से ही उत्खनन पर रोक लगा दी गई है। जिले में गाड़ापाली, नवापारा, केराकछार, बोरसी और गतवा को मिलाकर पांच रेत की खदानें चालू थी वो भी अब बंद है। इसके बाद भी इन घाटों में रेत का उत्खनन और परिवहन बदस्तुर जारी है।

ब्लाक कालोनी पामगढ के पास सडक किनारे बिना अनुमति रेत डंप किया जा रहा है। इससे सडक पर रेत फैलने से दुर्घटना का भी खतरा बना हुआ है। रेत खनन पर प्रतिबंध के बाद भी अवैध रूप से रेत उत्खनन कर डंप किया जा रहा है। मगर इस पर कार्रवाई करने की फुर्सत किसी को नहीं है। नदी में चैन माउंटेन से रेत उत्खनन कर हाइवा में परिवहन किया जाता है और सडक किनारे डंप किया जा रहा है।

# दुष्कर्म के आरोपी युवक को 20 साल सश्रम कारावास



**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। मानसिक रूप से अशक्त एवं मूक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट यशवंत कुमार सारथी ने 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

अभियोजन के अनुसार नाबालिग लड़की के पिता की मृत्यु हो चुकी है तथा घर में तीन बहने एक भाई एवं उसकी मां रहती है। जिसमें से नाबालिग पीड़िता एवं उसकी बड़ी बहन तथा उसकी मां एवं छोटे भाई मानसिक रूप से असक्त एवं कमजोर हैं। केवल छोटी बहन स्वस्थ है । आरोपी चमरा राम नाबालिग पीड़िता के घर गया और उसकी और उसके परिवार केसदस्यों के दिमागी रूप से कमजोर एवं गूंगी बहरी होने का फायदा उठाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इससे वह गर्भवती हो गई। जब वह 5 माह की गर्भवती हुई तो नाबालिग के चचेरे भाई ने नाबालिग के मामा को फोन कर बताया तब उसके मामा ने घर में आकर नाबालिग पीड़िता एवं उसके स्वस्थ छोटी भांजी से घटना के संबंध में पूछताछ की। उसने चमरा राम द्वारा नाबालिग के साथ कई बार घर आकर दुष्कर्म करने की जानकारी दी। इसकी रिपोर्ट जैजैपुर थाने में की गई। पुलिस ने आरोपित के विरूद्ध अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया। मामले की सुनवाई कर विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट यशवंत कुमार सारथी ने आरोपित चमरा राम उर्फ विधायक पिता बैसाखू राम को भादवि की धारा 450 के अपराध के लिए 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार रूपए का अर्थदंड एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6 के अपराध के लिए 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 5 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राकेश महंत ने पैरवी की ।

## चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण




### एसडीएम के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**डभरा**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 36 मे भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर मतदान केंद्रों में जाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जिसका आकस्मिक निरीक्षण एसडीम डभरा सुश्री दिव्या अग्रवाल द्वारा की गई । निरीक्षण के दौरान स्वीप कार्यक्रम के तहत 18 अगस्त को मतदान केंद्रों में बूथ लेबल रजिस्टर एवं पोलिंग बूथ की सुरक्षा के संबंध में पुलिस ऑफिसरो से एवं अन्य चुनाव संबंधित जानकारी ली गई एवं सुश्री अग्रवाल के नेतृत्व में ग्राम सपोस से बगरैल तक स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ताकि मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके । स्वीप कार्यक्रम के तहत ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा गांव-गांव में ईवीएम मशीन का प्रदर्शन कर आम मतदाताओं को जानकारी दे रहे हैं। मतदाता जागरूकता रैली में एसडीएम सुश्री अग्रवाल युवाओं को रस्सा कसी खेल के माध्यम से भी मतदाता अभियान के बारे में जागरूक किया एवं युवाओं को शपथ दिलाया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं मतदाताओ ने हिस्सा लिया।

### 24 स्कूलों में पुलिस द्वारा अभिव्यक्ति ऐप्स की दी गई जानकारी

**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। बम्हनीडीह ब्लाक के 24 स्कूलों में जिला पुलिस द्वारा जाकर शिक्षक/शिक्षिकाओं एवम छात्र, छात्राओं को अभिव्यक्ति ऐप्स की जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप्स डाउनलोड कराया गया

जिले में आज कुल 881 लोगो को अभिव्यक्ति ऐप्स की जानकारी देकर अभिव्यक्ति ऐप्स डाउनलोड कराया गया। जिला पुलिस द्वारा जिले में अब तक 18,064 लोगो को अभिव्यक्ति डाउनलोड कराया जा चुका है। जिला पुलिस द्वारा लगातार सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जाकर लोगो को जागरूक करते हुयें अभिव्यक्ति एप की जानकारी दी जा रही है। लोगो को सायबर क्राइम एवं ऑनलाईन ठगी से बचाव एवं सोशल मिडिया के सुरक्षित उपयोग के तरीको के बारे में जानकारी दी जा रही है। घरेलु हिंसा, बाल विवाह एवं नशापान के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी जा रही है। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से उपस्थित महिलाओं को गुड टच एवं बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। अभिव्यक्ति एप डाउनलोड करायें जाने में श्रीमती रीना नीलम कुजूर महिला सेल प्रभारी जांजगीर एवं महिला सेल स्टाफ द्वारा का विशेष योगदान रहा है।

### विधायक ने किया सांस्कृतिक मंच का भूमि पूजन



**अकलतरा**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम खिसोरा अकलतरा में महामाया मंदिर प्रांगण में विधायक सौरभ सिंह ने विधायक निधि से प्रस्तावित 7 लाख की राशि से सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। यह गांव वालों की बहुत पुरानी मांग थी, जिसके निर्माण के बाद गांव के लोगों को अनेक सुविधाए प्राप्त होंगी । इस अवसर पर ग्राम के प्रबुद्ध जनों के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

### बलौदा बिजली विभाग कार्यालय का किया जाएगा घेराव

**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। अकलतरा विधायक सौरभ सिंह ने कलेक्टर को पत्र लिखकर बलौदा में अघोषित रूप से हो रही विद्युत कटौती पर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि बलौदा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है तथा वहां किसी भी तरीके से नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विद्युत विभाग में ना तो कोई जिम्मेदार कर्मचारी फोन उठाता है और ना ही किसी तरीके की जानकारी मिलती है। विभाग के रवैये से लोग त्रस्त हो चुके हैं अत: यदि 25 अगस्त तक बलौदा क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो 26 तारीख को नागरिकों के साथ विद्युत विभाग के दफ्तर का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी। इसके लिए किसी भी स्थिति में विद्युत विभाग एवं प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### नि:शुल्क रक्त परीक्षण का आयोजन हर बूथ में - अमर सुल्तानिया

**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। जांजगीर चांपा विधानसभा के सभी बूथों पर नि:शुल्क रक्त परीक्षण का आयोजन अमर सुल्तानिया के द्वारा किया जा रहा है, नि:शुल्क रक्त परीक्षण का शुभारंभ ग्राम अमोरा से किया गया। पहले दिन करीब 150 लोगो ने अपना रक्त परीक्षण कराया साथ ही सभी को ब्लड ग्रुप कार्ड दिया गया एवं ब्लड डोनेट से संबंधित पाम्पलेट के माध्यम से जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर जनसेवक अमर सुल्तानिया ने कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा हैं। इसी कड़ी में हमारे द्वारा विशाल नि:शुल्क रक्त परीक्षण का आयोजन जांजगीर चाम्पा विधानसभा के हर बूथ में किया जा रहा है। आम लोगो को अपने ब्लड ग्रुप के बारे में जानकारी का अभाव रहता है, यदि कभी दुर्घटना हो जाये या किसी को ब्लड की जरूरत हो तो अपने ब्लड ग्रुप की जानकारी के अभाव में उन्हे ब्लड उपलब्ध नही हो पाता जिससे उनको जान की खतरा बना रहता हैं। साथ ही लोगो को रक्त दान के बारे में जागरूक किया जा रहा है, आमतौर पर लोग रक्त दान से इसलिए डरते है, क्योकि उन्हे लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी।

# फर्स्ट स्टेप स्कूल में मनाया गया आजादी महोत्सव




**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। जांजगीर के फर्स्ट स्टेप इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

आजादी के इस अमृत महोत्सव में फर्स्ट स्टेप स्कूल के बच्चों ने भी बहुत उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल को रंग-बिरंगे गुब्बारे और फूलों से सजाया गया था। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के डायरेक्टर किशोर सिंह गहलौत व आलोक नाग के द्वारा स्कूल प्रांगण में झंडा फहराया गया। इसके पश्चात उनके द्वारा अभिभावकों छात्र-छात्राओं तथा दर्शकों का स्वागत किया गया तत्पश्चात स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत नाटक भाषण देशभक्ति की कविताएं तथा फैंसी ड्रेस के कार्यक्रम शामिल थे। छोटे-छोटे बच्चों ने शहीद भगत सिंह नेताजी सुभाष चंद्र बोस चाचा नेहरू सीमा पर तैनात फौजी भाई तथा सिपाही,परी तथा भारत माता की वेशभूषा में मंच पर आकर खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का सफल संचालन अनामिका मैम द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों एवं बच्चों को प्रसाद के रूप में बूंदी का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा से लहक लहरें रिद्धिमा सिंह स्वास्तिका सोन,सेजल श्रीवास, स्नेहल ओगरे, दिशा कहरा, निकिता कंवर, श्रेया सिंह, आदि चंद्रा, अभी चंद्रा, नैवेद्य सिंह बैस, लाव्या यादव, कक्षा पी 2 से हंसिका लदेर, सिद्धांत सिंह, रौनक बजाज इसके अलावा अन्य कक्षाओं से योगेश दीवान, नव्या सिंह, युग साहू, पुष्कर यादव, साहिल पंजवानी, दीक्षा केरकेट्टा, रश्मि, दीप्ति लदेर, गृहेश यादव, कुमकुम श्रुति कहरा, कृतिका, आयुष, यश, प्रतीक, अनुज, दिव्या, रितेश लदेर, आदि बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर फर्स्ट स्टेप स्कूल के चिराग सर द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रिका मेम एवं पुष्पा मैम के मार्गदर्शन में सुकन्या मैम गायत्री मैम नीलिमा मेम प्रियानी मैम अंजू मैम तथा आकांक्षा मैम ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# जैजैपुर विस में कांग्रेस नेता कमल किशोर ने चलाया जनसंपर्क अभियान




डभरा 19 अगस्त (देशबन्धु)। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता एवं हाईकोर्ट अधिवक्ता कमल किशोर पटेल द्वारा क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क कर रहे है हम आपको बता दें कि कांग्रेस नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि मानवअधिकार आरटीआई विभाग के प्रदेश महामंत्री कमल किशोर पटेल द्वारा जनसंपर्क कार्यकम के तहत जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोहदा पहुंचे जहां ग्राम रोहदा में आयोजित युवा मितान महिला एवं किसान सम्मान समारोह में शामिल हुए इस कार्यक्रम में कांग्रेस नेता कमल किशोर पटेल का ग्रामीणों एवं महिलाओं युवाओं कांग्रेस कार्यकर्ताओं किसानों द्वारा भव्य आत्मीय स्वागत किया गया ।

इस सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कमल किशोर पटेल ने कहा कि आज नारी शक्ति देश की शक्ति है आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है उन्होंने महिलाओ को छत्तीसगढ़ सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ लेने कि बात कही उन्होंने गांव की महिला समूह के सदस्यों एवं ग्रामीणों एवं महिलाओं की समस्याओं को हल करने का प्रयास करने का आश्वासन दिया जहां गावों में ग्रामीणों एवं महिला समूहो युवाओं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए ।लगातार जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान गांव गांव में जाकर मुलाकात कर रहे हैं अभी तक कई गांव में जनसंपर्क कर चुके है

छत्तीसगढ़ के भूपेश सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे है एवं गांव की मूलभूत समस्याओं पर भी ध्यान दे रहे हैं साथ ही महिला समूह के सदस्यों महिलाओं को रक्षाबंधन पर्व पर साड़ी भेट कर एवं क्रिकेट टीम के युवाओं को क्रिकेट के सामान दे कर सम्मानित किया गया ।इस कार्यक्रम में ग्राम रोहदा एवं आस पास गावों के महिला समूहों के सदस्यों गांव की महिलाएं किसान युवा शक्ति एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बच्चों को इंजी. रवि पाण्डेय ने किया सहायक उपकरणों का वितरण

**जांजगीर**, 19 अगस्त (देशबन्धु)। नवागढ़ विकासखण्ड के विभिन्न गांवों के विभिन्न कोटि के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा के माध्यम से शिक्षा देने के साथ-साथ उन्हें सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ते हुए हर क्षेत्र में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराने 14 अगस्त सोमवार को सदर स्कूल जांजगीर स्थित रिसोर्स रूम में 9 दिव्यांग बच्चों के बीच सहायक उपकरण का वितरण किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि इंजी. रवि पाण्डेय सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी रहे। सहायक उपकरणों को समग्र शिक्षा एपीसी दिनेश सोनवान, बीआरसीसी श्रीमती रिषीकांता राठौर, बीआरपी सुश्री अंजू मिश्रा सहित पालकों के मौजूदगी में दिव्यांग मयंक सूर्यवंशी को रोलेटर, शारदा सूर्यवंशी को ट्रायसायकल, भवानी प्रसाद को ट्रायसायकल, जानकी कौशले को श्रवण यंत्र, रीति यादव को व्हील चेयर, अंशु यादव को व्हील चेयर, गुनगुन यादव को व्हील चेयर, नीरज कहरा को मोबाईल, अनिकेत को ब्लाइंड किट, चश्मा व मोबाईल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी. रवि पाण्डेय ने कहा कि इस पहल से बौद्धिक दिव्यांग, दृष्टिहीन, मूकबधिर बच्चों को समाज की हर गतिविधि में जुड़ने का अवसर प्रदान होगा। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के सुखद भविष्य की मंगल कामना की।

## चीन में अगले तीन दिनों में भारी बारिश होने के आसार

**बीजिंग**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के उत्तरपूर्वी प्रांत हेइलोंगजियांग और जिलिन में अगले तीन दिनों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, तिब्बत के कुछ हिस्सों के साथ-साथ सिचुआन, हुनान और शनाक्सी प्रांतों में भी अगले तीन में बारिश होने के अनुमान हैं। चीन के मध्य प्रांत हुबई के कुछ हिस्सों में अगले तीन दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने खराब मौसम को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# देश विदेश

बुशरा बीबीने जताई आशंका

# इमरान को जेल में जहर दिया जा सकता है

**इस्लामाबाद**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी ने जेल में बंद अपने पति की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए और कहा है कि उनके पति को अटोक जेल में जहर दिया जा सकता है।

पंजाब के गृह सचिव को लिखे पत्र में सुश्री बुशरा कहा कि अदालत ने संबंधित अधिकारियों को उनके पति को रावलपिंडी की अदियाला जेल में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा, मेरे पति को बिना किसी कारण के अटोक जेल में कैद कर दिया गया है। कानून के मुताबिक, मेरे पति को अदियाला जेल में स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अतीत में श्री खान की हत्या के दो प्रयास किए गए थे। इसमें शामिल आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।



### बुशरा बीबी ने पंजाब के गृह सचिव को लिखा पत्र

जेल मैनुअल पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कहा श्री खान को 48 घंटे के भीतर सभी सुविधाएं प्रदान की जानी थीं, लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी उन्हें प्रदान नहीं किया गया है। जेल नियमों के मुताबिक उन्हें निजी डॉक्टर से मेडिकल जांच कराने का अधिकार है। उन्होंने पीटीआई प्रमुख को जेल मैनुअल के मुताबिक सुविधाएं मुहैया नहीं कराने के मामले की जांच की मांग की। उल्लेखनीय है कि अगस्त माह की शुरुआत में यहां की अदालत ने श्री खान को 2018-22 के कार्यकाल के दौरान विदेशी गणमान्य व्यक्तियों से प्रधानमंत्री के रूप में प्राप्त राज्य उपहारों की बिक्री से संबंधित तोशाखाना मामले में तीन साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन्हें पांच साल के लिए राजनीति से भी प्रतिबंधित कर दिया गया।

### जेल में बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएं

उन्होंने मांग की कि उनके पति ऑक्सफोर्ड स्नातक तथा राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान हैं। इसलिए उन्हें बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएं और अटोक जेल में ऐसी सुविधाएं नहीं मिलती, जिसके वह हकदार हैं।

### खान की हत्या के हो चुके हैं दो प्रयास

बुशरा ने आगे कहा कि अतीत में खान की हत्या के दो प्रयास किए गए थे और इसमें शामिल आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने पत्र में कहा, उनकी (खान) जान अभी भी खतरे में है और डर है कि मेरे पति को अटक जेल में जहर दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री होने के नाते उनके पति को जेल में घर का बना खाना खाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# अमेरिका, द. कोरिया, जापान साझा खतरे की स्थिति में एक दूसरे से करेंगे बात

**वाहिंगटन**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया और चीन से पैदा हुई सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के लिए अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने अपनी साझेदारी को नए स्तर पर ले जाने का फैसला किया है। आम खतरे की स्थिति में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यूं सुक येओल और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एक दूसरे से बात करने पर सहमत हुए। अमेरिका के मैरीलैंड में कैंप डेविड प्रेसिडेंशियल रिट्रीट में आयोजित एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के दौरान तीनों नेता इस समझौते पर पहुंचे। इसे जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच परामर्श करने की प्रतिबद्धता कहा गया। यह तीन देशों के बीच पहली ऐसी साझेदारी है। बयान में कहा गया, हम, जापान, कोरिया गणराज्य और संयुक्त राज्य अमेरिका के नेता, हमारी सरकारों को हमारे सामूहिक हितों को प्रभावित करने वाली क्षेत्रीय चुनौतियों, उकसावों और खतरों के प्रति हमारी प्रतिक्रियाओं को समन्वित करने के लिए एक-दूसरे के साथ त्रिपक्षीय परामर्श करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन परामर्शों के माध्यम से, हम जानकारी साझा करेंगे और जवाबी प्रतिक्रिया का समन्वय करेंगे। दस्तावेज़ में हालांकि खतरे या चुनौती के प्रकार के बारे में नहीं बताया गया है। लेकिन दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के एक अधिकारी ने व्यापार विवाद, उत्तर कोरियाई मिसाइल खतरा, समुद्र में गंभीर उकसावे, या अंदर या बाहर किसी भी खतरे जैसे उदाहरणों का हवाला दिया।



तीन देशों के बीच है पहली ऐसी साझेदारी

## सुडोकू 6291

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | 2 | 4 |
| | | | 1 | 4 | | | | |
| | | | | 9 | | | 5 | 7 |
| 7 | 3 | | | | | 4 | | 5 |
| 8 | | | | | | | | 3 |
| 5 | | 4 | | | | | 8 | 2 |
| 9 | 1 | | | 5 | | | | |
| | | | | 8 | 2 | | | |
| 4 | 7 | | 3 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6291



**बायें से दायें:-**

१. प्रवेश, साथ रहना, मिलना, एकत्र होना, शामिल होना
३. युद्धसंबंधी
५. अधिकतर
६. जो बुरी तरह टूट-फूट गया हो
७. पृथ्वी के नीचे का एक लो
९. तारने या उद्धार करने वाला, विष्णु, शिव
१०. अफ़वाह, जनश्रुति
१२. जो आसानी से मिल जाए, आसान
१३. देर, देरी
१४. उचित, उपयुक्त (उर्दू)
१६. समाधान, एक कृषि उपकरण
१८. जंगलों में पैदा होने वाला
२०. मजेदार
२१. चिढ़, घृणा (उर्दू)
२३. अपने जीवन में बीती घटनाओं का विस्तृत वृत्तांत

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ चलने वाला, साथी
२. जिसमें दर्द या पीड़ा की अनुभूति न हो
३. मामूली, जो विशेष न हो
४. उत्कोच
५. दूसरोंकेसाथ किया जाने वाला व्यवहार
८. करीब-करीब
१०. सूचित करना, बताना
११. प्रतिद्वंद्वी (उर्दू)
१२. भोर, प्रभात
१३. वायुयान
१४. शुभ, भला, पवित्र (उर्दू)
१५. रेल का सिंग्नल
१७. सेना, फौज (उर्दू)
१८. वृद्धिकारक
१९. जन्म देने वाली
२२. सिंहासन (उर्दू)

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 20 अगस्त, 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - आपका आज का दिन आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक योजनाएं सफल होंगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी कुछ काम कर सकेंगे। आज आपके संपर्क में वृद्धि होगी। आपके क्षेत्र के बाहर के लोगों के साथ भी संचार अधिक रहेगा।

वृषभ - आज आपको वाद-विवाद में सफलता मिलेगी। आप की वाणी किसी को मोहित करेगी और वह आप के लिए लाभदायी रहेगा। नए संबंध बनेंगे, जो आगे आपके काम आएंगे। विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने में रुचि बढ़ेगी।

मिथुन - आज आप ज्यादा इमोशनल ना हो और ना ही कोई नया रिश्ता बनाने की ओर अग्रसर हों। किसी बीमारी के कारण मन में चिंता रहेगी। ज्यादा सोचने के कारण मानसिक थकान का अनुभव हो सकता है।

कर्क - आज भाइयों से लाभ होगा। दोस्तों से मुलाकात और स्वजनों से खुशी मिलेगी। किसी सुंदर स्थल पर प्रवास की संभावना है। आज आपको हर काम में सफलता प्राप्त होगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी।

सिंह - विभिन्न योजनाओं से संबंधित विचारों की अधिकता से आप दुविधा में रहेंगे। हालांकि परिजनों के साथ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। दूर स्थित व्यक्ति या संस्था के साथ संबंधों में दृढ़ता आएगी, जो आगे चलकर लाभदायी रहेगी।

कन्या - आज का दिन बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ आनंददायी भेंट होगी। प्रवास भी आनंदप्रद रहेगा।

तुला - क्रोध पर संयम रखें। संभव हो, तो वाद-विवाद से दूर रहें। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। विशेषकर आंखों का ध्यान रखें। दुर्घटना की भी आशंका है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए लाभकारी और शुभफलदायी है। सांसारिक सुख प्राप्त होगा। विवाहोत्सुकों के लिए विवाह के योग हैं। व्यावसायिक क्षेत्र में भी विशेष लाभ होगा। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

धनु - आज का दिन शुभफल देने वाला है। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। पिता और बड़ों से लाभ होने की संभावना है।

मकर - आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी है। बौद्धिक काम और व्यावसायिक क्षेत्र में आप नए विचारों से प्रभावित होंगे। आप अपनी सृजनशक्ति का भी परिचय देंगे।

कुंभ - नियम विरुद्ध कामों से आप दूर रहें। वाणी पर संयम बरतें। इससे पारिवारिक विवाद को आप टाल सकेंगे। प्रत्येक व्यक्ति, वस्तु या घटना को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की जरुरत है।

मीन - आज मनोरंजन और आनंद-प्रमोद में आप डूबे रहेंगे। कलाकार, लेखक आदि को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। पार्टनरशिप के काम में आपको लाभ होगा। स्वजनों, मित्रों के साथ पर्यटन का आनंद ले सकेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अफगानिस्तान में 3,500 विकास परियोजनाएं लागू की गई

**काबुल**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में पिछले वर्ष देश भर में 3,575 विकास परियोजनाएं कार्यान्वित की गई हैं। एक स्थानीय टीवी ने अर्थव्यवस्था मंत्रालय के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। टोलो न्यूज के अनुसार एक अरब 90 करोड़ अमेरिकी डॉलर की परियोजनाएं स्वास्थ्य, कृषि, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों से संबंधित है। अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने बताया कि इस वर्ष और अधिक विकास योजनाओं पर विचार किया जा रहा है। इन योजनाओं में कृषि सहित कई उद्योगों में सड़क, बांध और अन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण शामिल है। पिछले वर्ष की तुलना में इस पर अधिक धन खर्च किया जाएगा और पारदर्शिता होगी। उल्लेखनीय है कि देश में नए बांधों और अन्य जल परियोजनाओं का निर्माण कार्य जारी है। ऊर्जा और जल मंत्रालय ने जल प्रबंधन की 411 परियोजनाओं को लागू करने के लिए तीन अरब सात करोड़ अफगानी मुद्रा आवंटित की है।

# भारत में बना जी-20 बैठकों का कीर्तिमान : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राजनयिक हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत की अध्यक्षता में विकसित और विकासशील देशों के समूह जी20 अपनी अध्यक्षता में बैठकों के आयोजन का जो कीर्तिमान स्थापित हो रहा है उसकी बराबरी करना अन्य देशों के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। एक टीवी समाचार चैनल द्वारा जी-20 शिखर बैठक को लेकर आयोजित दिन भर की परिचर्चाओं के एक सत्र में आवास और शहरी मामलों के मंत्री श्री पुरी ने कहा कि जी20 के आयोजन में 'जो कीर्तिमान भारत ने स्थापित किया है, इससे अन्य देशों के लिए चुनौती रहेगी. भारत ने जो आयोजन कराए हैं वैसा करने में अगले देशों को थोड़ी मुसीबत होने वाली है।' उल्लेखनीय है कि भारत ने 9-10 सितंबर को राजधानी में होने वाली जी20 शिखर बैठक से पहले विभिन्न विषयों पर 60 से अधिक बैठकें रखी गयीं। ये बैठकें जम्मू-कश्मीर से लेकर पूर्वोत्तर तक देश के विभिन्न भागों हुई हैं। व्यापार और निवेश पर एक मंत्रिस्तरीय बैठक अगले सप्ताह जयपुर में होने जा रही है। इससे पहले वहीं इस विषय पर जी20 कार्यसमूह की दो दिन की बैठक भी होगी। श्री पुरी ने बातचीत के दौरान अपने मंत्रालयों की उपलब्धियों के बारे में बात की। उनसे जब पूछा गया कि देश में पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम चुनाव के समय पर ही क्यों गिर जाते हैं तो उनका जवाब था कि इन चीजों के दाम अंतरराष्ट्रीय कीमतों, परिवहन और बीमा, परिशोधन की लागत, परिशोधनमार्जिन और करों की दरों से तय होते हैं। उन्होंने कहा, ऐसे में अगर दुनियाभर में दाम बढ़ेंगे तो सरकार के पास कोई विकल्प नहीं बचता है। श्री पुरी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दाम बढ़ने के बाद भी नवंबर 2021 में और मई 2022 में सरकार ने पेट्रोलियम पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी कम किया।



■ 'विभिन्न विषयों पर 60 से अधिक बैठकें रखी गई'

# ब्रिटिश कोलंबिया में फैली जंगल की आग

## 15 हजार घरों को खाली करने का आदेश



**ओटावा**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में जंगल की आग से प्रभावित 15 हजार घरों को खाली करने का आदेश दिया गया है। बीबीसी की शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने ब्रिटिश कोलंबिया में शुक्रवार दोपहर को चार हजार से बढ़ाकर 15 हजार घरों को खाली करने का आदेश दिया है जबकि 20 हजार घर अलर्ट पर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पूरे प्रांत में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी गई है, जहां सैकड़ों जगह आग लगी हुई हैं। 36 हजार की आबादी वाले शहर वेस्ट केलोना में 'बड़ी संख्या में' इमारतों में आग लग गई और 2,400 से अधिक घरों को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि विशाल क्षेत्र में लगी आग येलोनाइफ़ शहर की ओर बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कनाडा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र की राजधानी शहर को खाली करने की आधिकारिक समय सीमा समाप्त हो गई है। वहां रहने वाले करीब सभी लोग कार या विमान से वहां से चले गए है। पर्यावरण और सामाजिक मंत्री शेन थॉम्पसन ने कहा कि शहर के 20 हजार में करीब 19 हजार लोगों ने घरों को खाली कर दिया हैं। श्री थॉम्पसन ने कहा, कुछ लोगों ने दूसरी जगह आश्रय लिया हैं।

## चीन ने ताइवान के आसपास शुरू किया सैन्य अभ्यास



**नानजिंग**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के पूर्वी थिएटर कमांड ने शनिवार को ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू किया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने कमांड के प्रवक्ता शि यी के हवाले से कहा, अभ्यास का उद्देश्य सैन्य जहाजों और हवाई जहाजों के समन्वय और हवाई व समुद्री स्थानों पर नियंत्रण हासिल करने की उनकी क्षमता को प्रशिक्षित करना है। शी ने कहा, सशस्त्र बलों की वास्तविक युद्ध स्थितियों में लड़ने की क्षमता का परीक्षण किया जाएगा। उन्?होंने यह भी कहा कि यह अभ्यास विदेशी तत्वों के साथ ताइवान के अलगाववादियों को एक चेतावनी भी है।

## वर्ग पहेली-6290

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | बा | २ र | त | | | ३ प | र | ४ जी | वी |
| ष्ट | | ह | | ५ स | वा | ल | | व | |
| ६ दे | व | ना | ग | री | | ७ ट | मा | ट | ८ र |
| व | | | | ९ सृ | ज | न | | | वि |
| | १० अ | भि | ११ शा | प | | | १२ नि | शां | त |
| | र्ज | | बा | | १३ वि | ध | वा | | न |
| १४ व | न | १५ वा | सी | | र | | १६ स | म | १७ य |
| श | | रां | | १८ अं | त | १९ र | | हे | |
| २० व | र्षा | ग | | ब | | २१ ज | ला | श | २२ य |
| र्ची | | २३ ना | फ | र | मा | नी | | | क्ष |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6291 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 6 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 4 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 9 | 8 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 9 | 8 |

## आज का इतिहास

1828 - राजा राम मोहन राय के ब्रह्म समाज के पहले सत्र का आयोजन कलकत्ता (अब कोलकाता) में संपन्न हुआ।
1897 - रोनाल्ड रॉस ने कलकत्ता (अब कोलकाता) के प्रेसिडेंसी जनरल हॉस्पिटल में काम करने के दौरान मलेरिया के कारक एनोफिलीज मच्छर की पहचान की।
1921 - केरल के मालाबार क्षेत्र में मोपला विद्रोह की शुरुआत हुई। मोपला विद्रोह केरल के मालाबार क्षेत्र में शुरू हुआ।
1949 - यूरोपीय देश हंगरी में संविधान को अंगीकार किया गया।
1955 - मोरक्को और अल्जीरिया में फ्रांस-विरोधी दंगों में सैकडों लोग मारे गए।
1972 - तत्कालीन सोवियत रुस ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 - तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के 23 दिनो के अंदर ही इस्तीफा दिया।
1988 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल जिया उल हक का हवाई दुर्घटना में निधन एवं सीनेट के सभापति गुलाम इशहाक ख़ान राष्ट्रपति बने। भारत और नेपाल में 6.5 की तीव्रता वाले भूकंप से एक हजार लोगों की मौत हुई।
1994 - सं.रा. अमेरिका द्वारा क्यूबा के शरणार्थियों को आश्रय देने की 28 वर्ष की पुरानी नीति को समाप्त करने की घोषणा।
1998 - लिएंडर पेस ने पीट सम्प्रास को हराकर पायलेट पेन अंतर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता जीता।
1991 - उत्तरी यूरोपीय देश इस्तोनिया ने तत्कालीन सोवियत रुस संघ से अलग होने की घोषणा की।
2001 - स्पेन में भारतीय चैम्पियन विश्वनाथन आनन्द ने स्पेन के अलेक्सेई शिरोव को शिकस्त देकर विलारोडेज शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब जीता।

**आयोजन** *कई देशों के विशेषज्ञ गुफाओं की सुरक्षा पर कर रहे हैं चर्चा*

# गुफा मंदिरों के संरक्षण पर पहला अंतरराष्ट्रीय मंच छोंगछिंग में आयोजित

**बीजिंग, 19 अगस्त (एजेंसियां)। गुफा मंदिरों के संरक्षण पर पहला अंतरराष्ट्रीय मंच 19 से 21 अगस्त तक दक्षिण-पश्चिमी चीन के छोंगछिंग शहर के ताजू क्षेत्र में आयोजित हो रहा है।**

**यह मंच जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में गुफा मंदिरों के संरक्षण पर केंद्रित है। नेपाल, पाकिस्तान, ईरान, अफगानिस्तान, इटली, ब्रिटेन आदि देशों के विशेषज्ञ चीनी विद्वानों के साथ गुफाओं की सुरक्षा की अवधारणा और प्रौद्योगिकी, और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिये गुफा मंदिरों के कार्यों पर चर्चा कर रहे हैं।**

गौरतलब है कि गुफा मंदिर खड़ी चट्टानों पर खोदी गई गुफा के आकार की बौद्ध इमारतों को संदर्भित करते हैं। वे बौद्ध वास्तुकला के शुरुआती रूपों में से एक हैं और भारत में उनकी शुरुआत हुई थी। सबसे पहले, यह भिक्षुओं के लिए दुनिया से छिपने के लिए बौद्ध गतिविधियों का अभ्यास करने या आयोजित करने के लिए पहाड़ों में खुदाई करने का स्थान था, और फिर इसे बौद्ध धर्म के साथ चीन में प्रसार-प्रचार किया गया था। चीन की चार प्रमुख गुफ़ाए हैंकानसू प्रांत में स्थित डुनहुआंग मोगाओ गुफ़ा, हनान प्रांत के लोयांग शहर में स्थित लुंगमन गुफ़ा, शांक्सी के ताथोंग शहर में स्थित यूनकांग गुफ़ा, और कानसू प्रांत में स्थित मैजिशान गुफ़ा। अधिकांश दक्षिणी गुफाएं दक्षिण-पश्चिम चीन के सछवान और छोंगछिंग क्षेत्र में स्थित हैं, जिनमें से दाजू रॉक नक्काशी सबसे प्रसिद्ध हैं, जो विश्व विरासत सूची में शामिल है।



## तिब्बत के आली प्रिफेक्चर में आयोजित होगा पर्यटन महोत्सव

**बीजिंग**। तिब्बत स्वायत्त प्रदेश के आली प्रिफेक्चर का लंबा इतिहास और रंगबिरंगी संस्कृति है। यहां कई राष्ट्रीय गैर-भौतिक सांस्कृतिक विरासतें हैं। आली क्षेत्र तिब्बत में प्रारंभिक श्यांगश्योंग सभ्यता का जन्मस्थान है, और इसमें कई विश्व स्तरीय पर्यटन संसाधन हैं। पवित्र कैलाश पर्वत और पवित्र मानसरोवर झील जैसे प्राकृतिक परिदृश्यों के अलावा कुके राजवंश के खंडहर जैसे सांस्कृतिक परिदृश्य भी हैं। इनके अलावा, आली क्षेत्र में तिब्बती वास्तुशिल्प कला, गीत-नृत्य, पेंटिंग, भित्ति चित्र, वेशभूषा, लोक रीति-रिवाज आदि संस्कृतियां भी आकर्षक हैं। 21 से 27 अगस्त तक, 8वां श्यांगश्योंग संस्कृति और पर्यटन महोत्सव आली प्रिफेक्चर में आयोजित होगा।

## दुनिया को जानें

# कैंसर रोगियों में ब्लड क्लोटिंग का खतरा बढ़ाता है कोविड

**न्यूयॉर्क**, 19 अगस्त (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती कैंसर रोगियों और कैंसर रोधी दवाएं लेने वालों में शिराओं से संबंधित थ्रोम्बोएम्बोलिज्म (वीटीई) विकसित होने का खतरा बढ़ सकता है - जो नसों में संभावित रूप से गंभीर खून के थक्के बना सकते हैं। जेएएमए ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन से पता चला है कि सिस्टमिक एंटी-कैंसर उपचार लेने वालों में वीटीई का जोखिम यह उपचार नहीं लेने वालों की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक था। कैलिफोर्निया, सिनसिनाटी, टेक्सास विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने कहा, हालांकि, दवाएं धमनी से संबंधित थ्रोम्बोम्बोलिज्म के उच्च जोखिम से जुड़ी नहीं थीं। उन्होंने पेपर में लिखा, ये निष्कर्ष कैंसर के रोगियों में कोविड-19 संबंधित थ्रोम्बोएम्बोलिज्म से जुड़ी रुग्णता और मृत्यु दर को रोकने के लिए करीबी निगरानी और शायद व्यक्तिगत थ्रोम्बोप्रोफिलैक्सिस की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। अध्ययन के लिए, पूरे अमेरिका की टीम ने दुनिया भर के 4,988 कैंसर रोगियों के डेटा का विश्लेषण किया, जिनमें मार्च 2020 से दिसंबर 2021 तक कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई थी।

# खेल जगत

## आग पर चले बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश के स्टार सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम शेख का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह एशिया कप की तैयारी में अपने दिमागी प्रशिक्षण के तहत निडर होकर आग पर चल रहे हैं। वीडियो को ट्विटर पर पोस्ट किया गया था और इसे नेटिज़न्स से मिश्रित प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। एक यूजर ने लिखा, बांग्लादेश के क्रिकेटर मोहम्मद नईम एशिया कप 2023 की तैयारी के लिए माइंड ट्रेनिंग और फायरवॉकिंग में लगे हुए हैं। यह बहुत बेवकूफी है। क्या होगा अगर वह बड़े टूर्नामेंट से पहले चोटिल हो जाए। हालांकि, इस संबंध में शेख की ओर से कोई पुष्टि नहीं आई है। एशिया कप टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान और श्रीलंका मेजबानी की जिम्मेदारी साझा करेंगे। रोमांच 30 अगस्त को शुरू होगा, जब पाकिस्तान मुल्तान में शुरुआती मैच में नेपाल से भिड़ेगा।



# आईसीसी विश्व कप ट्रॉफी दौरे ने कुवैत और बहरीन को रोशन किया

**कुवैत सिटी/मनामा,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 ट्रॉफी दौरे ने अपनी उल्लेखनीय यात्रा जारी रखी, क्रिकेट का रोमांच फैलाया और कुवैत और बहरीन में क्रिकेट प्रेमियों को एकजुट किया। इन मध्य पूर्वी देशों में दौरे के हालिया पड़ावों को भव्य अनावरण, प्रतिष्ठित स्थानों और अत्यधिक प्रशंसक गतिविधियों द्वारा चिह्नित किया गया था, जो क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। दौरे के पहले दिन अल-हाशमी-द्बुद्व में एक विशेष आमंत्रण कार्यक्रम देखा गया, जो अब तक का सबसे बड़ा सेलिंग शिप है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण कुवैत क्रिकेट क्लब (केसीसी) के अध्यक्ष हैदर फरमान और आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा की उपस्थिति में किया गया।

अनावरण के बाद मनोरम फोटो का अवसर दिया गया, जो एक मनमोहक यात्रा की शुरुआत का प्रतीक था। यह दौरा कुवैत के प्रतिष्ठित स्थानों पर शानदार कार्यक्रमों की एक श्रृंखला के साथ जारी रहा, जिसमें कुवैत टावर्स, संसद, अल हमरा टावर और मॉल - कुवैत की सबसे ऊंची इमारत शामिल है। इन स्थलों ने क्रिकेट की विशाल उपस्थिति और वैश्विक पहुंच का जश्न मनाते हुए दौरे के लिए एकदम सही पृष्ठभूमि प्रदान की। कुवैत चरण का समापन सुलैबिया क्रिकेट ग्राउंड में एक रोमांचक प्रशंसक सक्रियण कार्यक्रम के साथ हुआ, जिसमें लगभग 10,000 प्रशंसक शामिल हुए। ढेर सारी व्यस्तताओं ने क्रिकेट की एकीकृत भावना के बैनर तले प्रशंसकों को एकजुट करते हुए एक कार्निवल जैसा माहौल बनाया।

दौरे की यात्रा बहरीन तक जारी रही, जहां ट्रॉफी ने बहरीन खाड़ी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर और किंग फहद कॉजवे का दौरा किया - जो आकांक्षाओं को पूरा करने वाली एक प्रतीकात्मक कड़ी है। शाम को एक प्रतिष्ठित अनावरण कार्यक्रम देखा गया, जिसमें शेख खालिद बिन हमद अल खलीफा के साथ-साथ आईसीसी के इमरान ख्वाजा और इकबाल सिकंदर जैसे क्रिकेट दिग्गज और अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ट्रॉफी ने बहरीन अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र का भी दौरा किया, जिससे बहरीन के सांस्कृतिक परिदृश्य में क्रिकेट की जगह पक्की हो गई।

दौरे की शुरुआत दाना मॉल में ट्रॉफी प्रदर्शन के साथ हुई, जिससे क्रिकेट का उत्साह और बढ़ गया। शाम को शहर से बहरीन इंटरनेशनल सर्किट तक एक खुली बस की सवारी देखी गई, जिससे प्रशंसकों को एक आश्चर्यजनक पृष्ठभूमि में क्रिकेट के प्रति अपने प्यार का जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर मिला। ट्रॉफी के साथ तस्वीरें खिंचवाते समय प्रशंसकों का उत्साह स्पष्ट था, जो इस दौरे की खुशी और सौहार्द्र को जगाने की क्षमता को रेखांकित करता है।

कुवैत और बहरीन में दौरे की सफलता क्रिकेट की सार्वभौमिक प्रतिध्वनि का प्रतीक है, क्योंकि प्रशंसक उत्सुकता से आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के भव्य आयोजन का इंतजार कर रहे हैं, जहां देश क्रिकेट के सर्वोच्च गौरव के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।




## आईसीसी ने विश्व कप से पहले लांच की शुभंकर जोड़ी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) आगामी विश्व कप के लिए करिश्माई जोड़ी ब्रांड शुभंकर की शुरूआत की घोषणा करते हुए कहा कि क्रिकेट प्रशंसकों की अगली पीढ़ी को यह उत्साहित करेगा। गुरुग्राम में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सदाबहार शुभंकर जोड़ी का अनावरण किया गया। इस मौके पर आईसीसी अंडर-19 महिला और पुरुष विजेता कप्तान शैफाली वर्मा और यश ढुल ने मौजूद थे। आईसीसी का कहना है कि ये पात्र विशिष्ट गुणों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो लैंगिक समानता और विविधता के प्रतीक के रूप में उभरते हैं। प्रशंसकों के पास 27 अगस्त से पहले प्रतिष्ठित पात्रों के नामकरण में योगदान के महत्वपूर्ण चरण में भाग लेने का अनूठा अवसर होगा। लॉन्च इवेंट में एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला 3डी एनामॉर्फिक वीडियो डिस्प्ले दिखाया गया, जिसमें शुभंकरों की उत्पत्ति और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में शामिल होने की उनकी यात्रा का अनावरण किया गया। आईसीसी के इवेंट प्रमुख, क्रिस टेटली ने कहा हमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 से पहले आईसीसी की शुभंकर जोड़ी को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। शाश्वत पात्र संस्कृतियों और सीमाओं से परे क्रिकेट की सार्वभौमिक अपील का संकेत देते हैं, जिसमें शुभंकर एकता और जुनून के प्रतीक के रूप में खड़े हैं। दोनों लिंगों के प्रतिनिधित्व के साथ, वे हमारी गतिशील दुनिया में लैंगिक समानता की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक हैं। अगली पीढ़ी के क्रिकेट प्रशंसकों से जुड़ने की आईसीसी और क्रिकेट की प्राथमिकता के अनुरूप, ये शुभंकर बच्चों को शामिल करने और उनका मनोरंजन करने की शक्ति रखते हैं, जिससे आईसीसी आयोजनों से परे खेल के प्रति जीवन भर प्यार बढ़ता है।

# दो स्वर्ण और तीन कांस्य के साथ भारत ने किया विश्व कप अभियान का समापन

**नई दिल्ली** 19 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 स्टेज 4 में भारतीय पुरुष और महिला कंपाउंड की आर्चरी टीम ने पेरिस में शनिवार को स्वर्ण पदक जीता। भारत ने दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक समेत पांच पदकों के साथ अपने विश्व कप अभियान का समापन किया।

भारत की पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी टीम जिसमें ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश जावकर और अभिषेक वर्मा शामिल थे, उन्होंने फाइनल मुक़ाबले में यूएसए को 236-232 से हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फ्रांस के पेरिस में 15 से 20 अगस्त तक जारी इस प्रतियोगिता में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद और स्वामी परनीत कौर की महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम ने स्वर्ण पदक जीता और यह भारत का इस विश्व कप में पहला स्वर्ण पदक है। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की भारतीय महिला कंपाउंड आर्चरी टीम ने करीबी मुकाबले में मेक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना सोफिया हर्नांडेज़ जीन और डैफ़्न क्विंटरो की तिकड़ी को चार राउंड तक चले मैच में 234-233 से हराकर पोडियम के शीर्ष पर जगह बनाई। दूसरी तरफ ओजस प्रवीण देवताले, प्रथमेश समाधान जावकर और अभिषेक वर्मा की पुरुष कंपाउंड आर्चरी टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

गौरतलब है कि भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने क्वालीफाइंग राउंड में 2113 के स्कोर के साथ शुरुआत से ही प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा था। पहले राउंड में बाई प्राप्त करने के बाद, भारतीय तिकड़ी ने क्रमशः क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में एस्टोनिया और ग्रेट ब्रिटेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी।

इस बीच ज्योति सुरेखा वेन्नम ने व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य पदक अपने नाम किया। ज्योति ने कोलंबिया की सारा लोपेज को शूटऑफ में हराकर कांस्य पदक जीता। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने मिलकर इस महीने की शुरुआत में जर्मनी के बर्लिन में आयोजित तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत की पहली महिला कंपाउंड टीम का स्वर्ण पदक जीता था।



इससे पहले टोक्यो ओलंपियन अतानु दास, धीरज बोम्मदेवरा और तुषार प्रभाकर शेलके की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने स्पेन को 6-2 से हराकर कांस्य पदक जीता था जबकि भजन कौर, सिमरनजीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने भी कांस्य पदक जीता था।

पेरिस तीरंदाजी विश्व कप पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अप्रत्यक्ष क्वालीफायर है। इसमें कोई प्रत्यक्ष कोटा स्थान नहीं है, लेकिन पेरिस मीट रिकर्व तीरंदाजों को रैंकिंग अंक प्रदान करेगी। इसकी मदद से पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए दो ओलंपिक खेलों का टीम कोटा निर्धारित किया जाएगा।

पेरिस में व्यक्तिगत स्पर्धा जीतने वाले तीरंदाज सितंबर में मेक्सिको के हर्मोसिलो में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगे।

## भारत में फुटबॉल की केंद्रीय अकादमी को आकार देंगे आर्सेन वेंगर



**नई दिल्ली** 19 अगस्त (एजेंसियां)। महान कोच और वर्तमान में फीफा के वैश्विक फुटबॉल विकास प्रमुख आर्सेन वेंगर अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के साथ संयुक्त रूप से भारत में एक केंद्रीय अकादमी की स्थापना को अंतिम रूप देने के लिए अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यहां आयेंगे।

फेडरेशन के अध्यक्ष कल्याण चौबे महासचिव डॉ. शाजी प्रभाकरन ने शनिवार को सिडनी में वेंगर समेत फीफा के अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद चौबे ने कहा, मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हम फीफा के साथ मिलकर भारत में एक अत्याधुनिक केंद्रीकृत अकादमी स्थापित करने की कगार पर हैं, जिसमें आर्सेन वेंगर मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। मुझे यकीन है कि उनके अनुभव और हमारी मेहनत के साथ हम भारत के लिए भविष्य के सितारे तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। उम्मीद है कि वेंगर सितंबर में एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करेंगे। डॉ. प्रभाकरन ने कहा, हम इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए आर्सेन वेंगर का भारत में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत में विशिष्ट खिलाड़ियों के विकास पर उनका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा।

वह एक प्रेरक व्यक्ति हैं, और उनकी भागीदारी के साथ हम लाखों युवाओं को उत्साहित कर सकते हैं जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

# दीपक पुनिया नहीं लेंगे विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा

**नई दिल्ली** 19 अगस्त (वार्ता) टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन दीपक पूनिया ने सर्बिया के बेलग्रेड में आगामी विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023, 16 से 24 सितंबर तक आयोजित की जाएगी और यह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए पहली क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है।

बजरंग पुनिया (65 किग्रा) और दीपक पूनिया (86 किग्रा) 25 और 26 अगस्त को एनआईएस पटियाला में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए सेलेक्शन ट्रायल में हिस्सा नहीं लेंगे। कैंप की तारीखें और टूर्नामेंट की तारीखें एक साथ होने के कारण दोनों भारतीय पहलवानों ने प्रतियोगिता से बाहर होने का विकल्प चुना है।

एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बजरंग पुनिया ने एशियाई खेल 2023 की तैयारियों को लेकर 21 अगस्त से 28 सितंबर तक किर्गिस्तान के इज़्सिक-कुल में 39 दिवसीय ट्रेनिंग कैंप का प्रस्ताव रखा है। इस बीच, दीपक पूनिया 23 अगस्त से 28 सितंबर तक 35 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के लिए रूस के खासाव्युर्ट जाएंगे।



इस प्रस्ताव के अनुसार, 29 वर्षीय बजरंग पुनिया के साथ उनके कोच सुजीत मान, फिजियोथेरेपिस्ट अनुज गुप्ता और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग स्पेशलिस्ट काज़ी हसन होंगे, जबकि दीपक पूनिया अपने कोच कमल मलिकोव और फिजियोथेरेपिस्ट शुभम गुप्ता के साथ यात्रा करेंगे।

बजरंग पुनिया और दीपक पूनिया ने सितंबर-अक्टूबर में पिपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में होने वाले एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय कुश्ती दल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। अपने भार वर्ग के मैजूदा एशियाई खेल चैंपियन बजरंग पुनिया ने हांगझोऊ गेम्स के चयन ट्रायल में भी हिस्सा नहीं लिया था इसके बावजूद उन्हें भारतीय टीम में सीधे एंट्री मिल गई थी, लेकिन चार बार के विश्व चैंपियन को बेलग्रेड मीट के लिए डारेक्ट एंट्री नहीं मिली। इस बीच दीपक पूनिया ने नई दिल्ली में आयोजित एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी जगह सुनिश्चित की। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2023 में 90 ओलंपिक कोटा उपलब्ध होंगे।

## सार संक्षेप

### ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया : बुमराह

**डबलिन।** आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार को अपने वापसी मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कहा कि उन्हें ऐसा नहीं लगता कि उन्होंने बहुत कुछ मिस किया है या वह पूरी तरह से कुछ नया करने की कोशिश कर रहे हैं। अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी पर युवा भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए, बुमराह ने बेहतरीन शुरुआत की और पारी के पहले ही ओवर में विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 2 विकेट लिए। मैच के बाद बुमराह ने कहा, बहुत अच्छा लगा, मैंने एनसीए में इतने सारे सत्र किए, ऐसा नहीं लगा कि मैंने बहुत कुछ मिस किया या कुछ नया कर रहा हूं। स्टाफ को क्रेडिट दूंगा, उन्होंने मुझे अच्छे तरीके से रखा। नर्वस नहीं हूं लेकिन बहुत खुश हूं। बुमराह के अलावा, नवोदित प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर रवि बिश्नोई ने भी 2-2 विकेट लिए, जिससे भारत ने आयरलैंड को 139/7 पर रोक दिया। जवाब में, यशस्वी जयसवाल और रुतुराज गायकवाड़ ने ठोस शुरुआत की। लेकिन आयरलैंड ने वापसी की और क्रेग यंग ने जयसवाल और तिलक वर्मा को आउट कर दिया। फिर, 6.5 ओवर के बाद बारिश शुरू हो गई। उस समय भारत का स्कोर 47/2 था, जो डीएलएस स्कोर से दो रन आगे था।

### धोनी और युवराज की तरह एक शानदार फिनिशर बन सकते हैं रिंकू सिंह : किरण मोरे

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज किरण मोरे का मानना है कि अनकैप्ड बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह में महान बल्लेबाजों एमएस धोनी और युवराज सिंह की तरह एक शानदार फिनिशर बनने की क्षमता है। रिंकू ने आईपीएल 2023 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए फिनिशर के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें सबसे उल्लेखनीय क्षण था जब उन्होंने अहमदाबाद में मैच की आखिरी पांच गेंदों पर गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज यश दयाल को पांच छक्के लगाकर एक असंभव जीत हासिल की। कुल मिलाकर, रिंकू ने टूर्नामेंट में 14 मैचों में 149.53 की स्ट्राइक रेट से 474 रन बनाए, जहां वह केकेआर के लिए नामित फिनिशर थे। टूर्नामेंट के आखिरी पांच ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए उनका स्ट्राइक-रेट 186.66 तक पहुंच गया, जो प्रतियोगिता में किसी भारतीय बल्लेबाज के लिए सबसे अच्छा है। मोरे ने जियो सिनेमा से बातचीत में कहा, मैं भारतीय टीम में उनके मौके का इंतजार कर रहा हूं। और वह बल्लेबाजी की स्थिति, नंबर 5 और 6 की, वह उस स्थान पर अच्छा प्रदर्शन करेगा और एक शानदार फिनिशर बन सकता है। हम सभी ने एमएस धोनी और युवराज सिंह को देखा है।

# स्वीडन ने ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल किया

**ब्रिस्बेन** (ऑस्ट्रेलिया), 19 अगस्त (एजेंसियां)। स्टार फॉरवर्ड फ्रिडोलिना रॉल्फो ने ऑस्ट्रेलिया को परेशान करना जारी रखा, उन्होंने एक स्कोर किया और दूसरा सेट किया, जिससे स्वीडन ने शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया पर 2-0 से अच्छी जीत के साथ फीफा महिला विश्व कप में तीसरा स्थान हासिल किया। रोल्फ़ो ने 30वें मिनट में पेनल्टी के ज़रिए गोल किया और फिर कोसोवरे असलानी ने गोल किया जिससे स्वीडन ने तीसरे स्थान का प्ले-ऑफ़ जीत लिया। रॉल्फो ने 2020 महिला ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में दो बार और एक बार फिर उस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्कोर किया। वह शनिवार को एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया के लिए परेशानी का सबब बनीं।



असलानी की दूसरे हाफ में की गई शानदार स्ट्राइक से मिली जीत ने स्कैंडिनेवियाई लोगों के चार फीफा महिला विश्व कप कांस्य-पदक प्लेऑफ़ में उल्लेखनीय 100 प्रतिशत रिकॉर्ड को बरकरार रखा और उन्हें पांचवां पोडियम फिनिश दिलाया - केवल संयुक्त राज्य अमेरिका (8) के बाद दूसरा। यह मटिल्डा के लिए एक यादगार अभियान का दुखद अंत भी प्रदान करता है, जो वैश्विक फाइनल में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को बढ़ाने और ब्रिस्बेन में उच्च स्थान पर रहने की उम्मीद कर रहे थे। हालाँकि, मैच का रुख शुरुआती मिनट में ही तय हो गया था, जब स्वीडन ने लीड-फुटेड ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदते हुए स्टिना ब्लैकस्टेनियस को दाहिने पैर से शॉट लगाने के लिए उकसाया, जिससे मैकेंज़ी अर्नोल्ड को एक बेहतरीन बचाव करना पड़ा। यह उस टीम के लिए कई अवसरों में से पहला था जो पूरी तरह से तरोताजा और तेज दिख रही थी, और इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं थी जब स्वीडन आधे घंटे के निशान पर आगे बढ़ गया। क्लेयर हंट ने बॉक्स के अंदर स्टिना ब्लैकस्टेनियस की एड़ी को चोट पहुंचाई - इसकी पहचान वीएआर समीक्षा के बाद की गई - जिससे स्वीडन को पेनल्टी मिली और, गेममैनशिप में ऑस्ट्रेलिया के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, रॉल्फो ने बाएं पैर से पेनल्टी को नीचे और दाईं ओर जोर से भेजा। मटिल्डा के पास कुछ पल थे, और ज़ेसीरा मुसोविक को हेले रासो और बाद में, सैम केर के शक्तिशाली प्रयासों को रोकने के लिए दो बार बुलाया गया था।

## वॉलीबॉल वैगनर मेमोरियल में स्लोवेनिया ने पोलैंड को हराया

**वारसॉ,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। स्लोवेनिया की वॉलीबॉल टीम ने शुक्रवार को ह्यूबर्ट वैगनर मेमोरियल के उद्घाटन मैच में पोलैंड पर सीधे सेटों में 25-21, 25-18, 25-21 से जीत हासिल की। पोलैंड के क्राको में खेली जा रही प्रतियोगिता में स्लोवेनिया के क्लेमेन सेबुलज और रोक मोज़िक ने अपनी टीम के लिये 17-17 अंक जुटाये जबकि लुकाज़ कैक्ज़मरेक ने पोलैंड के लिए 10 अंक हासिल किये।

मेहमान टीम ने खेल में बेहतरीन शुरुआत की और स्कोरबोर्ड पर 9-5 की बढ़त बना ली। निकोला ग्रबिक के नेतृत्व वाली टीम ने अंतर को कम करके 17-16 कर दिया, लेकिन सेबुलज ने प्रभावी ढंग से स्पाइक किया और मोज़िक ने एक ऐस देकर स्कोर 25-21 कर दिया। थोड़े से ब्रेक के बाद भी स्लोवेनिया ने खेल पर नियंत्रण कर लिया और तेज़ पलटवार को अंकों में बदल दिया। ग्रेगर रोप्रेट ने 25-18 के साथ दूसरा सेट समाप्त किया। तीसरे सेट में पोलैंड अच्छा जवाब नहीं दे सका. हालाँकि उन्होंने दो मैच पॉइंट बचाए, लेकिन टाइन उरनॉट ने स्लोवेनिया की जीत पक्की कर दी।

शनिवार को पोलैंड का सामना फ्रांस से होगा वहीं स्लोवेनिया का मुकाबला इटली से होगा। वैगनर मेमोरियल को दुनिया का सबसे बड़ा वॉलीबॉल मैत्रीपूर्ण टूर्नामेंट माना जाता है।

# भारत के भावी शतरंज खिलाड़ियों पर मंडरा रहा है सवालिया निशान

**चेन्नई,** 19 अगस्त (एजेंसियां) भले ही आर. प्रगनानंद (ईएलओ रेटिंग 2,707), डी. गुकेश (2,751), अर्जुन एरिगैसी (2,704) और निहाल सरीन (2,684) जैसे युवा भारतीय शतरंज ग्रैंडमास्टर वैश्विक स्तर पर हैं, क्या वे आगे बढ़ रहे हैं? आने वाले दशकों में क्या वे भारत के शतरंज का बोझ उठा पाएंगे। भारत के युवा खिलाड़ियों के अगले समूह के बारे में क्या? और वे कहाँ हैं? नीदरलैंड में हाल ही में संपन्न फिडे वर्ल्ड यूथ अंडर-16 ओलंपियाड के नतीजों ने इन सवालों को खोल दिया क्योंकि भारतीय टीम शीर्ष 10 में शामिल नहीं थी। 16वीं वरीयता प्राप्त भारत अंत में 15वें स्थान पर आया। दूसरी ओर, दूसरी वरीयता प्राप्त चीन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि तुर्की और आर्मेनिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

मजे की बात यह है कि विश्व जूनियर्स की शीर्ष 10 सूची में कोई भी युवा चीनी खिलाड़ी शामिल नहीं है, जबकि भारत के गुकेश, प्रगनानंद, एरिगैसी और सरीन क्रमशः दूसरे, चौथे, पांचवें और सातवें स्थान पर हैं। तो तार्किक परिणाम यह है कि भारत के पास मजबूत युवा उभरते शतरंज खिलाड़ियों की एक श्रृंखला होनी चाहिए। जीएम प्रवीण थिप्से ने बताया, दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि अधिकांश प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के माता-पिता राष्ट्रीय चैंपियनशिप, एफआईडीई कार्यक्रमों और एफआईडीई कैलेंडर पर होने वाले अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के महत्व के मामले में अनपढ़ हैं।

थिप्से के अनुसार, माता-पिता और कोच ऐसे टूर्नामेंटों का चयन करके अपने बच्चों के करियर की कब्र खोदते हैं जिनका कोई वास्तविक महत्व नहीं है। थिप्से ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि क्या सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ियों ने यूथ ओलंपियाड में भाग लिया था क्योंकि टीम को 16वीं वरीयता दी गई थी।



यह पूछे जाने पर कि क्या उभरते हुए भारतीय खिलाड़ी केवल अपनी रेटिंग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, थिप्से ने कहा कि उनका ध्यान आसानी से जीएम खिताब हासिल करने पर है। इसके बाद, यह बिना किसी विशिष्ट योजना या लक्ष्य के बस एक औचक मार्ग है। थिप्से ने कहा, सिर्फ यह कहना कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं काफी नहीं है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ), राज्य और जिला शतरंज संघों को केवल आधिकारिक आयोजनों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, आधिकारिक श्रेणियों जैसे अंडर-7 से अंडर-25 ओपन टूर्नामेंट का उचित संचालन करना चाहिए।

इसके बजाय, जमीनी स्तर से भी आधिकारिक आयोजनों और चयनों की संख्या कम होती जा रही है। तमिलनाडु में इवांस शतरंज क्लब, नागरकोइल के सचिव जे. जीवन कुमार ने आईएएनएस को बताया, जिला संघ चयन छोड़ रहे हैं और अधिक लाभ कमाने वाले गैर-आधिकारिक कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं और निजी टूर्नामेंट आयोजकों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

कुमार ने आगे कहा कि आयु-समूह टूर्नामेंट अलग-अलग तिथियों पर अलग-अलग आयोजित किए जाने चाहिए ताकि एक अंडर-7 खिलाड़ी उच्च आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर सके और अनुभव प्राप्त कर सके।

# देश

**उवाच**

आजादी की 76वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन एक निराशाजनक चुनावी भाषण था। भ्रष्टाचार और वंशवाद की राजनीति पर उन्होंने वही पुरानी उबाऊ किस्म की बयानबाजी की।

**-दीपंकर भट्टाचार्य,भाकपा-माले के महासचिव**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 29.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 28.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# मणिपुर में हर गुजरते दिन के साथ बढ़ रहा अविश्वास : येचुरी

**अगरतला/इंफाल,**19 अगस्त (एजेंसियां)। माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर में तीन राहत शिविरों का दौरा किया और शुक्रवार को राज्यपाल अनुसुईया उइके से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मणिपुर में स्थिति चिंताजनक है क्योंकि हर गुजरते दिन के साथ अविश्वास बढ़ रहा है। राज्य में बीरेन सिंह सरकार शांति लाने के बजाय सामान्य स्थिति बहाल करने में कोई स्पष्ट कदम उठाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह कहा गया था कि केंद्र मणिपुर में स्थिति की निगरानी करेगा लेकिन जमीनी हकीकत बहुत अलग है। इस्तीफे के अपने बहुप्रचारित नाटक के बाद अपरिहार्य हो चुके बीरेन सिंह आज तक इस शो को चला रहे हैं।

**■ माकपा ने की मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की मांग**

येचुरी ने कहा कि हम मणिपुर में भाजपा नीत सरकार को बर्खास्त करने की मांग नहीं करते बल्कि बीरेन सिंह को तत्काल हटाने की मांग करते हैं। त्रिपुरा भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुब्रत चक्रवर्ती ने जितेंद्र चौधरी के आरोपों को खारिज किया और कहा कि मणिपुर में धीरे-धीरे शांति लौटेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और मणिपुर सरकारें पूर्वोत्तर राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने की कोशिश कर रही हैं। भले ही छिटपुट घटनाओं की सूचना मिल रही है, लेकिन समग्र स्थिति में सुधार हुआ है। माकपा का



**राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने में कोई स्पष्ट कदम उठाने में विफल रही राज्य सरकार : सीताराम येचुरी**

प्रतिनिधिमंडल संकटग्रस्त जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए अब राज्य का दौरा कर रहा है। गौरतलब है कि मणिपुर में तीन मई से जारी हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। लगभग 160 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है तो वहीं 60 हजार से अधिक लोगों ने दूसरे स्थानों पर शरण ली है। अभी तक यह संघर्ष मैतेई और कूकी समुदाय के लोगों के बीच में है। अब इसमें जबरन हैड हंटर यानी नगाओं की एंट्री कराने की कोशिश हो रही है। सुरक्षा बलों के एक अधिकारी के मुताबिक, मणिपुर में नगा बाहुल्य क्षेत्रों के निकट ऐसी वारदात करने के प्रयास हुए हैं कि जिससे नगा समुदाय भी थर्ड फ्रंट के तौर पर हिंसा में कूद पड़े। कुछ ऐसे प्रयास भी हो रहे हैं कि जिससे कूकी और नगा समुदाय के बीच दूरी बढ़ जाए। एक दिन पहले ही उखरुल जिले के गांव थौवाई कुकी में तीन ग्राम रक्षकों को मार दिया गया।

### मणिपुर में संघर्ष भाजपा-आरएसएस की रणनीति का हिस्सा : माकपा

माकपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र चौधरी ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की शनिवार को मांग की। त्रिपुरा इकाई के महासचिव और माकपा प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा चौधरी ने आरोप लगाया कि पूर्वोत्तर राज्य में जातीय हिंसा भाजपा-आरएसएस की देशभर के लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, भाजपा ने माकपा नेता के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि राज्य शांति के रास्ते पर है। चौधरी ने बताया कि हम मणिपुर में संघर्ष को एक अलग स्थिति के रूप में नहीं देखते हैं, बल्कि भाजपा-आरएसएस की अखिल भारतीय रणनीति के हिस्से के रूप में देखते हैं, जो लोगों के बीच विभाजन पैदा करने और उन पर शासन करने के लिए अविश्वास पैदा करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं हर जगह हो रही हैं।

## कश्मीर के मुख्य सचिव को एनएचआरसी ने किया तलब

**श्रीनगर,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आतंकवाद से पीड़ित की याचिका पर अगले महीने आयोग के समक्ष पेश होने




के लिए जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव को समन जारी किया है। आयोग की ओर से एनएचआरसी के सहायक रजिस्ट्रार (कानून) देबिंद्र कुंद्रा ने नोटिस जारी किया। वर्ष 2020 में प्रसिद्ध कश्मीरी पंडित लेखक और कवि सर्वानंद कौल प्रेमी के पुत्र राजिंदर प्रेमी ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, जिनकी अप्रैल 1990 में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी।

शिकायत प्रथम जम्मू-कश्मीर राज्य मानवाधिकार आयोग की डिवीजन बेंच के फैसले के कार्यान्वयन में देरी को लेकर, जम्मू-और कश्मीर राज्य में आतंकवाद प्रभावित परिवारों की दुर्दशा के प्रति सरकार की उदासीनता के संबंध में थी। आयोग ने पाया कि निर्देश के बावजूद प्रदेश के मुख्य सचिव अभी तक अतिरिक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं।

# मध्य प्रदेश में फिर सत्ता में काबिज होने की तैयारी में जुटी भाजपा

**भोपाल**,19 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में फिर से सत्ता में काबिज होने के लिए आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीजेपी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। इसकी जिम्मेदारी खुद राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल यानी 20 अगस्त को ग्वालियर आ रहे हैं, जहां वह प्रदेश कार्यसमिति की अंतिम बैठक में शामिल होंगे।



**■ ग्वालियर में आयोजित कार्यसमिति की बैठक में शामिल होंगे अमित शाह**

प्रदेश कार्य समिति की यह बैठक ग्वालियर में जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित की जा रही है जिसको लेकर तैयारियां पूरी ली गई हैं। प्रदेश कार्य समिति की बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ-साथ सीएम शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र, यादव अश्विनी कुमार, नरेंद्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया शामिल होंगे। इसके साथ ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश के सभी मंत्री, प्रदेश के सभी सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष मौजूद रहेंगे। वहीं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य निगम बोर्ड और प्राधिकरण के चेयरमैन को भी इस बैठक में शामिल होने के लिए बुलाया है।

**12 सौ से अधिक पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे**

रविवार को ग्वालियर में होने वाली भाजपा की प्रदेश कार्य समिति की इस बैठक में लगभग 1200 से अधिक पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। वहीं दूसरी ओर भाजपा प्रदेश महामंत्री भाजपा भगवान दास सबनानी ने बताया है कि 2030 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जनता का आशीर्वाद लेकर बड़े जनादेश के साथ फिर से सत्ता में आए इसको लेकर यह बैठक आयोजित की जा रही है। इसको लेकर हमारी प्रदेश का नेतृत्व केंद्र के नेतृत्व के आदेश पर पूरे परिश्रम के साथ जुड़ा हुआ है।

### गुटबाजी से केंद्रीय नेतृत्व काफी परेशान

वहीं, चुनाव से पहले ग्वालियर चंबल अंचल में भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के कई मायने निकाले जा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण है कि पूरे प्रदेश भर में ग्वालियर चंबल अंचल में बीजेपी में कितनी गुटबाजी देखने को मिल रही है, जिसके कारण केंद्रीय नेतृत्व भी काफी परेशान है। यही कारण है कि ग्वालियर चंबल अंचल में महाराज भाजपा और नाराज भाजपा के बीच चल रही गुटबाजी को कम करने के लिए प्रदेश के सभी पदाधिकारी यहां पर शामिल हो रहे हैं, ताकि विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य कर सकें।

## सार संक्षेप

### एसआईयू ने कश्मीर के अवंतिपोरा में की छापेमारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) ने शनिवार को आतंकवाद से संबंधित एक मामले में अवंतिपोरा उप-जिले में छापेमारी की। एसआईयू ने इस साल सरकारी रेलवे पुलिस अवंतिपोरा द्वारा दर्ज मामले के सिलसिले में वोपलवान गांव में छापेमारी की और बाद में इस मामले को जांच के लिए ले लिया। उन्होंने अवंतिपोरा के वोपलवान निवासी आरोपी शेख सयुरल निसार के आवास पर छापेमारी की और उचित मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) का पालन किया गया।

### बेंगलुरु में ट्रेन के दो डिब्बों में लगी आग

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में केएसआर बेंगलुरु सिटी रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन के दो वातानुकूलित डिब्बों में शनिवार की सुबह आग लग गई, इस हादसे में हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। दक्षिण-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनीश हेगड़े ने बताया कि आग लगने की घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकलकर्मी सुबह 07:35 बजे मौके पर पहुंचे और आग पर काबू लिया।

### बिहार में बस ने ऑटो को मारी टक्कर, चार की मौत

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया जिले के के नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक बस और ऑटो की हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एक बस पूर्णिया से धमदाहा की और जा रही थी। इसी दौरान एथेनॉल फैक्ट्री के पास चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और विपरीत दिशा से आ रहे एक ऑटो को टक्कर मार दी। आमने -सामने की हुई इस टक्कर में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। नगर थाना के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि पूर्णिया-धमदाहा रोड पर घटी इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक ने इलाज के क्रम में अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### मच्छर भगाने वाली मशीन के कारण लगी आग

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई में एक दर्दनाक हादसा हो गया। चेन्नई के मनाली इलाके के एक घर में मच्छर भगाने वाली मशीन से कथित तौर पर लगी आग के बाद एक बुजुर्ग महिला और उसकी तीन पोतियों की दम घुटने से मौत हो गई। घर से धुंआ निकलता देख आग की खबर पुलिस को दी गई। पुलिस जल्द ही मौके पर पहुंच गई और जब घर में देखा कि चार लोग बेहोश पड़े हैं जिनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने मृत लाया गया घोषित कर दिया। तीनों बच्चियां दादी के घर रात में सोने आई थीं क्योंकि उनकी मां अस्पताल में भर्ती पिता की देखभाल के लिए वहां रुकी थी।

## नूंह की तरह मप्र में भी दंगा कराने की तैयारी में भाजपा : दिग्विजय



**भोपाल,**19 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के काउनडाउन के साथ ही प्रदेश की सियासत भी तेज होती जा रही है। शनिवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया।

सिंह ने कहा कि भाजपा की तैयारी नूंह की तरह ही मध्य प्रदेश में दंगा कराने की है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के विधि एवं मानव अधिकार प्रकोष्ठ के कार्यक्रम में कहा कि अब मुझे जानकारी मिल रही है कि जिस प्रकार से नूंह में हरियाणा में इन लोगों ने दंगा करवाया था, उस तरह के दंगे कराने की योजना है। क्योंकि भाजपा इस बात को समझती है कि आज हमारे खिलाफ भ्रष्टाचार, मिस्टर 50 प्रतिशत की जनता में नाराजगी है।

**■ कांग्रेस नेता ने भाजपा पर लगाया बड़ा आरोप**

अभी आप देख लीजिए बैरागढ़ में एक एलिवेटेड ब्रिज बनने वाला है, जिसका अभी ठेकेदार तय नहीं हुआ है। इसके पहले ही ठेकेदार ने मिट्टी का परीक्षण शुरू कर दिया। यानी कि उसकी कमीशन फिक्स हो गया है। ताकि आचार संहिता से पहले उसको एडवांस देकर कमीशन फिक्स हो जाए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि साथियों मैं आपसे कहूंगा कि हमें मजबूती से यह लड़ाई लड़नी पड़ेगी। साथ ही हमें यह देखना होगा कि एमपी/एमएलए कोर्ट में कौन जज बैठता है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। वहीं, दिग्विजय सिंह के बयान पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह का इतिहास रहा है कि वो खुद माहौल बनाते है। दंगे कराना और आपस में लड़ाना यह कांग्रेस की नीति रही है।

# उदयपुर में सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे ओम बिरला

**नई दिल्ली**,19 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के 9वें सम्मेलन का आयोजन राजस्थान के उदयपुर में 21-22 अगस्त 2023 को होने जा रहा है। उदयपुर में होने जा रहे इस नौवें सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सोमवार को करेंगे और समापन भारत के उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के समापन भाषण के साथ 22 अगस्त को होगा।

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र भी समापन सत्र में विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष सीपी जोशी, सीपीए मुख्यालय के चेयरपर्सन इयान लिडेल-ग्रेंजर एवं भारत के सांसदों के अलावा राजस्थान के कई विधायक भी इस दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय डिजिटल युग में लोकतंत्र और सुशासन को सुदृढ़ करना रखा गया है। सम्मेलन के दौरान, राज्य विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी- सभापति और अध्यक्ष तथा उपसभापति और उपाध्यक्ष-



**■ कल होगा सम्मेलन का आयोजन**
**■ डिजिटल युग में लोकतंत्र व सुशासन को सुदृढ़ करना सम्मेलन का मुख्य विषय**

डिजिटल सशक्तिकरण के माध्यम से सुशासन को प्रोत्साहित करने में जन प्रतिनिधियों को और अधिक प्रभावी एवं कुशल बनाने के तौर-तरीकों और लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्र को सुदृढ़ करने में जन प्रतिनिधियों की भूमिका पर विचार मंथन करेंगे।

सम्मेलन का समापन मंगलवार, 22 अगस्त, को भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समापन भाषण के साथ होगा।

## बिहार पत्रकार हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**अररिया,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के अररिया जिला के रानीगंज में शुक्रवार को एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक विमल के पिता हरेन्द्र प्रसाद सिंह के बयान के आधार पर रानीगंज थाना में इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दर्ज प्राथमिकी में 8 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 8 नामजद आरोपियों में से शुक्रवार की रात 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों में भरगामा थाना के भरना निवासी विपिन यादव, रानीगंज के बेलसारा निवासी भवेश यादव और आशीष यादव तथा रानीगंज थाना के कोशिकापुर निवासी उमेश यादव शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि नामजद आरोपियों में से दो आरोपी रूपेश यादव फिलहाल सुपौल जेल में तथा कांति यादव अन्य मामलों में अररिया जेल में बंद है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जेल में बंद आरोपियों को भी पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की योजना बना रही है। अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की सुबह रानीगंज के प्रेम नगर स्थित आवास से पत्रकार विमल को अपराधियों ने घर से बुलाया।

# झारखंड में नौ महीने की बच्ची में एवियन फ्लू की हुई पुष्टि



**■ स्वास्थ्य विभाग ने जिलों के डीसी व सिविल सर्जन को किया अलर्ट**

**रांची,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के रामगढ़ जिले की रहने वाली नौ महीने की एक बच्ची में एवियन फ्लू (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। उसका इलाज रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स में चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। यह मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के डीसी और सिविल सर्जन को अलर्ट किया है। इसे लेकर एडवाइजरी भी जारी की गई है। हालांकि, इसके अलावा पूरे राज्य में फिलहाल कहीं बर्ड फ्लू या एवियन फ्लू का केस सामने नहीं आया है। रिम्स के डायरेक्टर डॉ.राजीव गुप्ता ने बताया कि रामगढ़ के संदवाडीह गांव की रहने वाली बच्ची को इलाज के लिए रिम्स लाया गया था।

### तीन माह पहले पक्षियों में बर्ड फ्लू आए थे मामले

बता दें कि करीब तीन माह पहले झारखंड में पक्षियों में बर्ड फ्लू (एच5एन2) के कई मामले सामने आए थे। इसके बाद राज्य के कई इलाकों में चिकेन की बिक्री पर रोक लगा दी गई थी। बाद में हालात नियंत्रित होने पर रोक हटाई गई थी। इसकी रोकथाम को लेकर झारखंड के स्वास्थ्य विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। सभी जिलों के सिविल सर्जन को एक्टिव सर्विलांस शुरू करने, स्क्रीनिंग तथा टेस्टिंग के निर्देश दिए हैं। इसके तहत इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस तथा एक्यूट रेस्पिरेट्री इलनेस के सभी मरीजों की आरटी पीसीआर जांच होगी।

## भारी बारिश से पहाड़ पर हालात भयावह



**चमोली,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। भारी बारिश से उत्तराखंड के मैदान से लेकर पहाड़ तक हर ओर सिर्फ तबाही के ही मंजर देखने को मिल रहे हैं। मैदान जहां बाढ़ जैसे हालातों से जूझ रहा हैं, वहीं पहाड़ पर अतिवृष्टि और आपदा से हालात भयावह बना हुआ है। सड़कें टूटी हैं। पहाड़ दरक रहे हैं। मोटरपुल से लेकर पुलिया इस भयावह आपदा की चपेट मे बह गये हैं। लोग डर के साये जी रहे हैं।

आमजन का जीवन दुष्कर हो चला है। कुलिंग और वाण के बीच 100 मीटर से अधिक सड़क वाश आउट हो गई। प्रशासन की मुस्तैदी और उपजिलाधिकारी थराली रविन्द्र जुवाठा के नेतृत्व में जिला आपदा रेस्क्यू फोर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद यहां पर लोहे के पोल डालकर आवाजाही योग्य बनाया। इस घटना को लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि पहाड़ मे आपदा के बाद किस तरह जन सामान्य को मुसीबतो का सामना करना पड़ रहा है।

# तमिलनाडु में एक और अभ्यर्थी ने की आत्महत्या

**चेन्नई,** 19 अगस्त (एजेंसियां)। चेन्नई के क्रोमपेट में एक 19 वर्षीय छात्र ने 12 अगस्त को आत्महत्या कर ली। जगदीश्वरन ने कक्षा 10 और कक्षा 12 में अच्छे अंक हासिल किए। जगदीश्वरन दूसरी बार नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी- नीट) पास नहीं कर सका। उसने तीसरे प्रयास के लिए एक ट्यूशन सेंटर में दाखिला लिया था। दुर्भाग्य से जगदीश्वरन ने आत्महत्या कर ली। उसका रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। इसके बाद जगदीश्वरन के पिता सेल्वासेकर, जो पेशे से एक फोटोग्राफर थे और एकल माता-पिता थे, उन्होंने खुद को फांसी लगा ली, क्योंकि वह अपने बेटे की मौत का दुख सहन नहीं कर सके। 2017 में नीट की शुरुआत के बाद से 20 से अधिक छात्रों ने नीट परीक्षा पास करने में असफल होने के बाद अपनी जान दे दी है।



**■ राज्य में नीट की राजनीति गरमाई**

तमिलनाडु विधानसभा ने राज्य में एनईईटी (नीट) पर प्रतिबंध लगाने वाले दो विधेयक पारित किए हैं, और मेडिकल प्रवेश के लिए क्वालीफाइंग प्लस टू परीक्षा में अंकों को मानदंड बनाया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि द्वारा पहले विधेयक को खारिज करने के बाद विधानसभा ने राज्य में एनईईटी को खत्म करने वाला एक और विधेयक पारित किया, जिसे राज्यपाल ने सहमति के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा था।

**राजनीति** | *कर्नाटक में धूमिल होती दिख रहीं भगवा पार्टी की संभावनाएं*

# भाजपा को 2024 से पहले सता रहा रिवर्स ऑपरेशन लोटस का डर

**बेंगलुरु, 19 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2024 के लिए चुनावी बिगुल फूंके जाने के बावजूद, कर्नाटक में भगवा पार्टी की संभावनाएं धूमिल होती दिख रही हैं, जिसे पार्टी के लिए दक्षिण भारत का प्रवेश द्वार माना जाता था। भाजपा की राज्य इकाई 10 मई को चुनाव नतीजे घोषित होने के तीन महीने बाद भी विधानसभा और विधान परिषद**

में विपक्ष के नेता की नियुक्ति का इंतजार कर रही है। कांग्रेस ऑपरेशन लोटस का बदला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसके माध्यम से भाजपा सबसे पुरानी पार्टी के नेतृत्व को हथिया कर राज्य में सत्ता में आई थी।

भाजपा नेतृत्व अपने नेताओं को अपने पाले में बनाए रखने के लिए पूरी कोशिश कर रहा है। उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है और कुछ भी स्थाई नहीं है। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस पार्टी ने भाजपा से नेताओं को तोड़ने के लिए एक खास टास्क दिया है। पार्टी ने 13 से 15 ऐसे प्रमुख नेताओं की पहचान की है जो अपने दम पर चुनाव जीत सकते हैं और उन्हें कांग्रेस में लाने की कोशिश हो रही है। अगर ऐसा हुआ तो भाजपा को बड़ा झटका लगेगा।



**■ विस चुनाव में हार के बाद आलाकमान अभी भी नेताओं से नाराज**

भाजपा के सूत्रों ने बताया कि विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आलाकमान अभी भी राज्य के नेताओं से नाराज है। कर्नाटक में अपनी सफलता से उत्साहित कांग्रेस ने यूपीए का एक नया वर्जन इंडिया लॉन्च किया है और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को चुनौती दे रहा है। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साध रहे हैं और उन्होंने लाल किले की प्राचीर से दिए गए स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान परिवार की राजनीति पर कटाक्ष करने के उनके प्रयास की आलोचना की। सिद्दारमैया ने यह भी घोषणा की है कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में 20 सीटें जीतेगी। सिद्दारमैया और डीके शिवकुमार के संयुक्त हमलों का मुकाबला करने के लिए कर्नाटक भाजपा में कोई आवाज नहीं है। कर्नाटक में भाजपा को सत्ता में लाने वाले पार्टी के पुराने योद्धा, पूर्व सीएम बीएस येदियुरप्पा कभी-कभार बयान देते हैं। कांग्रेस नेता बीजेपी को फटकार लगा रहे हैं क्योंकि राज्य विधानसभा के इतिहास में कभी भी कर्नाटक में विपक्ष के नेता के बिना बजट सत्र आयोजित नहीं किया गया है। कांग्रेस भाजपा के अंदरुनी कलह पर भी उंगली उठा रही है। राज्य के राजनीतिक हलकों में रिवर्स ऑपरेशन लोटस या ऑपरेशन हस्त की अफवाहें गर्म हैं। सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस भाजपा के बड़े नेताओं की हार सुनिश्चित करने के लिए नेताओं को खींचने की योजना बना रही है। सूत्रों ने कहा कि बेंगलुरु दक्षिण सीट से भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या को हराने के लिए कांग्रेस ने वरिष्ठ भाजपा नेता वी.सोमन्ना से संपर्क किया था।



पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न

# राजीव गांधी जी

(20 अगस्त 1944 - 21 मई 1991)

की जयंती 'सद्भावना दिवस'

पर सादर नमन

## किसानों, मजदूरों, ग्रामीणों व पशुपालकों को न्याय की राशि 2,055.60 करोड़ रुपये का अंतरण



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

### राजीव गांधी किसान न्याय योजना

**1,810 करोड़ रु का अंतरण**

24.3 लाख किसानों को अब तक
21,912 करोड़ रु की इनपुट सब्सिडी

### राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना

**168.63 करोड़ रु का अंतरण**

5.62 लाख हितग्राहियों को अब तक
758.03 करोड़ रु की आर्थिक सहायता

### राजीव युवा मितान क्लब

**66.21 करोड़ रु का अंतरण**

युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए
13,242 क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ रु प्रदाय

### गोधन न्याय योजना

**9.65 करोड़ रु का अंतरण**

महिला स्व-सहायता समूहों, गौठान समितियों और
ग्रामीणों को अब तक 551.31 करोड़ रु का भुगतान

### मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना गैर अनुसूचित क्षेत्र

**1.11 करोड़ रु का अंतरण**

स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए 6,111 ग्राम पंचायतों को
अब तक 6.11 करोड़ रु का भुगतान

## छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprvcg.gov.in


प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188